खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➝ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 03 दिसम्बर 2023 । वर्ष –68 । अंक –23 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.








## चार राज्यों के मतों की गिनती

# फैसला आज

- सुबह आठ बजे से मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में आने लगेंगे रूझान
- मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर, तेलंगाना में बीआरएस मुकाबले में

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में नई सरकार बनने वाली है। इन पांच राज्यों की 675 विधानसभा सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। रविवार को सिर्फ चार राज्यों के 635 सीटों पर ही वोटों की गिनती होगी। मिजोरम के उम्मीदवारों के फैसला अब 4 दिसंबर को होगा।

हिंदी प्रदेश के तीन राज्यों में 519 सीटों पर फैसला होना है। वोटों की गिनती रविवार सुबह सात बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने जाएंगे। इसके बाद सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम से मतगणना शुरू होगी।

17 नवंबर को मध्यप्रदेश की 230 सीटों पर वोटिंग हुई थी। सवाल यह है कि क्या कमलनाथ तीन साल पहले छीनी गई सत्ता दोबारा हासिल करेंगे या शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना उन्हें फिर से सीएम की कुर्सी सौंपेगी। विधानसभा चुनाव 2023 में मध्यप्रदेश की जनता ने 66 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। रूक्क में इस बार रेकॉर्ड 76.22 प्रतिशत मतदान हुआ। मल्हारगढ़, जावद, जावरा, शाजापुर, आगर मालवा, शुजालपुर, कालापीपल और सोनकच्छ में 85 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई। बंपर वोटिंग के बाद सरकार बदलने की चर्चा भी गरम रही।

30 नवंबर को आए एग्जिट पोल ने इशारा दिया कि मध्यप्रदेश में मामला एकतरफा नहीं है। कांग्रेस और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर है। ग्वालियर–चंबल संभाग की 34 सीटों के नतीजे 2018 की तरह नहीं होंगे। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इस बेल्ट में एकतरफा जीत मिली थी। तब कांग्रेस को 26 और बीजेपी को सिर्फ सात सीटें मिली थीं। 2018 के चुनाव के बाद कांग्रेस ने पहले सरकार बनाई थी, मगर 19 महीने बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के बाद सत्ता बदल गई थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर हुई थी। तब कांग्रेस को 40.89 फीसदी वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 41 फीसदी वोट मिले थे। इस बार मालवा और निमाड़ में भी बीजेपी फायदा मिल सकता है। शिवराज सिंह चौहान, नरोत्तम मिश्रा, कमलनाथ, जीतू पटवारी, नरेंद्र सिंह तोमर, रीति पाठक, गणेश सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।








## मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश डॉक्टर हामिद अहमद सिद्दीकी का इंतकाल

**भोपाल।** मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश मौलाना डॉक्टर हामिद अहमद सिद्दीकी का शनिवार को शाम करीब 8.15 बजे इंतकाल हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के लिए उन्हें निकटवर्ती मन्नूलाल जगन्नाथ ट्रस्ट अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम यात्रा के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं हो सका है।



## कश्मीर में इस साल नवम्बर व सितम्बर सबसे खूनी

**जम्मू।** इस साल अभी तक सितम्बर के साथ ही नवम्बरी का महीना सबसे खूनी दर्ज किया गया है। नवंबर महीने में 7 स्थानीय आतंकवादियों सहित सत्रह लोग मारे गए हैं। इससे पहले सितम्बर महीने में भी 17 मौतें कश्मीर ने देखी थी। सितंबर और नवंबर को छोड़कर, आतंक संबंधी घटनाओं के कारण हताहतों की संख्या 17 से नीचे दर्ज की गई। उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में जम्मू कश्मीर में 7 स्थानीय आतंकी, 2 गैर-स्थानीय आतंकी, 2 घुसपैठिए, 5 सैनिक और एक बीएसएफ जवान मारे गए। नवंबर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 5 मुठभेड़ें हुईं, जो शोपियां, समनु कुलगाम, कालाकोट राजौरी और अरिहाल पुलवाम के कैथोहलान इलाके में हुईं।

## मोदी छवि सुधारने के लिए ले रहे हैं सेल्फी का सहारा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी गिरती छवि के कारण परेशान हैं और 2024 के आम चुनाव उनकी परेशानी की सबसे बड़ी वजह है इसलिए सेल्फी का सहारा लेकर अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सेल्फी और सेल्फ के प्रति मुग्ध प्रधानमंत्री लोकसभा चुनावों से पहले बेहद असुरक्षित हैं। वह अपनी गिरती छवि को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा छवि बचाने के लिए सबसे पहले, सेना को सेल्फी पॉइंट स्थापित करने के लिए कहा गया था।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा–सुनती हो–** मतगणना आज है।

**चुहिया– हां प्रिये–** उम्मीद करो कि जनता के आदेश का पालन हर पार्टी ईमानदारी से करे और सरकार बनाने की जोड़–तोड़ में जनतंत्र को खतरे में न डाले।

## तमिलनाडु में ईडी अधिकारी 20 लाख की रिश्वत के साथ गिरफ्तार

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** तमिलनाडु सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) के अधिकारियों ने राज्य सरकार के एक कर्मचारी से 20 लाख रुपए की उगाही करने के आरोप में केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया और मदुरै में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

डीवीएसी अधिकारियों ने एक सरकारी डॉक्टर से रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में अंकित तिवारी को गिरफ्तार किया, जो आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोपी हैं। अधिकारियों ने उनकी कार से 20 लाख रुपए नकद जब्त किए, जो उन्हें कथित तौर पर रिश्वत के रूप में मिले थे। इसके बाद ईडी अधिकारी को पूछताछ के लिए डिंडीगुल स्थित वीएंडएसी कार्यालय ले जाया गया। बाद में उन्होंने शुक्रवार देर रात ईडी के मदुरै कार्यालय और उनके आवास पर तलाशी ली और कई अन्य दस्तावेज जब्त किए और बाद में अधिकारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तमिलनाडु में यह पहली बार है कि ईडी के किसी अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। डिंडीगुल के डॉ. सुरेश बाबू से मिली शिकायत के बाद वीएंडएसी ने गुरुवार को ईडी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

शिकायतकर्ता के अनुसार, वह डिंडीगुल के सरकारी अस्पताल में उपाधीक्षक के रूप में काम करता था। उनके खिलाफ 2018 में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति जमा करने का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले तिवारी ने उनसे संपर्क किया था और उन्हें आरोपों से मुक्त करने के लिए 3 करोड़ रुपए ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**महंगाई** | देश में सोना खरीदना हुआ मुश्किल

## सोने की कीमतें अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर

### 24 कैरेट सोने की कीमत 64,530 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंची

**मुंबई,(एजेंसियां)।** शादी के सीजन और कीमती धातु की बढ़ती वैश्विक दरों के बीच भारत में सोने की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। चेन्नई में सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 64,530 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता में कीमती धातु की कीमत 63,760 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी, जो पिछले दिन की तुलना में 810 रुपए अधिक थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतें सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार को हाजिर कीमतें 1.6 प्रतिशत बढ़कर 2,069.10 डॉलर प्रति औंस हो गईं। भारत बड़ी मात्रा में सोने का आयात करता है और बढ़ती वैश्विक कीमतों का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है। वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं क्योंकि प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में गिरावट जारी है और वर्तमान में यह तीन महीने के निचले स्तर के करीब है, जिससे अन्य विदेशी मुद्राओं में सोना खरीदना सस्ता हो गया है। ऐसी उम्मीदें भी बढ़ रही हैं कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में दरों में कटौती कर सकता है। कम ब्याज दरों की उम्मीद वित्तीय साधनों को सोने की तुलना में निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है, जिसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। शादी के मौसम के बीच घरेलू बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी हुई है क्योंकि दुल्हन और दूल्हे को बड़ी मात्रा में कीमती धातु उपहार में दी जाती है।



पतंजलि®



सांच को आंच क्या?
साइंटिफ़िक ट्रूथ ऑफ़ सस्टेनेबल हेल्थ

रोगों से पूर्णतः मुक्त हुए एक करोड़ से ज़्यादा पेशेन्ट्स का डाटाबेस, लाखों लोगों के सेल्फ एविडेंस, रियल वर्ल्ड एविडेंस और क्लीनिकल एविडेंस हमारे पास हैं, जिनको कोई झुठला नहीं सकता।

प्रश्नः क्या बी पी, शुगर, थायरॉइड, आर्थराइटिस व अस्थमा आदि रोगों को मात्र कन्ट्रोल ही किया जा सकता है या इन रोगों से पूर्णतः मुक्त होना सम्भव है?

उत्तरः हाँ एलोपैथी के मॉडर्न साइंस में ऐसा सिद्धांत और प्रॉब्लम है कि रोगों को कन्ट्रोल तो कर सकते है, क्योर की प्रक्रिया वहां नहीं है। क्योंकि दवा बनाने वाली कम्पनियों के पास अभी तक ऐसा रिसर्च या सॉल्यूशन नहीं है। लेकिन ये समस्या एलोपैथी की है। हमने योग, आयुर्वेद एवं नैचुरोपैथी के इंटिग्रेटेड ट्रीटमेन्ट से लाखों लोगों को बी पी, शुगर, थायरॉइड, आर्थराइटिस व अस्थमा आदि रोगों से पूर्णतः मुक्त किया है। इसके रियल वर्ल्ड एविडेंस और रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड साइंटिफ़िक, ऑथेन्टिक ट्रीटमेन्ट मेथड्स हमारे पास हैं, यही हमारी सनातन सांस्कृतिक, ज्ञान-विज्ञान, प्रज्ञान, अनुसंधान की विरासत है।

प्रश्नः क्या लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन, नर्वस सिस्टम, इंफर्टिलिटी और कैंसर जैसे रोगों का भी कोई साइंटिफिक, ऑथेंटिक, सस्टेनेबल व स्थाई समाधान सम्भव है?

उत्तरः मॉडर्न मेडिकल साइंस में लिवर, किडनी ट्रांसप्लान्ट, हार्ट सर्जरी, आईवीएफ तथा कैंसर में ऑपरेशन, रेडिएशन, कीमो थैरेपी आदि का प्रावधान है, जिनसे केवल आंशिक लाभ मिलता है। फेल हुए लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन के रोगियों को हमने योग, आयुर्वेद से पूर्णतः स्वस्थ किया है और लोगों को ट्रांसप्लांट, गैर जरूरी ऑपरेशन, गैर जरूरी दवाओं आदि से बचाया है। लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन आदि के सेल्स को और पूरे ऑर्गन्स को रिजुविनेट किया जा सकता है, साइंटिफिक रिसर्च के साथ हमने इंटरनेशल जनर्ल्स में 500 से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश कर के इस तथ्य को सत्यापित किया है।

पतंजलि के 3000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल व 500 से अधिक पब्लिश्ड रिसर्च पेपर देखने के लिए विज़िट करें: www.patanjali.res.in

सेल्फ-मेडिकेशन से बचें। रोगों के उपचार का पूरा लाभ पाने के लिए आप हमारे पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् आ सकते हैं या अपने लोकल पतंजलि सेन्टर में जाकर आप इनके उपचार के बारे में पूर्ण जानकारी ले सकते हैं।

बढ़ती हुई ठण्ड में अस्थमा, कफ़–कोल्ड आदि का स्थाई समाधान

आर्थराइटिस का स्थाई समाधान

बी पी, शुगर व लिवर की समस्याओं का स्थाई समाधान






PATANJALI® wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

समस्त असाध्य रोगों से स्थायी मुक्ति पाने के लिए एक बार 7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें

8954666111, 8954666222,8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)
या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com
यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ आ कर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

विशेषः पतंजलि का हेल्थ सेक्टर में बड़ा योगदान- टाईप 1 डायबिटिज, DMD, MND, SLE, MS, ऑटो इम्यून डिज़िज़, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस, लिवर, किडनी फेलियर, कैंसर जैसी बीमारियों से पूर्ण मुक्ति के लिए पतंजलि ने रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन तैयार कर के मानवता का बहुत बड़ा उपकार किया है।

'योग, आयुर्वेद, फूड–फास्टिंग एवं थेरेपीज़' इन चारों चीजों का पूरा पालन करेंगे तो सम्पूर्ण लाभ होगा।

विश्व के सबसे बड़े योग गुरु स्वामी रामदेव जी के साथ इंटीग्रेटेड योग प्रैक्टिस एवं सैकड़ों प्रकार की इंटीग्रेटेड थेरेपीज़ से रोगोपचार के बारे में लाइव देखें व सीखें।

आस्था LIVE प्रतिदिन सुबह 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 से 9:30 बजे
INDIA TV LIVE रोज सुबह 7:56 बजे

हमारी सभी औषधियाँ पतंजलि स्टोर्स, प्रमुख मेडिकल, आयुर्वेदिक और बड़े स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

ऊपर वर्णित दवा का उपयोग मात्र सुझाव है। उपर्युक्त रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इनका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।

# देश-विदेश

## अब मायावती ने की जातिगत जनगणना की मांग

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार से देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा कि संसद के आगामी चार दिसम्बर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक में बीएसपी ने सरकार से देश में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग पुनः की। सुश्री मायावती ने कहा, अब जबकि इसकी मांग देश के कोने-कोने से उठ रही है, केन्द्र सरकार द्वारा इस बारे में अविलम्ब सकारात्मक कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था से त्रस्त तथा जातिवादी शोषण-अत्याचार से पीड़ित देश के लोगों में जातीय जनगणना के प्रति जो अभूतपूर्व रुचि और जागरूकता है ।

### सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए 23 दल

# सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : जोशी

### संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी की विपक्ष से सदन चलने में सहयोग की अपील



**नई दिल्ली,देशबन्धु।** संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर शुरू होकर से 22 दिसम्बर तक चलेगा। यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। उससे पहले शनिवार को सरकार ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई गई।

संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद कहाकि सरकार सदन में सभी विषयों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस बैठक में 23 राजनीतिक दलों के 30 नेता शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की।

इस बैठक में राज्यसभा में भाजपा के नेता पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। जोशी ने कहाकि बैठक में सभी दलों से अनुरोध किया गया कि संसद में बहस के लिए उचित माहौल बनाए रखा जाना चाहिए। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बशर्ते चर्चा के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए। सरकार सदन में ढांचागत बहस की अपेक्षा रखती है।

जोशी ने कहाकि बैठक में कई तरह के सुझाव सामने आए। विपक्षी दलों की ओर से अल्पकालिक चर्चा और शून्यकाल को लेकर मांग की गई। उन्होंने कहाकि सरकार दोनों सदनों में शून्यकाल हमेशा से चलाती आ रही है। रही अल्पकालिक चर्चा तो इसके लिए नियमों के मुताबिक बहस का माहौल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहाकि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है।

पिछली बार भी जब विपक्ष ने मणिपुर पर चर्चा कराने की मांग कर नोटिस जारी किया था। उस समय भी सरकार चर्चा के लिए तैयार थी। बशर्ते नियमानुसार सभापति और लोकसभा अध्यक्ष से अनुमति लेनी होती है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के फौजिया खान, आरएसपी नेता एन के प्रेमचंद्रन सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**3 कानूनों में बदलाव व एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा**-शीतकालीन सत्र के दौरान आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट बदलने वाले तीन महत्वपूर्ण बिल पास करने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा एथिक्स कमेटी, जिसने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों की जांच की थी, सेशन के पहले दिन अपनी रिपोर्ट रखेगी।

# पुरानी पेंशन को लेकर 10 को फिर महारैली

### दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटेंगे सरकारी कर्मचारी, अभी तक इस मैदान पर हो चुकी हैं तीन रैलियां

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** 'पुरानी पेंशन' के मुद्दे पर केंद्र और राज्यों के सरकारी कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। दिल्ली का रामलीला मैदान, पुरानी पेंशन के लिए सरकारी कर्मियों की लड़ाई का गवाह बन रहा है। अभी तक इस मैदान पर तीन रैलियां हो चुकी हैं। अब दस दिसंबर को 'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के बैनर तले निर्णायक 'पेंशन जयघोष महारैली' आयोजित होगी। ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत पटेल का कहना है कि 'पेंशन जयघोष महारैली' एक निर्णायक रैली होगी। अगर उस समय तक केंद्र सरकार, पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है, तो उस रैली में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी।

**दस अगस्त को हुई थी पहली रैली**-नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दस अगस्त को केंद्र सरकार के कर्मियों की पहली रैली हुई थी। इसमें कई राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भी शिरकत की थी। 10 दिसंबर की रैली में भी केंद्र और राज्यों के कर्मचारी संगठन हिस्सा लेंगे।

लंबे समय से इस रैली की तैयारियां चल रही हैं। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के सदस्य डॉ. मंजीत बताते हैं कि दस दिसंबर की रैली में करीब डेढ़ दर्जन केंद्रीय संगठन और अनेक प्रदेशों की एसोसिएशन/फेडरेशन, शिरकत करेंगे। केंद्र सरकार के लिए यह रैली एक अल्टीमेटम है। अगर सरकार ने दिसंबर में ओपीएस बहाली को लेकर कोई पुख्ता घोषणा नहीं की, तो जनवरी 2024 से हड़ताल शुरू होगी। केंद्र सरकार की तरफ से जुलाई में ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन से सुझाव मांगे गए थे। सरकार को लिखित में सुझाव दिए गए।

**अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में हैं कर्मचारी**-'पुरानी पेंशन बहाली' की लड़ाई अब अंतिम दौर की तरफ बढ़ रही है। अगर सरकार, कर्मचारियों की इस मांग को नहीं मानती है, तो उस स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकती है। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा, अब स्ट्राइक बैलेट का नतीजा आ गया है। रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी, हड़ताल के पक्ष में है।

## महुआ के समर्थन में उतरी कांग्रेस

# अधीर रंजन ने आचार समिति के रवैए पर उठाए सवाल

- कांग्रेस नेता ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र
- दानिश अली ने आचार समिति की नोटिस पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने के मामले में आचार समिति द्वारा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। माना जा रही है कि सदन के बहुमत से महुआ की सदस्यता खत्म कर दी जाएगी। इससे पहले इस मामले में टीएमसी और कांग्रेस एक साथ आती नजर आ रही है। उन्होंने कहाकि नहीं लगता कि महुआ मोइत्रा ने कुछ गलत किया है। शनिवार को महुआ की सदस्यता खत्म करने को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को खत लिखकर आचार समिति के रवैए पर सवाल खड़ा कर दिया है। बिरला को लिखे चार पेज के पत्र में अधीर ने आचार समिति के रवैए पर सवाल खड़ा करते हुए संसदीय समितियों के नियमों व प्रक्रियाओं की समीक्षा की मांग की। उन्होंने कहाकि मानवाधिकार समिति और आचार समिति की भूमिका स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा अनैतिक व्यवहार क्या है,इसकी कोई विशिष्ट परिभाषा नहीं है। अधीर ने कहाकि पैसा मागने की घटना की जांच जारी है,लेकिन यह पूरी तरह से गोपनीय होनी चाहिए। यह बेहद संवेदनशील मामला है। लेकिन आचार समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने न सिर्फ इसे सार्वजनिक कर दिया बल्कि इस पर अपनी-अपनी राय भी दे डाली।

**पीड़ित को ही आरोपी बनाकर ध्यान भटकाने का हो रहा काम**-.बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को खत लिखकर आचार समिति की नोटिस पर आपत्ति जमाई है। इसमें उन्हें 7 दिसम्बर को समिति के सामने हाजिर होकर चंद्रयान-3 मिशन पर चर्चा के दौरान कथित कदाचार को लेकर मौखिक सबूत देने को कहा गया है। उन्होंने अपने खत में भाजपा सांसद रमेश बिधूडी द्वारा उनके खिलाफ की गई सांप्रदायिक टिप्पणी और भाजपा नेताओं द्वारा उनके खिलाफ की गई शिकायतों को समिति द्वारा एक साथ जोडे जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहाकि पीड़ित को ही आरोपी बनाकर मुख्य मामले से ध्यान भटकाने का दुखद प्रयास किया जा रहा है। उनका यह खत लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार और नैतिकता शाखा के एक अधिकारी के नोटिस के जवाब में था,जिसमें उन्हें 7 दिसम्बर को समिति के सामने हाजिर होने के लिए कहा गया है।

## तेज हवा व बारिश का अलर्ट जारी

# 5 दिसम्बर को आंध्र में तट से टकराएगा तूफान मिचौंग

### अगले 24 घंटे में चक्रवात का रूप ले लेगा, तमिलनाडु के कई जिलों में हो रही है बारिश



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है। मौसम विभाग ने बताया, 3 दिसंबर से तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा। उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। चक्रवात के असर से नागपट्टनम जिले के वेलानकन्नी बीच पर समुद्र 100 मीटर पीछे चला गया है, जहां किनारे की चौड़ाई बढ़ गई है।

वहीं, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। विशाखापत्तनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर के अनुसार 3 दिसंबर से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तट पर हवाएं और बारिश बढ़ जाएगी। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

**मुख्यमंत्री स्टालिन ने की समीक्षा बैठक**-तमिलनाडु में भारी बारिश की आशंका है। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 12 जिला प्रशासन प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम ने अधिकारियों को भारी बारिश से आगाह किया। उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

**समुद्र में न जाने की चेतावनी**-मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व के हिस्सों तथा दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में मछुआरों को मछली पकड़ने और किसी तरह के व्यापार से संबंधित काम के लिए न जाने की चेतावनी जारी की है।

## बांग्लादेश में 5.6 तीव्रता का भूकंप, लद्दाख तक कांपी धरती, 10 किमी के गहराई पर था केंद्र

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में आज (शनिवार 2 दिसंबर) सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, बांग्लादेश में आज (सुबह 9.05 बजे भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया है। भूकंप विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई है और इस भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर था। भूकंप का झटका इतना ज्यादा तेज था भारत में लद्दाख तक इसके झटके महसूस किए गए। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की जानकारी सामने नई आई।

# आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रवाद से समझौता नहीं : धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र की प्रगति में तेजी लाने के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यान माला-2023 में कहा 'एक आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का उदय' विषय पर कहा कि गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापार, उद्योग और व्यवसाय से आर्थिक राष्ट्रवाद को बनाए रखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री धनखड़ ने कहा कि लाभ के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इससे अर्थव्यवस्था को भारी उछाल मिलेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### तमिलनाडु में ईडी.....

की रिश्वत की मांग की थी। जब डॉक्टर ने बड़ी रकम देने से इनकार कर दिया, तो तिवारी ने उनसे 51 लाख रुपए देने के लिए बातचीत की। शिकायतकर्ता ने कहा कि 1 नवंबर को उसने तिवारी को 20 लाख रुपए नकद सौंपे थे। कांग्रेस ने तमिलनाडु में एक चिकित्सक से कथित रूप से 20 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए ईडी के अधिकारी को भाजपा पर हमला किया है। पार्टी ने तंज करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के सुपरस्टार प्रचारक एक बार फिर लड़खड़ा गए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और उन्हें राजनीतिक उपकरण की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि भाजपा के सुपरस्टार प्रचारकों में से एक इस बार तमिलानाडु में मुसीबत में हैं। कुछ सप्ताह पहले राजस्थान में एक ईडी के अधिकारी को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए दबोचा गया था।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा-गति शक्ति यूनिट**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई- निविदाएं भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांकः** सीपीएम-जीएसयू-जबल-15-2023 दिनांक 28.11.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के बीना कटनी खंड समपार संख्या 102, रेलवे कि.मी. 1210/1-2 पर उपरिगामी सेतु एवं** सीमित ऊंचाई वाले सबवे का निर्माण, **कार्य का अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 19,97,36,008.77, **बयाना राशि (₹):** ₹ 11,48,700/-, **समापन अवधिः** 24 माह, **निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15:00 बजे):** 26.12.2023, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15:15 बजे):** 26.12.2023. **नोटः** उपरोक्त ई-निविदाओं की संपूर्ण जानकारी वेब साइट https://www.ireps.gov.in- पर पद उपलब्ध है इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

उप मुख्य इंजीनियर (गति शक्ति यूनिट)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा** **इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-223-2023 दिनांक 28.11.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियन्ता (मुख्यालय) जबलपुर के अधीन दो वर्ष के लिए ओवर हेड टैंक, अंडर ग्राउंड टैंक, जल भंडारण टैंक की मशीनीकृत सफाई। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 13,63,280/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 27,300/-, **समापन अवधिः** 24 माह, **क्र.सं.-2, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-224-2023 दिनांक 29.11.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल इंजीनियर ब्योहारी सब डिवीजन के अधीन सरईग्राम डिपो में रेलवे स्पेसिफिकेशन फरवरी 2023 के अनुसार मशीन से तोड़ी गई 65 एम.एम. की कठोर एवं डयूरेबल ट्रेक स्टोन बैलास्ट की सभी लीड लिफ्ट टैक्सेस, रायल्टीस, ड्यूटीस आदि सहित आपूर्ति एवं चट्टे लगाना तथा, लोडिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 5,39,80,000/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 4,19,900/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.-3, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-225-2023 दिनांक 29.11.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल इंजीनियर कटनी उप मंडल में वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य/लाइन) कटनी के सेक्शन में वर्ष 2023 - 2024 के लिए रेलवे भवनों/स्टेशनों एवं रेलवे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका। **कार्य का अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 56,00,000/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 1,12,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.-4, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-226-2023 दिनांक 29.11.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल इंजीनियर जबलपुर उप मंडल में वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य/लाइन) जबलपुर के सेक्शन में वर्ष 2023 - 2024 के लिए रेलवे भवनों/ स्टेशनों एवं रेलवे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका। **कार्य का अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 63,00,000/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 1,26,000/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे (क्र.सं. 1 से 4 के लिए):** 26.12.2023, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे (क्र.सं. 1 से 4 के लिए):** 26.12.2023, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबन्धक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**

अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

**रा.प्र.क्र. 0001 अ-20(4)/अ-19(4) वर्ष-2022-23 के तहत जारी**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कु. कंचन आ. स्व. महेंद्र बहरे निवासी-गाडरवारा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की नजूल भूमि शीट क्रमांक 6 प्लाट क्रमांक 12/1,10/1 क्षेत्रफल क्रमशः 650 वर्गफुट, 253 वर्गफुट पर आवेदिका का नाम अन्य खातेदारों के साथ नाबालिग के रूप में दर्ज है। आवेदिका की जन्मतिथि 22.01.2005 होने से वर्तमान में आवेदिका की आयु 18 वर्ष से अधिक है, इसलिए आवेदिका को वालिग दर्ज किया जावे। साथ ही निवेदन किया है कि इस न्यायालय के पूर्व प्रकरण 0008 अ-20 (4) वर्ग 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 28.11.2022 का नजूल अभिलेखों में पालन किये जाते समय शोभा का नाम दर्ज नहीं किया गया है, जो दर्ज किया जावे तथा उक्त प्रकरण में दिवंगत रमाकांति का नाम विलोपन की कार्यवाही भी की गई है परन्तु आदेश में उक्त का उल्लेख नहीं है, जबकि उनके वारिसों के नाम दर्ज किया जाना आदेशित किया गया है, अतः उक्त भूमि के नजूल अभिलेखों में से सहखातेदार दिवंगत रमाकांति का नाम विलोपित किया जावे । जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वंशावली, नजूल खसरा की छाया प्रतियाँ प्रस्तुत की गई हैं।

उपरोक्त के सम्बन्ध में इस न्यायालय में प्रकरण संस्थित कर कार्यवाही प्रारम्भ की गई है, जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को तत्सम्बंध में कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 18.12.2023 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक :- 30.11.2023
सुनवाई दिनांक :-18.12.2023

नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**

अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

**रा.प्र.क्र. 0024 अ-20(4) वर्ष-2022-23 के तहत जारी**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलेश आ. स्व. राजेश पांडे, निवासी-गाडरवारा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की नजूल भूमि शीट क्रमांक 21 प्लाट क्रमांक 8/10, 9/2 कुल क्षेत्रफल 602 वर्गफुट प्रयोजन मकान श्रीमती संगीता पत्नी स्व. राजेश पाडे, नीलेश, निकीता पि. स्व. राजेश पांडे, हर्षित, हर्षिता पि.स्व. सुरेश पांडे के नाम से नजूल अभिलेखों में दर्ज है। दर्ज खातेदारों में से आवेदक की माँ श्रीमती संगीता पांडे का दिनांक 29.08.2022 को निधन हो गया है, जिनके बारसानों में आवेदक एवं उनकी बहिन निकीता ही हैं, इनके अलावा अन्य कोई बारिस नहीं है, जिनके नाम पूर्व से ही दर्ज हैं। अतः दिवंगत श्रीमती संगीता पांडे का नाम उक्त भूमि के नजूल अभिलेखों में से विलोपित किया जावे।

उपरोक्त के सम्बन्ध में इस न्यायालय में प्रकरण संस्थित कर कार्यवाही प्रारंभ की गई है, जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को तत्सम्बंध में कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 18.12.2023 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा ने जारी।

जारी दिनांक :- 30.11.2023
सुनवाई दिनांक :-18.12.2023

नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

**न्यायालय श्री मानवेन्द्र सिंह राजपूत अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला जबलपुर**

क्रमाक / 289 /रीडर-1/अ.वि.अ./2023
पाटन, दिनांक 22 नवम्बर-2023

**नोटिस**

प्रकरण कमांक 0041/अपील/2023-24

1- रेवती बाई पति स्व.दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा 2- प्रकाश विश्वकर्मा पिता स्व. दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा 3- पूजा बाई विश्वकर्मा पिता स्व. दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा 4- प्रीति बाई विश्वकर्मा पिता स्व. दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा पति धनीराम सभी निवासी ग्राम डुंगरिया तहसील गोटेगांव जिला नरसिहपुर

विषय- अपील अन्तर्गत धारा 44 मध्य प्रदेश भू-राजस्व सहिता- 1959 के तहत प्रचलित अपीलप्रकरण में पक्ष समर्थन हेतु न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।

एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी कल्लू बाई विश्वकर्मा पिता स्व. दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा एवं अन्य - 01 साकिन निवासी ग्राम आमाहिनोता तहसील पाटन जबलपुर जिला (म.प्र.) की ओर से श्री आर.पी. खम्परिया अधिवक्ता द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-44 के अन्तर्गत न्यायालय तहसीलदार पाटन के राजस्व प्रकरण क्रमाक 618/अ-6/2019-20 में पारित आलोच्य आदेश दिनांक 17.03.2020 से परिवेदित होकर यह अपील गैर अपीलार्थी रेवती बाई पति स्व0 दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा एवं अन्य-03 निवासी ग्राम डुंगरिया तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म0प्र0 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। इस न्यायालय द्वारा आप सभी को पंजीकृत डाक से नोटिस जारी किये गये किन्तु आपके निवासी पते पर निवास न करने के कारण इस न्यायालय द्वारा जारी सूचना पत्र आपको तामील नहीं हो पा रहा है। अत. इस नोटिस के माध्यम से पुनः आपको सूचित किया जाता है कि अपील प्रकरण की सुनवाई हेतु इस न्यायालय में दिनाक 13.12.23 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित न होने की दशा में अपील प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

जारी दिनांक 22.11.2023
पेशी दिनांक 13.12.2023

(मानवेन्द्र सिंह राजपूत)
अनुविभागीय अधिकारी
पाटन, जिला जबलपुर

**प्रथम सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड) जबलपुर के न्यायालय के दशम अतिरिक्त न्यायाधीश जबलपुर (म.प्र.)**

Presiding Officer
अभिसारिका मांहुने
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A/ 0000988/2023)**

सुनीता वाणी............वादी
Vs
आम जनता.... .....प्रतिवादी
**Process Id**-/2023
पेशी दि.:-03/01/2024

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी श्रीमती सुनीता वाणी ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा हेतु दावा मूल्यांकन 500 रूपये अंकन पांच सौ रूपये वास्ते वादिनी को उसके स्व. पिता माधव राव फूलमाली की विवाहिता शादीशुदा विधवा पुत्री घोषित किये जाने हेतु के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा हेतु दावा मूल्यांकन 500 रूपये अंकन पांच सौ रूपये वास्ते वादिनी को उसके पिता स्व. माधव राव फूलमाली की विवाहिता शादीशुदा विधवा पुत्री घोषित किये जाने हेतु की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

र.नं. 1683

(अभिसारिका मांहुने)
प्रथम सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड), जबलपुर के न्यायालय के दशम अतिरिक्त न्यायाधीश जबलपुर(म.प्र.)

In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:
श्रीमती सविता ठाकुर
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(MJC SUC /00000003/2023)**

रामवती बाई....वादी
Vs
स्टेट....प्रतिवादी
**Process Id**-/2023
पेशी दि.:-20/12/2023

प्रेषिती-
आम जनता
पता जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी रामवती बाई ने आपके विरूद्ध धारा 372 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, [illegible]

टिप्पणी - उपस्थिति हेतु।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(सविता ठाकुर)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
जिला-जबलपुर (म.प्र.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार (1) अंकुश मिश्रा पिता स्व. दुर्गा प्रसाद मिश्रा, (2) आशीष तिवारी पिता हरिप्रसाद तिवारी, दोनों निवासी गोहलपुर अमखेरा रोड जिला जबलपुर वालों ने जगदीश पाठक, हरिश्चन्द्र पाठक, श्री उत्तम पाठक एवं अरूणा पाठक से उनकी पैत्रिक भूमि जो कि गोहलपुर में स्थित है। जिसका मेरे पक्षकारों के द्वारा उनकी पैत्रिक भूमि विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 01.12.2023 को करा लिया गया है। जिसका विक्रय पत्र के शर्तों के अनुसार जल्दी ही निष्पादित कराया जायेगा। किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में संपूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करायें 15 दिन पश्चात प्रस्तुत आपत्ति आमान्य होगी एवं मेरे पक्षकार भूमि के विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कराने के लिये स्वतंत्र रहेंगे।

जबलपुर,
दिनांक 01/12/2023

जी दीपक (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-अमखेरा रोड बस्ती नं.2, दुर्गा मंदिर के सामने जिला जबलपुर (म.प्र.) मो.नं. 9039419189

**नाम सुधार सूचना**

मैं तबस्सुम शाह पिता स्व. कुरबान शाह TABSSUM SHAH D/o KURBAN SHAH

निवासी 125, रानीदुर्गावती वार्ड, तकिया मोहल्ला, गढ़ा जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं कि-

यह कि मैं जिला जबलपुर म.प्र. की मूल निवासी हूं तथा उपरोक्त पते पर स्थायी रुप से निवास करती हूं।

यह कि मेरी कक्षा 1लीं से लेकर एम.बी.ए. तक के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम तबस्सुम बानो पिता कुरबान शाह दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड/ मतदाता पहचान पत्र/ पैन कार्ड में मेरा नाम तबस्सुम शाह दर्ज है।

यह कि मुझे भविष्य में तबस्सुम शाह पिता स्व. कुरबान शाह के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा, माना, समझा जावे।

पुराना नाम- तबस्सुम बानो
नया नाम - तबस्सुम शाह
र.नं. 1667

# देश-प्रदेश

## उवाच

### निर्दलीयों से चर्चा की कोई जरूरत नहीं : कमलनाथ

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने दावा किया कि उन्हें प्रदेश के मतदाताओं पर भरोसा है और कांग्रेस को निर्दलीय प्रत्याशियों से चर्चा की कोई आवश्यकता नहीं है। कमलनाथ ने कहा कि उन्हें एग्जिट पोल से कोई मतलब नहीं है, उन्हें मतदाताओं पर भरोसा है। निर्दलीय प्रत्याशियों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशियों से बात करने की कांग्रेस को कोई जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के पास इतनी सीट हैं तो पार्टी निर्दलीयों से बात करने का नाटक क्यों कर रही है।



2 ट्रकों के बीच फंसा सवारियों से भरा टैंपो

## भीषण सड़क हादसे में 5 की मौत



**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा से सड़क हादसे की बड़ी खबर सामने आई है, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार आगरा में नेशनल हाइवे पर उस समय एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब दो ट्रकों की टक्कर के बीच सवारियों से भरा टैंपों फंस गया. जिसके चलते इस भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई. वहीं इस हादसे की चपेट में आए एक एक्टिवा सवार भी घायल हुआ है।

आगरा के दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला. जिसमें दो महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई है. हादसे को अपनी आंखों से देखने वालों का कहना है कि दो ट्रकों के बीच फंसने से यह हादसा हुआ. जिससे घटनास्थल पर लोगों की चीख पुकार मच गई. वहीं मदद को सामने आए कुछ लोगों ने जब तक ट्रकों के बीच से टैंपो को निकाला तब तक सभी की मौके पर ही मौत हो गई. मौके पर मौजूद चश्मदीद ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि मैंने देखा ऑटो वाला इधर साइड ही आ रहा था, उसके पीछे से ट्रक वाला आ रहा था. उसने पीछे से ऑटो को टक्कर मार दी और आगे चल रहे ट्रक के बीच में ऑटो के फंसने से यह हादसा हो गया. थोड़ा आगे जाकर मैंने अपनी गाड़ी साइड लगाई तब तक एक घायल महिला की सांसे चल रही थी, उसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची फिर उन लोगों को अस्पताल लेकर चले गए।

घटना को लेकर डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि सूचना मिली कि नेशनल हाईवे जो मथुरा की तरफ जाता है, इसमें गुरुद्वारा गुरुकाताल के सामने एक कंटेनर की ऑटो से भिड़ंत हुई है और उसमें कुछ लोगों के मृत होने की सूचना मिली. जानकारी मिलते ही तत्काल थाना पुलिस, एसीपी और वह मौके पर पहुंचे. जहां आमजन और पुलिस अधिकारियों के सहयोग से रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने जानकारी दी है कि हादसे में घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया. अभी तक हादसे में पांच लोगों की मृत्यु होने की जानकारी है. जिसमें दो महिलाओं समेत दो पुरुष और एक किशोर शामिल हैं. मौके पर कानून व्यवस्था सामान्य बनी हुई है. आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है. ट्रैफिक यहां पर नॉर्मल है।

## आबकारी नीति मामले में संजय सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक स्थानीय अदालत में आरोपपत्र दायर किया। यह इस मामले में पूरक आरोप पत्र है क्योंकि एजेंसी पहले ऐसी लगभग पांच अभियोजन शिकायतें दायर कर चुकी है। ईडी ने 'आप' के राज्यसभा सदस्य सिंह को इस मामले में अक्टूबर में गिरफ्तार किया था। धनशोधन रोधी एजेंसी ने आरोप लगाया था कि आरोपी कारोबारी दिनेश अरोड़ा ने राज्यसभा सदस्य के आवास पर दो किस्तों में दो करोड़ रुपये नकद पहुंचाए थे। सिंह ने इस दावे का खंडन किया है। ईडी ने 2021-22 दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में 'आप' सांसद को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बाद वह दूसरे बड़े नेता हैं।

व्हाटसएप ग्रुप पर किए थे धमकी भरे मैसेज

## कृषि मंत्री के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज, मतगणना स्थल की अनुमति भी निरस्त

**हरदा/भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी रामकिशोर दोगने को धमकाने के आरोप में पुलिस ने प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल के बेटे सुदीप पटेल के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। वहीं आरोपी की मतगणना स्थल पर प्रवेश की अनुमति भी निरस्त कर दी गई है।



कांग्रेस प्रत्याशी रामकिशोर दोगने ने चुनाव आयोग में पत्र लिखकर शिकायत की थी कि बीते शुक्रवार की शाम मंत्री पुत्र पटेल ने विधानसभा 135 नामक एक व्हाटसएप ग्रुप में मैसेज कर हर कीमत पर भाजपा की विजय हासिल करने और 2 घंटे तक नगर में अस्पताल और थाने बंद करने की बात कही थी। इस शिकायत के साथ ही श्री दोगने ने शीघ्र सुदीप की गिरफ्तारी की मांग की। इसके साथ ही श्री दोगने ने मतगणना स्थल पर सुदीप के होने से गंभीर घटना घटित होने की बात कहते हुए स्थल पर भय रहित निष्पक्ष माहौल देने की बात कही थी।

श्री दोगने की मांग थी कि सुदीप की मतगणना स्थल पर प्रवेश की अनुमति निरस्त की जाए। दोनों ही मामलों को गंभीरता से लिया गया है। इसके साथ ही आरोपी सुदीप पटेल को मतगणना स्थल पर मिली प्रवेश की अनुमति को निरस्त कर दिया गया है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी की शिकायत पर धारा 188, 507, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## प्राचीन शनि मंदिर पहुंचे जेपी नड्डा, की पूजा अर्चना

**मुरैना, देशबन्धु।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज अपने जन्मदिन के मौके पर अपनी पत्नी के साथ मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पहुंचकर शनिदेव देव के दर्शन किए और उनकी विधि विधान से पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता, मुरैना के पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, गिर्राज डंडोतिया, अनिल गोयल, हमीर पटेल, शिवमंगल सिंह तोमर, वीरेन्द्र सिंह हर्षाना, अरविंद सिकरवार, चारु डंडोतिया, मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा मौजूद रहे। पूजा अर्चना के बाद श्री नड्डा पत्नी के साथ ग्वालियर के लिये रवाना हो गए। श्री नड्डा ने कल दतिया स्थित मां पीतांबरा के दर्शन किये थे।

शाह से मुलाकात के बाद बोले विजयवर्गीय

## दिल्ली के नेता तय करेंगे अगला मुख्यमंत्री



**इंदौर, देशबन्धु।** भाजपा के महासचिव और विधानसभा एक से उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय ने गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के बाद इंदौर पहुंचे विजयवर्गीय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह दिल्ली में बैठे नेता तय करेंगे, इसके साथ उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के लिए भी कई बातें कही हैं।

इंदौर में विजयवर्गीय ने मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति हाईकमान की नाराजगी के सवाल पर कहा कि शीर्ष नेतृत्व को इतनी फुर्सत नहीं है कि वह नाराजगी के लिए समय दे। उन्होंने कहा कि भाजपा में इंटरनल डेमोक्रेसी है। वहां विधायक दल की बैठक होगी। नाम तय होगा। उसके बाद पार्लियामेंट्री बोर्ड उस पर मुहर लगाएगा। भाजपा का कार्यकर्ता ही मुख्यमंत्री बनेगा। विजयवर्गीय ने कहा कांग्रेस जब हार जाएगी तो ईवीएम पर आरोप लगाएगी। प्रशासन पर आरोप लगाएगी।

## कांग्रेस ने चुनाव नतीजों से पहले 4 राज्यों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार राज्यों में चुनाव परिणाम आने के पूर्व कांग्रेस ने अपने विधायक दल की बैठकों के समन्वय के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं।

**अधीर रंजन, पृथ्वीराज चव्हाण, राजीव शुक्ला और चंद्रकांत हंडोरे मप्र के पर्यवेक्षक बने**

कांग्रेस की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मध्यप्रदेश के लिए पार्टी नेता अधीर रंजन चौधरी, पृथ्वीराज चव्हाण, राजीव शुक्ला और चंद्रकांत हंडोरे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, रमेश चेन्निथला और प्रीतम सिंह को पार्टी ने पर्यवेक्षक बनाया है। राजस्थान में पार्टी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मधुसूदन मिस्त्री, मुकुल वासनिक और शकील अहमद खान को कांग्रेस पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष ने तेलंगाना में, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, दीपा दास मुंशी, अजय कुमार, के. मुरलीधरन और के.जे. जॉर्ज को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि संबंधित राज्यों के महासचिव और प्रभारी इन पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय करेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में रविवार को, जबकि मिजोरम में सोमवार को मतगणना की जाएगी।

## गैस त्रासदी की बरसी पर प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर दुर्घटना में हताहत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही प्रभावित परिवारों के सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने 39 वर्ष पूर्व हुई गैस त्रासदी में काल कवलित हुए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भोपाल गैस त्रासदी दुनिया की सबसे भयावह औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक है। आज भी भोपाल के लोग इस त्रासदी का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1984 के 2 और 3 दिसंबर की दरम्यानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस रिसने से 15 हजार से अधिक लोग मौत की नींद सो गए थे और लाखों नागरिक जहरीली गैसों से प्रभावित होकर प्राणघातक बीमारियों के शिकार हुए थे। श्री शर्मा ने कहा कि यह गैस त्रासदी प्रत्यक्ष तौर पर तो हजारों लोगों की मौत की जिम्मेदार है ही, इसकी वजह से हजारों लोग जिंदा लाशों की तरह जीवन जीने को मजबूर हैं। इस तरह की दुर्घटनाएं फिर न हों, इसके लिए सतर्कतामूलक प्रयास जरूरी हैं।

## जिस व्यक्ति को मृत मानकर कर दिया था अंतिम संस्कार और पिंडदान, 3 दिन बाद बोला मैं जिंदा

**देहरादून।** उत्तराखंड से एक हैरान करने देने वाला मामला सामने आया है। यहां 42 साल के एक शख्स को मृत घोषित करके दाह संस्कार कर दिया गया था, लेकिन बाद में पता चला कि वह जिंदा है। तीन दिन बाद आए वीडियो कॉल में उसने खुद बताया कि वजह जिंदा है। इसके बाद परिजन उसे जाकर वापस ले आए। जिंदा पाए जाने पर उसका फिर से नामकरण और विवाह किया गया। शख्स का नाम नवीन चंद्र भट्ट था। पिंडदान करने के बाद उसका श्राद्ध कर्म भी किया जा रहा था, लेकिन तीसरे दिन पता चला कि वह मरा नहीं है बल्कि जिंदा है। इस वजह से घर में खुशी का माहौल है। एक अखबार के मुताबिक उसकी पत्नी दो साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। यह शख्स एक साल से ज्यादा समय से घर से लापता था। 25 नवंबर को उसे मृत मान लिया गया और परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया। हुआ कुछ ये कि एक लावारिश शव को लोगों ने नवीन का मान लिया और उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। 26 नवंबर को बनबसा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार किए जाने के तीसरे दिन उसके भाई को पता चला कि वजह जीवित है। उनके एक जानने वाले ने वीडियो कॉल करके उन्हें यह बात बताई। इसके बाद उसे घर वापस लाया गया।

सुप्रीम कोर्ट का बिहार सरकार को निर्देश

## गंगा नदी के आस-पास न हो कोई अवैध निर्माण कार्य

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि गंगा नदी के करीब, खासकर पटना और उसके आस-पास कोई निर्माण कार्य न हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य सरकार को पटना में गंगा नदी के डूब क्षेत्र में बनाए गए उन अवैध ढांचों को हटाने के बारे में सूचित करते हुए हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया, जिन्हें चिह्नित किया गया है। मामला जब सुनवाई के लिए आता है तो बिहार सरकार के वकील कहते हैं कि राज्य ने पटना और उसके आसपास गंगा नदी से सटे 213 अनधिकृत निर्माणों की पहचान की है और इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

पीठ ने कहा, राज्य इस अदालत को एक हलफनामा दायर करके इन अवैध ढांचों को हटाने की दिशा में हुई प्रगति के बारे में रिपोर्ट देगा। इस तरह का हलफनामा बिहार के मुख्य सचिव द्वारा दायर किया जाएगा। राज्य यह भी सुनिश्चित करेगा कि गंगा नदी के आसपास, विशेष रूप से पटना शहर में और उसके आसपास कोई और निर्माण न हो। शीर्ष अदालत पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 30 जून, 2020 के आदेश में उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सिन्हा ने पर्यावरण की दृष्टि से नाजुक बाढ़ क्षेत्र पर अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

याचिका में दलील दी गई थी कि एनजीटी ने पटना में गंगा के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले उल्लंघनकर्ताओं के विस्तृत विवरण की जांच किए बिना आदेश पारित किया। अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ के जरिए दायर याचिका में कहा गया था,%गंगा के डूब क्षेत्र में अवैध और अनधिकृत निर्माण और स्थायी अतिक्रमण से भारी मात्रा में कचरा, शोर और सीवेज पैदा हो रहा है। इसमें कहा था कि अवैध निर्माण आसपास रहने वाले निवासियों के जीवन और संपत्ति के जोखिम को बढ़ा रहे हैं। हर साल क्षेत्र बाढ़ के पानी में डूब जाता है। अवैध निर्माण नदी के प्राकृतिक मार्ग को बाधित कर रहे हैं।

## तिहाड़ जेल में फर्जी तरीके से भर्ती 50 कर्मचारी निलंबित

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तिहाड़ जेल में फर्जी नियुक्ति का मामला सामने आने के बाद हड़कम्प मच गया है। आनन-फानन में 50 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है । कर्मचारियों के बायोमैट्रिक मिलान के दौरान ये गड़बड़ी सामने आई है।

तिहाड़ जेल के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2020 में डीएसएसबी के माध्यम से तिहाड़ में अलग-अलग पदों पर भर्तियां की गई थीं।, इन भर्तियों को बॉयोमेट्रिक तरीके से किया गया था। जब डीएसएसबी ने बाद में वैरिफिकेशन किया तो 50 कर्मचारियों के बॉयोमेट्रिक और फोटो आपस में मेल नहीं खाए। जब पड़ताल की गई तो कर्मचारियों के फर्जी तरीके से भर्ती होने की बात निकलकर सामने आई। इसके मामले में सभी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 30 नवंबर को एक महीने का नोटिस देकर निलंबित कर दिया गया है।

यह पहला मामला नहीं है बल्कि 2 साल पहले भी तिहाड़ जेल में फर्जी तरीके से कर्मचारियों की भर्ती का मामला सामने आया था। तब 47 कर्मचारियों की फर्जी तरीके से भर्ती होने की बात सामने आई थी। ये खुलासा तब हुआ जब जेल में कुछ कैदियों की मौत होने के बाद बायोमेट्रिक सत्यापन अभियान चलाया गया था। इस मामले में भी सभी 47 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था।

## हार-जीत का दावा करने में जुटे राजनीति दल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी हार जीत की गणना करने में जुट गए हैं। नतीजों को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि चार राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में उनकी सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि मिजोरम में वह गठबंधन की सरकार बनाएंगे।

मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कल तीन दिसम्बर को मतगणना के साथ ही न केवल राज्य के लगभग ढाई हजार से ज्यादा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा, बल्कि दोपहर बाद तक राज्य की नई सरकार को लेकर स्थिति भी साफ होने लगेगी। राज्य के सभी 52 जिला मुख्यालयों पर कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी, जिसके बाद पूर्वान्ह से ही प्रत्याशियों के भाग्य से जुड़े रुझान सामने आने लगेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मतगणना के हर राउंड के परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरु होगी, उसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के बाद हर उम्मीदवार को मिले डाक मतों की घोषणा की जाएगी।

वहीं भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का कहना है कि राजस्थान में हमें बड़ी जीत मिलेगी और एग्जिट पोल के नतीजों में भी ऐसा दिखाया गया है। छत्तीसगढ़ में टक्कर की लड़ाई होगी लेकिन हम वहां भी सरकार बनाएंगे। बता दें कि चुनाव नतीजों से पहले ही जोड़-तोड़ की राजनीति भी शुरू हो गई है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार का कहना है कि हमें विश्वास है कि तेलंगाना में हमारी पार्टी आसानी से जीत दर्ज करेगी। हमें ये भी पता है कि हमें फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारे उम्मीदवारों ने बताया है कि सीएम ने उनसे संपर्क साधा है लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति का मानना है कि उनकी पार्टी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रहेगी। बीआरएस सांसद के केशव राव ने दावा किया कि बीआरएस सत्ता में लौटेगी, उन्हें इसका पूरा भरोसा है। राव ने एग्जिट पोल के आंकड़ों और भावी सियासी संभावनाओं पर बात करने से इनकार कर दिया। चुनाव आयोग ने मिजोरम में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी करने की तारीख तीन दिसम्बर से बदलकर 4 दिसम्बर कर दिया है।

चुनाव आयोग के इस कदम का मिजोरम की राजनीतिक पार्टियों ने भी स्वागत किया है। जोराम पीपल्स मूवमेंट के नेता लालघिंगलोवा ने कहा कि मिजोरम एक ईसाई बहुल राज्य है और यहां रविवार को 90 फीसदी गतिविधियां बंद रहती हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का फैसला स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि इससे वोट नहीं बदलेंगे बल्कि सिर्फ मतगणना की तारीख बदलेगी। मिजोरम में कल मतगणना होगी। भाजपा के अध्यक्ष वनलालहुमुआका ने कहा कि इस बार भाजपा के पांच सीट जीतने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य में उन्हें बड़े सुधार की उम्मीद है... हम 40 निर्वाचन क्षेत्रों में तैयारी कर रहे हैं लेकिन हम कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे इसका फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व आने वाले दिनों में करेगा।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 29/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री योगेश सोनी पिता श्री विनोद कुमार सोनी, श्रीमती सूर्या सोनी पत्नी श्री योगेश सोनी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक -16 राजुल टाउन शिव तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46701250, 1000382067 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 675 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 675 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती रेणु भाटिया पति श्री एस.सी. भाटिया नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 02 कछपुरा नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं. अधि./सं.कं.02/2023-24/M/Q-233
दिनांक 28/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1) श्रीमति शुभा जैन पति श्री विशाल जैन एवं 2) श्री विशाल जैन पिता स्व. श्री सुमेरचंद जैन दोनों ने मकान 1112/6सी वार्ड विवेकानंद-21 कुल क्षेत्रफल 750 भूतल 510 प्रथमतल 510 विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 02 कछपुरा में प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।**

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 02 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 132 दिनांक 01/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री राजेश कुमार जैन, पिता- श्री केवल चंद जैन** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004032008 के पंजीकृत स्वामी श्री अभिषेक जैन, पिता- श्री अशोक जैन के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 81/2 मौजा करमेता में स्थित विदित रॉयल पार्क का दर्ज भूमि रकवा 43417 व.फु. में से विक्रय/क्रय संपत्ति 824 व.फु. के क्रेता श्री अनिल कुमार जैन पिता- श्री भागचंद जैन द्वारा **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, लिंक रजिस्ट्री, संपत्ति लेजर, आधार कार्ड, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 131 दिनांक 01/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री निशांत जैन, पिता- श्री नरेश कुमार जैन** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004032008 के पंजीकृत स्वामी श्री अभिषेक जैन, पिता- श्री अशोक जैन के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 81/2 मौजा करमेता में स्थित विदित रॉयल पार्क का दर्ज भूमि रकवा 43417 व.फु. में से विक्रय/क्रय संपत्ति 1192 व.फु. के क्रेता श्री अनिल कुमार जैन पिता- श्री भागचंद जैन द्वारा **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, लिंक रजिस्ट्री, संपत्ति लेजर, आधार कार्ड, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 130 दिनांक 01/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री सिद्धांत जैन, पिता- श्री नरेश कुमार जैन** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004032008 के पंजीकृत स्वामी श्री अभिषेक जैन, पिता- श्री अशोक जैन के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 81/2 में स्थित विदित रॉयल पार्क का दर्ज भूमि रकवा 43417 व.फु. में से विक्रय/क्रय संपत्ति 1062 व.फु. के क्रेता श्री अनिल कुमार जैन पिता- श्री भागचंद जैन द्वारा **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, लिंक रजिस्ट्री, संपत्ति लेजर, आधार कार्ड, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 129 दिनांक 01/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री विनय कुमार सक्सेना आत्मज श्री प्रकाश चंद सक्सेना एवं श्रीमती संध्या सक्सेना, पति- श्री विनय कुमार सक्सेना** के द्वारा **वार्ड 74 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003898300 के पंजीकृत स्वामी श्री दिलीप मेहता पिता स्व. श्री धीरज लाल मेहता, के नाम से दर्ज फ्लेट नं. बी-041 का स्मार्ट होम्स नं. 101 के अधिकृत मुख्यार आम श्री राजेश मेहता आत्मज स्व. श्री रतीलाल मेहता से मौजा अमखेरा खसरा नं. 426 नया 426/1, 94, 95/13 का कुल प्लाट रकवा 9244 वर्गमीटर पर निर्माणाधीन बहुमंजिला राजुल स्मार्ट होम्स का प्लाट रकवा 1800 व.फु., पर निर्मित 6 फ्लौटों में से फर्स्ट फलोर का फ्लैट क्रं. 101 जिसका बिल्डअप निर्मित रकवा 697, **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2704039H, RANK- HAV CLK, NAME- AMIT KUMAR, UNIT- GRC JABALPUR MP 482001 R/O ADDRESS- RZ-19, R BLOCK NEW, ROSHAN PURA, NAJAF GARH, NEW DELHI, DISTT- SOUTH WEST, STATE- DELHI, PIN- 110043 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम PRAMILA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम PROMILA DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम PROMILA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- PRAMILA DEVI
सही नाम- PROMILA DEVI


## पालतू बिल्ली के काटने से पिता-पुत्र की मौत

**कानपुर।** एक पालतू बिल्ली के कारण पिता और पुत्र की मौत होने से शहर में दहशत फैल गई है। मामला अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के अशोक नगर का है। यहां रहने वाले इम्तियाजुद्दीन नबौली प्राथमिक विद्यालय में प्राचार्य थे। उन्होंने घर एक बिल्ली पाल रखी थी, जिसकी देखरेख उनका परिवार करता था। इस बिल्ली को सितंबर के महीने में मोहल्ले के ही एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था, जिससे उसमें रेबीज के लक्षण आ गए थे।

# साहित्य

कहानी

■ यशपाल

# दुःख का अधिकार



मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं। प्राय: पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाजे खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम जरा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं। उस समय यह पोशाक ही बंधन और अड़चन बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है।

बाज़ार में, फुटपाथ पर कुछ ख़रबूज़े डलिया में और कुछ जमीन पर बिक्री के लिए रखे जान पड़ते थे। ख़रबूज़ों के समीप एक अधेड़ उम्र की औरत बैठी रो रही थी। ख़रबूज़े बिक्री के लिए थे, परंतु उन्हें खरीदने के लिए कोई कैसे आगे बढ़ता? ख़रबूज़ों को बेचनेवाली तो कपड़े से मुँह छिपाए सिर को घुटनों पर रखे फफक-फफककर रो रही थी।

पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

एक आदमी ने घृणा से एक तरफ़ थूकते हुए कहा, 'क्या जमाना है! जवान लड़के को मरे पूरा दिन नहीं बीता और यह बेहया दुकान लगा के बैठी है।'

दूसरे साहब अपनी दाढ़ी खुजाते हुए कह रहे थे, 'अरे जैसी नीयत होती है अल्ला भी वैसी ही बरकत देता है।'

सामने के फुटपाथ पर खड़े एक आदमी ने दियासलाई की तीली से कान खुजाते हुए कहा, 'अरे, इन लोगों का क्या है? ये कमीने लोग रोटी के टुकड़े पर जान देते हैं। इनके लिए बेटा-बेटी, ख़सम-लुगाई, धर्म -ईमान सब रोटी का टुकड़ा है।'

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, 'अरे भाई, उनके लिए मरे-जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म-ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर ख़रबूज़े बेचने बैठ गई है। हजार आदमी आते-जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके ख़रबूज़े खा ले तो उसका ईमान- धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!'

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा- उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। ख़रबूज़ों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती।

लड़का परसों सुबह मुँह- अँधेरे बेलों में से पके ख़रबूज़े चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डस लिया।

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफ़े चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएं।

भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खाने के लिए ख़रबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुख़ार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया को दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हुए ख़रबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था?

बुढ़िया ख़रबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हुए फफक-फफककर रो रही थी।

> पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।
> पड़ोस की दुकानों के तख़्तों पर बैठे या बाज़ार में खड़े लोग घृणा से उसी स्त्री के संबंध में बात कर रहे थे। उस स्त्री का रोना देखकर मन में एक व्यथा-सी उठी, पर उसके रोने का कारण जानने का उपाय क्या था? फुटपाथ पर उसके समीप बैठ सकने में मेरी पोशाक ही व्यवधान बन खड़ी हो गई।

कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर-दिल!

उस पुत्र-वियोगिनी के दु:ख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दु:खी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बर्फ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से कदम तेज हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था- शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और--- दु:खी होने का भी एक अधिकार होता है।

व्यंग्य

■ शरद जोशी

## बुद्धिजीवियों का दायित्व

लोमड़ी पेड़ के नीचे पहुंची. उसने देखा ऊपर की डाल पर एक कौवा बैठा है, जिसने मुंह में रोटी दाब रखी है. लोमड़ी ने सोचा कि अगर कौवा गलती से मुंह खोल दे तो रोटी नीचे गिर जाएगी. नीचे गिर जाए तो मैं खा लूं.



'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल'

लोमड़ी ने कौवे से कहा, ' भैया कौवे! तुम तो मुक्त प्राणी हो, तुम्हारी बुद्धि, वाणी और तर्क का लोहा सभी मानते हैं. मार्क्सवाद पर तुम्हारी पकड़ भी गहरी है. वर्तमान परिस्थितियों में एक बुद्धिजीवी के दायित्व पर तुम्हारे विचार जानकर मुझे बहुत प्रसन्नता होगी. यों भी तुम ऊंचाई पर बैठे हो, भाषण देकर हमें मार्गदर्शन देना तुम्हें शोभा देगा. बोलो मुंह खोले कौवे!' इमर्जेंसी का काल था. कौवे बहुत होशियार हो गए थे. चोंच से रोटी निकाल अपने हाथ में ले धीरे से कौवे ने कहा – 'लोमड़ी बाई, शासन ने हम बुद्धिजीवियों को यह रोटी इसी शर्त पर दी है कि इसे मुंह में ले हम अपनी चोंच को बंद रखें. मैं जरा प्रतिबद्ध हो गया हूं आजकल, क्षमा करें. यों मैं स्वतंत्र हूं, यह सही है और आश्चर्य नहीं समय आने पर मैं बोलूं भी.'

इतना कहकर कौवे ने फिर रोटी चोंच में दबा ली.

कविता

## रिश्ते कहीं खत्म न हो जायें

समय कितनी जल्दी
बदलता है पता ही नहीं चलता
पहले सभी संयुक्त
परिवार में रहते थे
अब बिखर गये हैं
दूरियां इतनी बढ़ गयी हैं
नजदीक आना ही नहीं चाहते
ये तो समय चक्र है जो बदलते रहता है
अब समय इतना बदल गया
परिवार के टूटने की बात तो छोड़ो
परिवार बढ़ाना भी नहीं चाहते हैं लोग
जब हर परिवार में
एक ही बच्चा होगा
जनसंख्या पर नियंत्रण तो
बहुत अच्छा होगा
पर भविष्य में
चाचा-चाची, मौसा-मौसी
बुआ-फूफा कहने
वाला कोई नहीं होगा
इसी तरह से चलता
रहेगा तो भविष्य में कहीं सारे
रिश्ते नातेदार खत्म न हो जायें
बस हम, हम ही न रह जायें।

**मोहन सुरजन**
जबलपुर

हरमिंदर साहिब, अमृतसर का यात्रा संस्मरण

# नानक नाम चढ़दी कलां– तेरे भाणे सरबत दा भला


■ मिर्ज़ा जाहिद बेग

दुनिया के सभी धर्म अपने पवित्र ग्रंथों में समस्त मानवता के लिए करुणा और प्रेम का सन्देश देते हैं लेकिन इन धर्म ग्रंथों को आम तौर पर कोई अन्य धर्मावलम्बी नहीं पढ़ता। वो इनके अनुयायियों को देखता है और उस धर्म के बारे में, उसके दूतों, अवतारों और पैगंबरों के बारे में अपनी राय क़ायम करता है। मेरा अपना अनुभव और मानना है कि इस मामले में सिख धर्म के अनुयायी अन्य धर्मों के अनुयायियों से अक्सर बेहतर साबित हुए हैं।

पंद्रहवीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी द्वारा सिखी की स्थापना से ही सिखों ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा और राष्ट्रप्रेम के अनुपम प्रतिमान स्थापित किये हैं यद्यपि अपने धर्म की स्थापना से ही उन्होंने अत्याचार का दंश झेला है। शुरुआत में मुगलों ने अपने राजनैतिक मक़सद के लिए उनका दमन किया। विभाजन के समय भी सबसे ज़्यादा हिंसा उन्हीं के ख़िलाफ़ हुई। इंदिरा जी की हत्या से उपजे आक्रोश के फलस्वरूप उन्हें जान और माल का अपूरणीय नुक़सान हुआ पर सलाम इस क़ौम को कि उनके दिल में किसी धर्म के प्रति कटुता स्थायी रूप से जगह नहीं बना पाई।

व्यक्तिगत तौर पर आप किसी भी सिख से मिलिए उसकी गर्मजोशी और मृदु व्यवहार आपको इस क़ौम का क़ायल बना देगा। अपने गुरुओं की सीख को उन्होंने पूरी तरह आत्मसात किया हुआ है। खालसा एड इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में तो अब लगभग सारी दुनिया जान ही चुकी है। आप दुनिया के किसी भी गुरूद्वारे में चले जाइये वहाँ का आत्मीय माहौल, सेवा की परम्परा और हर मज़हब के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर चलते लंगर आपको अपना मुरीद बना लेंगे। जब तक आप दर्शन कर के बाहर आएंगे सेवादार आपके जूते चमका देंगे, आपको पता भी नहीं चलेगा की आपके जूते चमकाने वाला कौन है? हो सकता है कि वह विदेश में रहने वाला कोई अरबपति सिख या आईएएस-आईपीएस हो।

मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले। इंदौर से पहला पड़ाव अमृतसर था। लगभग शाम के 5 बजे ट्रेन इंदौर से निकली। हमारे कूपे में सामने वाली बर्थ पर एक छोटा सा सिख परिवार बैठा था – माँ, उनका नौजवान बेटा और एक किशोरवय बेटी। उनके पिता और चाचा पकिस्तान से लरकाना साहिब में मत्था टेक कर 3 दिन बाद आने वाले थे और वे उन्हें लिवाने के लिये अमृतसर जा रहे थे।



जैसा कि अमूमन ट्रेन यात्राओं में होता है परिचय की शुरुआत 'आप कहाँ जा रहे हैं' से हुई। जैसे ही उन्हें पता चला कि हम मुस्लिम हैं और हरमिंदर साहिब दर्शन के लिए जा रहे हैं वो इतने प्रसन्न और अभिभूत हुए कि उसको बयाँ करना मुश्किल है। पंजाबी अपने खाने/खिलाने के शौक के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं आप यक़ीन नहीं करेंगे दोस्तो, अमृतसर तक लगभग 35 घंटों के सफर में उन्होंने हमें 35 रूपये भी खर्च नहीं करने दिए। इतना सारा और इतनी तरह का खाना ले कर वो चले थे कि पूरे सफर के दौरान हम अपना टिफ़िन निकाल ही नहीं पाए। यही नहीं अपने परिजनों के लिए स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर ट्रस्ट की धर्मशाला में आरक्षित एसी कक्ष 24 घंटे के लिए हमें उपलब्ध करा दिया, अपने साथ हरमिंदर साहिब के दर्शन कराये और वाघा सरहद तक लेकर गये।

दूसरे दिन हम स्वर्ण मंदिर परिसर में शाम को टहल रहे थे। मग़रिब की नमाज़ का वक़्त हो गया था, मैं टहलता हुआ बच्चों से थोड़ा दूर आ गया था। बेटे ने मुझ से आ कर कहा-'डैडी मम्मी नमाज़ पढ़ने का बोल रही हैं।' मैंने कहा- 'ठीक है परिसर के बाहर चलते हैं।'

तब तक श्रीमती जी भी वहां आ गईं और कहा कि 'इतनी भीड़ है बाहर निकलने में और कमरे तक पहुँचने में एक घंटे से ज़्यादा वक़्त लग जायेगा और नमाज़ कज़ा हो जायगी।' अब मैं सकपकाया मुझे पता था कि उन्होंने किशोरावस्था के बाद अब तक शायद एक नमाज़ भी नहीं छोड़ी थी। वे बोलीं –'यहीं कहीं पढ़ लें।'

मैं सिखों और मुस्लिमों के रक्त-रंजित इतिहास को जानता था। यद्यपि यह भी जानता था कि 1588 में गुरु अर्जन साहिब ने लाहौर के एक मुस्लिम फ़क़ीर(सूफी संत) हजरत मियां मीर जी से हरमिन्दर साहिब की नींव रखवाई थी पर यह भी सत्य है कि पिछले 422 सालों में पंजाब की पांचो नदियों में दोनों क़ौमों का बहुत रक्त बह चुका था। घर से दूर हजारों सिखों के बीच उनके सबसे पवित्र धर्म-स्थल पर बीबी-बच्चों को नमाज़ पढ़ने का कहने की मेरी हिम्मत नहीं हुई। शायद पढ़ा-लिखा होना इंसान को पूर्वाग्रही भी बना देता है।

> मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे हरमिंदर साहिब से लेकर हिन्दी पट्टी के अधिकाँश गुरुद्वारों में गुरुग्रंथ साहिब का दर्शन करने और उसका पाठ सुनने का शर्फ़ हासिल हुआ है। मैं जहाँ भी पर्यटन के लिए गया अगर वहाँ गुरुद्वारा है तो मेरे क़दम बेखुदी में उस ओर उठ ही गए। यूँ कहिये कि गुरूद्वारे मुझे अपनी ओर खींचते हैं। इस बारे में एक व्यक्तिगत अनुभव आपके साथ साझा करना चाहता हूँ। हम सपरिवार जनवरी 2010 में इंदौर से अमृतसर,दिल्ली, आगरा और फतेहपुर सीकरी पर्यटन के लिए निकले।

हमारी इस उहापोह को वहाँ तैनात एक सेवादार ने भांप लिया और हिन्दी मिश्रित गुरुमुखी में मुझसे कहा –'बोलें क्या बात है ?'

मेरे कुछ कहने से पहले ही बिटिया ज़ेनिफ़र ने उन्हें सारा माज़रा कह सुनाया। सेवादार महाशय मुस्कराये और बोले-' तो इसमें क्या दिक़्क़त है?' बस, फिर क्या था पवित्र सरोवर मेरे परिवार के लिए वज़ुख़ाना बन गया। सेवादार ने भीड़ को एक तरफ़ किया। दिशा भ्रम होने के कारण हमें बताया कि मग़रिब (पश्चिम) किस तरफ़ है। अपने उत्तरीय को पवित्र सरोवर में डुबो कर नमाज़ पढ़ने के स्थान को पोंछा, जब तक श्रीमती जी और बच्चे नमाज़ पढ़ते रहे, वे अपनी चिर-परिचित नीले रंग की पोशाक में चार फ़ीट लम्बी तलवार क़मर से लटकाये वहीं खड़े रहकर नमाज़ियों के सामने से लोगों को निकलने से रोके रहे।

ज़रा तसव्वुर कीजिये मित्रों दुनिया के सबसे पवित्र सिख धर्मस्थल पर हज़ारों सिखों के बीच में मेरा परिवार हरमिंदर साहिब में अपने रब की बारग़ाह में सज़दा कर रहा था। बेटे के सर पर टोपी के स्थान पर अकाल तख़्त के प्रतीक वाला भगवा सरोपा (रुमाला) बंधा हुआ था। बिटिया और श्रीमती जी के सर पर हिज़ाब था। उन तीन नमाज़ियों के एहतराम में निहंग सर पर पगड़ी और क़मर में तलवार बांधे खड़ा था। यह एक कल्पनातीत दृश्य था। जिसका चित्रण करना नामुमकिन है। जो संवेदनशील होंगे उन्हें दिख रहा होगा कि इन नमाज़ियों, उस निहंग और वहाँ से ख़ामोशी से गुज़र रहे दर्शनार्थियों पर अल्लाह की रहमत के साथ-साथ तमाम प्रात:स्मरणीय गुरुओं और मियां मीर का आशीर्वाद भी बरस रहा था।

बच्चों की नमाज़ के बाद मैंने अपनी भीग आई आँखों की कोर को पोंछा और उस मोहब्बत के फ़रिश्ते से मुसाफ़ा( दोनों हाथ मिलाना ) कर उसका शुक्रिया अदा किया। सेवादार महाशय 'कोई गल नी जी, कोई गल नी' कहते हुए वापस अपने काम में लग गये। हम भी मोहब्बत और सर्वधर्म समभाव का एक अमिट पाठ अपने हृदय पर अंकित कर वहाँ से विदा हुए।

# आज ईवीएम मशीन से निकलेंगे नये विधायकों के नाम

## विधायक प्रत्याशियों और समर्थकों की धड़कनें हुई तेज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रशासन ने आज होने वाली मतगणना के लिये जरूरी तैयारियों को पूरा कर लिया है। ईवीएम मशीनों से नये विधायक का नाम तय होगा। इस बीच मतगणना के लिये जरूरी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। यहां पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। इस बीच विधायक प्रत्याशियों के दिलो की धड़कनें तेज हो गई हैं। विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए ईव्हीएम मशीनों को गणना टेबल तक पहुंचाने जवाहरलाल नेहरू कृषि वश्वविद्यालय परिसर स्थित स्ट्रॉग रूम को मतगणना के दिन 3 दिसंबर की सुबह 7 बजे निर्वाचन आयोग के गणना प्रेक्षकों की मौजूदगी में खोला जायेगा । स्ट्राँग रूम को खोले जाने की सूचना सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को भी दी गई है । स्ट्राँग रूम को खोले जाने के समय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, उम्मीदवार एवं उनके निर्वाचन अधिकारी मौजूद रह सकेंगे । ईव्हीएम के स्ट्रांगरूम को खोलने के साथ ही डाकमत पत्रों की पेटियों को भी 3 दिसम्बर की सुबह 7 बजे राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांगरूम से निकाला जायेगा।

### गणना कर्मियों को दिये जायेंगे अलग-अलग रंग के परिचय पत्र

विधानसभा चुनाव में जिले के आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में डाले गये मतों की गणना के लिए नियुक्त गणना कर्मियों को अलग-अलग रंग के फोटो पहचान पत्र जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी किये जायेंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक पाटन विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को नारंगी रंग के, बरगी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को पीले रंग के, जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को नीले रंग के, जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को लाल रंग के, जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को हरे रंग के, जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को सफेद रंग के, पनागर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को सफेद रंग के तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कर्मियों को जामुनी रंग के पहचान पत्र दिये जायेंगे । मतगणना के लिये नियुक्त कर्मचारियों-अधिकारियों को सुबह 6 बजे मतगणना स्थल पहुँचना होगा। उन्हें जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित इण्डियन कॉफी हाऊस के गेट से प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना कर्मियों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी कॉफी हाऊस से लगे मैदान पर की गई है।

## मतगणना के लिये चाक-चौबंद इंतजाम




### मतगणना केन्द्र पर पता चलेगा गणना का

मतगणना प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने की निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना स्थल पहुंचने पर ही यह बताया जायेगा कि उन्हें किस विधानसभा क्षेत्र की किस टेबल पर मतों की गणना करनी है ।

मतगणना कार्य से संबद्ध सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु परिचय पत्र जारी किये जायेंगे । आयोग के निर्देश के मुताबिक मतगणना के दिन मतगणना अधिकारियों को मतगणना केन्द्र पर प्रातः 6 बजे पहुंचना होगा । गोपनीयता की दृष्टि से इन अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र या मतगणना टेबिल नंबर की जानकारी पहले से नहीं दी जायेगी।

चुनाव आयोग के प्रेक्षक तथा जिला निर्वाचन अधिकारी मतगणना के लिए प्रातः 5 बजे एक स्थान पर तीसरे और अंतिम चरण के रेण्डमाईजेशन हेतु एकत्रित होंगे। इसी समय जिला निर्वाचन अधिकारी मतगणना हेतु जिले के प्रशिक्षित अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची प्रेक्षकों को सौंपेंगे। इसमें गणना पर्यवेक्षक तथा अन्य गणना सहायकों के नामों की सूची होगी। रेण्डमाइजेशन होने के तत्काल बाद निर्वाचन क्षेत्रवार पोस्टिंग (नियुक्ति) सूचियां प्रातः 6 बजे संबंधित रिटर्निंगअधिकारियों को सौंपी जायेंगी।

### गणना मेज के सामने बैठेंगे गणना अभिकर्त्ता

विधानसभा चुनाव के लिये डाले गये मतों की गणना पंक्तियों में व्यवस्थित मेजों पर की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक पंक्ति में लगी मेजों को क्रमांक दिया जायेगा। प्रत्येक गणना मेज पर गणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार गणना मेज के सामने उम्मीदवारों के गणना अभिकर्त्ताओं के बैठने की व्यवस्था में प्राथमिकता के क्रम का ध्यान दिया जायेगा। गणना टेबल पर प्रथम पंक्ति में सबसे पहले मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता बैठेंग। उसके बाद मान्यता प्राप्त राज्य पार्टियों के उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता के बैठ सकेंगे। इनके बाद अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्य दलों के उम्मीदवार के अभिकर्त्ता बैठेंगे।

## प्रेक्षकों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में सुबह 7 बजे खोला जायेगा स्ट्रांगरूम

### कोषालय से शिफ्ट हुई डाकमत पत्र की मतपेटियां

विधानसभा चुनाव की मतगणना की अंतिम दौर की चल रही तैयारियों के तहत कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में रखी डाक मतपत्रों की मतपेटियों को शनिवार 2 दिसम्बर की शाम जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित मतगणना स्थल पर बने स्ट्रांगरूम में शिफ्ट की गई।

डाक मतपत्रों की पेटियों को मतगणना स्थल ले जाने शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार को जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों तथा राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोला गया। इसकी सूचना सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को दे दी गई थी ।


राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधि डाक मत पत्रों की पेटियों को ले जाने में प्रयुक्त वाहन की निगरानी के लिये उसके पीछे अपने वाहन से मतगणना स्थल तक भी ले जाने की व्यवस्था थी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्र की डाक मतपत्रों की मत पेटियों को एक ही वाहन से मतगणना स्थल तक पुलिस अभिरक्षा में ले जाया गया, विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से होगी।

मतगणना की शुरुआत डाक मतपत्रों की गणना से होगी। इसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी।

## कलेक्टर ने लिया मतगणना की तैयारियों का जायजा



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्विद्यालय पहुँचकर मतगणना की अंतिम दौर की चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री सुमन ने आठों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्षों का भ्रमण कर इटीपीबीएस के क्यूआर कोड की स्केनिंग, डाक मतपत्रों एवं ईव्हीएम के मतों की गणना तथा मतगणना के चक्रवार परिणामों का सारणीनियन एवं घोषणा के लिये की गई व्यवस्थायें भी देखीं। कलेक्टर ने इस मौके पर मतगणना कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने तथा मतगणना की समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रांगरूम का भी निरीक्षण किया तथा निरीक्षण रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये।



## विधि छात्र-छात्राओं को प्राधिकरण के मूलभूत कार्यो की दी गई जानकारी

### सालसा में 21 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायमूर्ति श्री रवि मलिमथ, मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति श्री शील नागू, कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के कुशल मार्गदर्शन एवं रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 02 को म.प्र. एवं अन्य राज्यों के विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु 21 दिवसीय शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यकम प्रारंभ किया गया। उक्त इंटर्नशिप प्रोग्राम के प्रारंभिक सत्र में सदस्य सचिव, रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन द्वारा इंर्टनशिप हेतु उपस्थित छात्र-छात्राओं को म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मूलभूत कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि राष्ट्रीय स्तर से तहसील स्तर तक विधिक सेवा संस्थानों द्वारा समाज के निर्धन तथा अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह उपलब्ध करायी जाती है। भारतीय संविधान में भी उल्लेख किया गया है कि राज्य का यह कर्तव्य है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की निर्योग्यता के कारण न्याय पाने से वंचित न हो इस हेतु विधिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।

उक्त अवसर पर अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा विधि छात्रों को इंटर्नशिप से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा 21 दिवस की इंटर्नशिप माह दिसंबर, 2023 एवं जनवरी, 2024 में प्रदान की जा रही है। इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत विधि छात्रों को म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विभिन्न शासकीय विभागों, मीडिएशन सेंटर आदि का विजिट कराया जाता है। इंटर्नशिप हेतु विधि छात्र अपने शैक्षणिक संस्थान की अनुशंसा के साथ नियत समयावधि में आवेदन कर सकते है। उक्त अवसर पर उप सचिव, स्वप्नश्री सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रदीप सिंह ठाकुर, दिग्विजय सिंह एवं सर्वेश चतुर्वेदी आदि भी उपस्थित रहे।

## संगीत मन को समृद्ध करता है



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में 457 वां आयोजन सुरमाला के रूप में शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह में आमंत्रित अतिथि डॉक्टर अविजित बिश्नोई, नित्य निरंजन खमरिया, डॉ हरिशंकर दुबे, मोहन शशि ,निर्मला तिवारी की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ, जिसमें अतिथियों ने कहा*संगीत मन को समृद्ध करता है और हमें जीवन में जीने की प्रेरणा देता है। नगर के गायक कलाकारों द्वारा शानदार पुराने नगमें प्रस्तुत किए गए, जिसमें रूमा बेनर्जी, नरेंद्र चौहान, कमलकांत उपाध्याय, ज्योति नेमा, अतुल तिवारी, संजय मौर्य, सलिल तिवारी, विनीता पैगवार, चंद्रशेखर, प्रोफेसर नेहा खरे, राजू बेन, इंजीनियर अरुण भटनागर, प्रिया चौधरी, सोनू देशपांडे, पी डी दीक्षित, मनोहर सोनी, सुश्री सप्तमी द्वारा प्रस्तुत किए गए अंत में सभी गायक कलाकारों एवं वादक कलाकारों को प्रसंग संस्था द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए आयोजन में अनेक साहित्यकार डा. छाया सिंह, विजय तिवारी, राजीव गुप्ता, निरंजन द्विवेदी, दुर्गा सिंह पटेल, डॉ मकबूल अली, डॉ मंजू श्री, पूजा धगट, दुर्गेश व्यवहार, संतोष नेमा, नीलिमा त्रिपाठी, नीलू यादव, जे पी असाठी, डॉ बाजपेई साथ अपार संगीत श्रोता उपस्थित हुए। सुरमाला का संयोजन डॉक्टर आज्ञा मिश्रा ने किया तथा संचालन प्रसंग के संस्थापक इंजीनियर विनोद नयन द्वारा किया गया, अंत में आभार प्रदर्शन डॉ विनीता पांडे ने किया।

## एसीएस हाइकोर्ट को सिखाने का प्रयास कर रहे हैं

### हाई कोर्ट ने हलफनामे पर गौर करने के बाद की तल्ख टिप्पणी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र वक्फ बोर्ड भोपाल के सीईओ शाकिर अली जाफरी की नियुक्ति के संबंध में पिछड़ा व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी अशोक बर्नवाल ने हलफनामे पर जवाब प्रस्तुत किया। हलफनामे का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एसीएस अदालत को सिखाने का प्रयास कर रहे हैं। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि किसी भी स्टेट्यू की व्याख्या करने का काम कोर्ट का है। हाई कोर्ट ने कहा कि वक्फ बोर्ड के सीईओ सैयद शाकिर अली जाफरी की नियुक्ति सही नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि सीईओ की नियुक्ति पर प्रश्नचिन्ह बरकरार है। ऐसे में उनके द्वारा पारित आदेश की क्या अधिकारिता है। कोर्ट ने सीईओ जाफरी को भी पक्ख्कार बनाकर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

वक्फ अंजुमन अहले इस्लाम इंतेजामिया कमेटी सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के अध्यक्ष मुन्ना खान द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर करते मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के सीईओ पद पर सैयद शाकिर अली जाफरी की अस्थाई रूप से की गई नियुक्ति को चुनौती दी थी। गौरतलब है कि पूर्व में भी हाईकोर्ट ने मोहम्मद अहमद खान को मप्र वक्फ बोर्ड के प्रभारी सीईओ का पद ग्रहण करने के लिए अक्षम पाते हुए उनके द्वारा पारित सभी आदेशों को शून्य घोषित कर दिया था। दलील दी गई थी कि वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 23 में मप्र वक्फ बोर्ड के सीईओ की नियुक्ति के लिए स्पष्ट प्रविधान दिए गए हैं। इस पद के लिए उम्मीदवार का मुस्लिम होना आवश्यक है। इसकी नियुक्ति शासन द्वारा गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से की जाती है। बोर्ड द्वारा नामित दो व्यक्तियों के नाम के पैनल से नियुक्ति होनी चाहिए। इस पद पर उपसचिव या उससे ऊपर के पद के व्यक्ति को ही नियुक्ति दी जाएगी। दलील दी गई कि सीईओ के पद पर शाकिर अली की नियुक्ति उक्त प्रविधानों का उल्लंघन करते हुए की गई है।

## वर्तिका के काव्य पटल का लोकार्पण सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रेष्ठ साहित्य जीवन को दृष्टि एवं दिशा प्रदानकर्ता है।तदाशय के उद्गार अंतराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था वर्तिका के काव्य पटल लोकार्पण एवं साहित्य संगोष्ठी में अतिथियों ने व्यक्त किये। शिक्षाविद, साहित्यकार छाया त्रिवेदी समारोह की अध्यक्ष थी ।

प्रसिद्ध व्यंग्यकार प्रतुल श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती शशिकला सेन,डॉ.संध्या जैन श्रुति,वरिष्ठ साहित्यकार रामबल्लभ गुप्ता इटारसी विशिष्ठ अतिथि थे। समारोह में श्री राजेन्द्र मिश्रा एवं आरती श्रीवास्तव की कविताओं के काव्य पटल का लोकार्पण करते हुए उन्हें शाल एवं सम्मान पत्र से अलंकृत किया गया।

श्री जानकीरमण महाविद्यालय में आयोजित समारोह में संस्थाध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि सृजन करना जीवन की रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।

काव्यपटल सृजनधर्मिता का नव्यतम प्रस्तुतिकरण है। कार्यक्रम संयोजक श्री विजय नेमा अनुज ने वर्तिका के सृजन की गौरवशाली परंपरा पर विचार व्यक्त किये। समारोह में सरस्वती वंदना आरती पटेल एवं संस्कृति पटेल ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागतं चंद्रकांत जैन ने किया। इस अवसर पर निरंजन द्विवेदी वत्स,यशोवर्धन पाठक,अमरसिंह वर्मा,सुशील श्रीवास्तव, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, संतोष नेमा संतोष, मनोज जैन मित्र, कुंजी लाल चक्रवर्ती निर्झर, ज्योत्सना शर्मा, वैशाली वर्मा ने काव्य रस वर्षा करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन आशुतोष तिवारी एवं आभार रमाकांत गौतम ने किया।

## नर्मदा उत्सव श्रृंखला कार्यक्रम में पांच प्रदेश के कलाकारों द्वारा की गयी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व जिला प्रशासन जबलपुर के सहयोग से आयोजित नर्मदा उत्सव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन जबलपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी प्राचार्य जानकी रमण महाविद्यालय जबलपुर, अभिमन्यु जैन वरिष्ठ व्यंगकार, सुरेश मिश्र साहित्यकार एवं आशुतोष दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में पांच प्रदेशों से आये गायन व लोक नृत्य के कलाकारों द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी गयी जिसमें छत्तीसगढ़ के पाण्डवानी गायन की प्रस्तुति सुश्री रेणु साहू एवं दल, दूर्ग द्वारा, हरियाणा के लोकनृत्य के अन्तर्गत शिवस्तुति, फाग, घूमर नृत्य की प्रस्तुति सुश्री सुनीता एवं दल द्वारा, मध्य प्रदेश की राई नृत्य की प्रस्तुति श्री संतोष पाण्डे एवं दल, सागर द्वारा, उत्तर प्रदेश के ब्रज लोकनृत्य के अन्तर्गत मयुर, लट्ठमार होली की प्रस्तुति श्री उमाशंकर देशला एवं दल, मथुरा द्वारा तथा उत्तराखण्ड के लोकनृत्य के अन्तर्गत छपेली नृत्य, घसियारी नृत्य की प्रस्तुति श्री दिनेश कुमार एवं दल, चमोली द्वारा की गयी।

यह श्रृखला कार्यक्रम 26 नवम्बर को डिंडौरी से आरम्भ होकर 2 दिसम्बर को जबलपुर में समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम की परिकल्पना उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा द्वारा की गई है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संदीपा स्थापक द्वारा किया गया।

## रेलवे ने चलाया 13 स्टेशनों पर विशेष जांच अभियान 200 व्यक्तियों के प्रकरण बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के 13 विभिन्न स्टेशनों पर शनिवार 2 दिसंबर को विशेष जांच अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत स्टेशन में प्रवेश करने वाले यात्रियों से गेट पर ही प्लेटफॉर्म टिकट तथा वेटिंग रूम, रेलवे रिटायरिंग रूम एवं प्लेटफार्म पर यहां वहां घूमते लोगों से उनकी टिकट एवं अथॉरिटी की जांच की गई।

इस संबंध में सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा ने बताया कि मंडल के जबलपुर, मदन महल, सिहोरा, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, कटनी, मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा, दमोह तथा सागर स्टेशनों पर दिनभर चलाए गए इस अभियान में लगभग 200 यात्रियों को व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से प्लेटफार्म पर पाए जाने पर उनसे राजस्व के तौर पर लगभग एक लाख रुपए की राशि वसूल की गई ।

शर्मा ने बताया कि मंडल में टिकट चेकिंग को लेकर चल टिकट निरीक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि वे यात्रियों की सुरक्षा एवं टिकटों की जांच हेतु हमेशा तत्पर रहे।उन्होंने बताया कि मंडल के चल टिकट निरीक्षक श्री आशीष यादव द्वारा अकेले ही गत नवंबर माह में लगभग नो लाख रुपए का राजस्व बतौर जुर्माना एकत्रित करके रेलवे में जमा किया है, जिसके चलते रेलवे द्वारा पुनः एक समारोह आयोजित करके टिकिट जांच में अग्रणी चल टिकट निरीक्षकों का सम्मान किया जाएगा।


## गंगाकावेरी एवं सारनाथ एक्सप्रेस बलिया तक चलेगी

### छपरा यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के चलते कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी रेल मण्डल के छपरा यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के चलते कुछ रेलगाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा. पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नई) सेंट्रल-छपरा-पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नई) सेंट्रल गंगा कावेरी एक्सप्रेस एवं दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेनें बलिया रेलवे स्टेशन पर ही समाप्त होगी और बलिया से ही रवाना होगी। बलिया तक चलने वाली रेलगाडियां इस प्रकार हैं-

गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई सेंट्रल- छपरा गंगा कावेरी एक्सप्रेस अपने प्रस्थान स्टेशन से दिनांक 02, 04, 09, 11, 16, 18, 23, 25 एवं 30 दिसंबर 2023 को तथा जनवरी माह में 01, 06 एवं 08 जनवरी, 2024 को बलिया तक ही चलेगी.

गाड़ी संख्या 12670 छपरा- चेन्नई सेंट्रल गंगा कावेरी एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रस्थान स्टेशन छपरा की बजाय दिसम्बर माह में 04, 06, 11, 13, 18, 20, 25 एवं 27 दिसंबर 2023 को, तथा जनवरी माह में 01, 03, 08 एवं 10 जनवरी, 2024 को बलिया से रवाना होगी.




गाड़ी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस छपरा के स्थान पर बलिया से रवाना होगी, दिसम्बर माह में 01, 03, 05, 07, 08, 10, 12, 14, 15, 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28 एवं 29 दिसंबर, 2023 को, तथा जनवरी माह में 02, 04, 05, 07, 09, एवं 11 जनवरी, 2024 को बलिया से दुर्ग के लिए रवाना होगी। गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस दिसम्बर माह में दिनांक 01, 02, 04, 06, 08, 09, 11, 13, 15, 16, 18, 20, 22, 23, 25, 27, 29 एवं 30 दिसंबर, 2023 को, जनवरी माह में 01, 03, 05, 06, 08, 10 एवं 12 जनवरी, 2024 को बलिया तक ही चलेगी।

# श्रीमद्भागवत करती हैं मन की शुद्धि

## श्री नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंहदास जी महाराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** अनेक जन्मों के पुष्यों का उदय होता है तब यह पावन कथा जीवन में सुलभ होती है। यह कथा स्वर्ग लोक में नहीं सत्य लोका में नहीं कैलाश में तथा वैकुण्ठ में भी नही जो कथा मृत्युलोक मे सहज ही प्राप्त है, 卐स्वर्गे सत्येच कैलाशे बैकुण्ठे नास्त्ययं रस:

कथा श्रवण से मन शुद्धि तथा भगवान की कृपा प्राप्त होती है, इसलिए कथा सदा सर्वदा श्रवण करना चाहिए। भगवान को भूलना नहीं चाहिए परीक्षित के चरित्र वर्णन करते हुए कहा, माता कुन्ती ने भगवान से संवाद करते हुए भगवान ने कहा तुम मुझसे मांगो क्या चाहिए कुन्ती जी ने कहा था 卐विपद्सन्तु न: शश्वत् 卐 मुझे विपत्ति दे दो है वासुदेव तेरी याद विपत्ति में ही



आती है यदि संपत्ति दे दोगे तो कहीं में आप को भूल न जाऊँ, भक्त भगवत प्राप्ति के लिए कष्ट में ही रहना चाहता है। कपिल देवहूति संवाद की सुंदर गूढ़ रहस्यों की व्याख्या की, सती चरित्र, मनु सतरूपा के जीवन चरित्र, उत्तानपाद, की विस्तृत कथा और

उक्त उद्गार तृतीय दिवस पर श्रीमद्भागवत कथा पुराण की मीमांसा में नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने नरसिंह मंदिर में कहे। इस अवसर पर व्यास पीठ पूजन अर्चन यजमान श्रीमती शालिनी पांडे ,श्रीमती गीता तिवारी, सावित्री उपाध्याय, विजय तिवारी, ने किया प्रो. वीणा तिवारी, जीवन कपिल, विध्येश भापकर, अंबर पुंज,आचार्य रामफाल शास्त्री एस बी मिश्रा कामता शास्त्री उपस्थिति रही। आज कथा में दोपहर 3 बजे से श्री राम, कृष्ण जन्म श्रीहरि नारायण के अवतार होंगे।

# पनिहारी नृत्य में दिखा हरियाणा

## मानस भवन में नर्मदा उत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम





**जबलपुर, देशबन्धु।** डिंडोरी से शुरू हुई नर्मदा महोत्सव की यात्रा शनिवार को संस्कारधानी पहुंची। मानस भवन में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में पांच प्रदेश के कलाकारों ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र कार्यक्रम की शुरुआत डिंडौरी से 26 नवम्बर को हुई थी, जो मंडला, बालाघाट, सिवनी होकर जबलपुर पहुंची। अतिथि भूमिका अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, व्यंग्यकार अभिमन्यु जैन, साहित्यकार सुरेश मिश्र, आशुतोष दीक्षित ने निभाई।

**गायन और लोकनृत्य**–कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से रेणु साहू एवं दल ने पाण्डवानी गायन, राजस्थान से शकूर खान एवं दल ने लोकनृत्य, हरियाणा से सुनीता गुर्जर एवं दल से पनिहारी नृत्य, उत्तराखण्ड ने दिनेश कुमार एवं दल ने घसियारी एवं छपेली नृत्य, उत्तरप्रदेश से उमाशंकर देशला एवं दल ने ब्रज के लोकनृत्य मयूर और लट्ठमार होली की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा, संदीपा स्थापक मौजूद थे।

# श्री महामृत्युंजय महायज्ञ की सफलता के लिए दंडीस्वामी ने ध्वज पूजन किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी जाबालिपुरम में सफल कष्ट हारिणी पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन आंचल में बसा भटौली ग्राम स्थित श्री सिद्ध शक्तिपीठ श्री कालीधाम, कालीघाट ,गौरीघाट जबलपुर में मां विराट काली की 31 वीं स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महामृत्युंजय महायज्ञ शिव महापुराण व विराट संत समाग्रम का भव्य आयोजन 4 दिसम्बर से होने जा रहा है।


आयोजन की सफलता के लिए परम पूज्य संरक्षक एवं संचालक पंचखंड द्वादशपीठाधीश्वर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेचंद जी महाराज एवं सह संयोजक डॉ.स्वामी राधेचैतन्य महाराज जी ने यज्ञ की सफलता के लिए मां काली के पूजन अर्चन के बाद ध्वज पूजन किया गया तथा मंदिर परिसर में भटौली ग्राम की समस्त महिला बहनों को साड़ी वितरण कर आयोजन में सहभागिता निभाने के लिए नियंत्रण दिया।

दंडी स्वामी मालिकानंद सरस्वती जी ने बताया कि यज्ञ में सभी संतों के दर्शन व अमृतमयी वाणी का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यज्ञ का प्रात:8 से 12 बजे प्रवचन एवं कथा का समय दोपहर 2 से 6 बजे के बीच होगा। इस अवसर पर आनंदधाम पीठाधीश्वर महंत स्वामी रंजीतानंद जी महाराज महंत चन्द्रशेखरानंद जी महाराज, रामानंद जी महाराज, सांसद राकेश सिंह महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू अशोक रोहाणी प्रदीप चौहान, श्रीराम खत्री सुशील सोनी, अजय यादव,डीआरपी राव, नारायण ब्रजवानी, संदीप जैन, प्रभात दुबे, मनु मिश्रा बंटी ,विवेक तिवारी एवं मनीष नारंग विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अनिल उसरेटे ने प्रदान की।

# प्रदेश के टूरिज्म को निहारने के साथ देश-विदेश के लगेंगे टूर

**जबलपुर, देशबन्धु।** साल समाप्ति पर है और लोग इस माह सेलिब्रेशन, आउटिंग और टूर के साथ बिताना चाहते हैं। शहरवासी सैर-सपाटे के शौकीन हैं , इसलिए लंबा टूर प्लान कर रहे हैं। विंटर वेकेशन मनाने निकलने वाले लोग क्रिसमस और न्यू ईयर मनाकर लौटेंगे। इसके लिए डिफरेंट टूर पैकेजेस की बुकिंग भी होना शुरू हो चुकी है।ि स्थति यह है अब लगभग 60 फीसदी विंटर टूर की बुकिंग लोगों ने करवा ली है। शहर में ज्यादातर लोगों ने प्रदेश के टूरिज्म को निहारने के साथ देश और विदेश के टूर पैकेज चुने हैं।

**शहर पहुंचेंगे सैलानी**- संस्कारधानी में घूमने फिरने के लिए आने वाले सैलानियों की संख्या भी साल दर साल भर रही है। इसके लिए लोग एक से दो दिन का जबलपुर ट्रिप प्लान भी कर रहे हैं। भेड़ाघाट, ग्वारीघाट,



बरगी, पायली, डुमना, पंचवटी, चौसठ योगिनी, शिकारा, ओशो आश्रम, विष्णु बारहा मंदिर, कटाव, निदान, भैंसाघाट, बगदरी जैसे कई स्पॉटस हैं, जहां टूर पैकेज में सैलानियों को सैर करवाई जाती है। शहर आने वाले सैलानियों की बुकिंग भी खूब हुई है।

**राजस्थान और गुजरात की बुकिंग**-शहरवासियों ने इस साल विंटर वेकेशन मनाने के लिए गोवा, राजस्थान और गुजरात के लिए अधिक बुकिंग करवाई है। अंकित का कहना है कि वो फैमिली के साथ इस बार विंटर वेकेशन में राजस्थान जा रहे हैं। सर्दियों के हिसाब से जयुपर, उदयुपर और कोटा घूमने और स्टे करने के हिसाब से ठीक है।

**शिमला, मनाली भी पसंद में**-विंटर में एडवेंचर पसंद करने वाले लोगों में शिमला, मनाली और कश्मीर के टूर पसंद किए जा रहे हैं। वहीं न्यूली मैरिड कपल्स भी शिमला और मनाली की उड़ान भरना पसंद कर रहे हैं। प्रियांजलि और पुष्कर का कहना है कि उनकी शादी अभी हुई है और वे हनीमून के लिए शिमला मनाली की बुकिंग करवा चुके हैं।

**टॉप ट्रेंडिंग स्पॉट्स**

**प्रदेश**
- पचमढ़ी
- ओरछा
- मुकुंदपुर
- पन्ना
- कान्हा
- बांधवगढ़

**देश**
- गोवा
- मुम्बई
- गुजरात
- केरल
- शिमला
- राजस्थान

**विदेश**
- बैंकॉक
- सिंगापुर
- थाईलैण्ड
- दुबई
- मलेशिया
- मालद्वीव्स

# प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच संगीत मन को समृद्ध करता है

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में संगीत सुरमाला का आयोजन शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर डॉ. अविजित बिश्नोई, नित्य निरंजन खम्परिया, डॉ. हरिशंकर दुबे, निर्मला तिवारी, इंजी. विनोद नयन मौजूद रहे। संगीत संध्या में रूमा बैनर्जी, नरेंद्र चौहान, कमलकांत उपाध्याय, ज्योति नेमा, अतुल तिवारी, संजय मौर्य, विनीता पैगवार आदि ने गायकी का जादू चलाया।





# 70 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में सैन्य अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान 70 स्वयंसेवकों ने ब्लड डोनेट किया। इस मौके पर सैन्य अस्पताल के कमाण्डेंट, ब्रिगेडियर आई वेंकट नागेश और एमबी एरिया जीओसी, लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास ने अतिथि भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, इससे सभी को नियमित रूप से करना चाहिए।



# गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में दिया चित्रों से जागरुकता का संदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ ने पीपीटी के जरिए बीमारी और बचाव की जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम सूर्यांश निखरे, द्वितीय प्रज्ञान, तृतीय अभिषेक चौधरी रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. अर्चना साहू, शारदा मेहरा, विभूति पांडे, निकिता शंकर, डॉ. मनीष कोष्टा मौजूद थे।

# दैनिक राशिफल

**रविवार 03 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन कृष्णपक्ष की षष्ठी। नक्षत्र-अश्लेषा**

### मेष
किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है।

### कर्क
आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं।

### वृषभ
आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा।

### सिंह
आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

### मिथुन
आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। विचारों में परिवर्तन होगा।

### कन्या
आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है।

क.

### तुला
आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

### मकर
बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है।

### वृश्चिक
आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

### कुंभ
ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए समय अच्छा नहीं है।

### धनु
कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। काम में मन नहीं लगेगा।

### मीन
आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है।

मा.

# डांस और म्यूजिक में दिखवाया कमाल



**जबलपुर, देशबन्धु।** सपनों की उड़ान क्लब के तत्वावधान में मनोरंजन मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने डिफरेंट गेम्स और एक्टिविटी में हुनर दिखाया। इसके साथ ही डांस और म्यूजिक की प्रस्तुति दी। इस मौ पर अंजू अग्रवाल, शिखा जैन, शीतल राठी, अंशिका, अनामिका, राखी, मनीषा, रानी, कविता, अंजू, जया, ज्योति मौजूद रहीं।

# विद्युत मंडल के डीई को बचाने का प्रयास : कांग्रेस

जबलपुर,देशबन्धु। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद दिनांक 10/10/2023 को अधारताल विद्युत मंडल कार्यालय में अधारताल विद्युत मंडल के डीई श्री आरके पटेल ने शिविर लगाकर मुख्यमंत्री बिजली बिल स्थगित योजना का मतदाताओं, नागरिकों को लाभ देना प्रलोभन देना चुनाव आचार संहिता की उल्लंघन की श्रेणी में आता है। अधारताल विद्युत कार्यालय के डीई ने यह शिविर आचार संहिता के दौरान लगाया है। जो कि उल्लंघन की श्रेणी में आता है। चुनाव आचार संहिता उल्लंघन करने वाले अधारताल विद्युत मंडल के डीई आरकेपटेल के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग भोपाल,भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली,निर्वाचन पर्यवेक्षक जबलपुर संभाग कमिश्नर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला पुलिस अधीक्षक को 13.10.2023 को की गई थी।

कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चमन पासी, मनोज भदौरिया, डॉ.नीरज शर्मा, डॉ.प्रमोद लाल,डॉ.अनिल राज, गंगा सिंह ठाकुर, मनोज मेहता, पप्पू केवट, विजय कोरी, आदि ने मांग की है कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले अधारताल विद्युत मंडल के डीई श्री आर के पटेल के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है।

# एम.ए.उत्तरार्द्ध हिंदी की छात्रा का केन्द्रीय विद्यालय में चयन होने पर सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदी विभाग, शासकीय महाकोशल कॉलेज की एम.ए. उत्तरार्द्ध हिंदी की छात्रा विभा कुमारी का चयन टीजीटी हिंदी, केन्द्रीय विद्यालय, रायपुर में हुआ है।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानदं कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रो. अलकेश चतुवेर्दी, कुलसचिव, सांची विश्वविद्यालय, भोपाल एवं प्रो. अरूण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने छात्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रो. शुक्ल ने कहा कि लगन एवं निश्ठा से लक्ष्य निर्धारित करने पर विद्यार्थियों को मंजिल मिलती है। अन्य विद्यार्थी इनसे मार्गदर्शन प्राप्त करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं सार्थियों द्वारा शुभकामनायें प्रेशित की गई।




# परहित सरस धरम नहीं भाई पर पीड़ा सम नहीं अधमयी

**जबलपुर, देशबन्धु।** 3 दिसंबर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में लायंस क्लब जबलपुर श्रद्धा द्वारा ठीक से चलने में असमर्थ श्रीमती नामदेव को रीजन चेयरपर्सन ला के के गुमास्ता एवम जोन चेयर ला हरिलाल पटेल की उपस्थिति में व्हील चेयर प्रदान की गई , ताकि वह सिर उठाकर स्वयं उसके सहारे घूम सकें । लायंस क्लब श्रद्धा अध्यक्ष ला डा संध्या जैन ने बताया कि लायंस क्लब सेवा के लिए समर्पित संस्था है । सचिव ला नीलम खरे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । आभार डायरेक्टर ला श्रद्धा साहूजी ने दिया । क्लब से भूपू अध्यक्ष ला दीपा साहूजी ,ला विमलासाहुजी , ला शशि अग्रवालजी , ला ज्योति तिवारिजी ,ला सुषमा साहूजी ,ला कांता खारेजी, ला सुधा सिंह यादवजी, ला मीना गुप्ता जी की उपस्थिति विशेष रूप से सराहनीय रही ।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री संदीप विश्वकर्मा** - गढ़ा पुरवा निवासी श्री गिरधारी लाल विश्वकर्मा के छोटे पुत्र एवं श्री राकेश विश्वकर्मा ( द हितावाद ) के अनुज श्री संदीप विश्वकर्मा का आक्स्मिक् निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज रविवार को उनके निज निवास से चौहानी गढ़ा के लिए 1.30 बजे प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती कृष्णा चौरसिया**- गली नं. 1 सदर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा चौरसिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र सैनी**- गोरैया प्लाट माली मोहल्ला आमनपुर मदनमहल निवासी श्री नरेंद्र सैनी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कशिश चौहान**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अजय सिंह चौहान के पुत्र श्री कशिश चौहान (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद चौधरी**- बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री प्रमोद चौधरी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश यादव**- छापर रामपुर टेंडर 2, निवासी श्री ओम प्रकाश यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश चौधरी**- मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री ओम प्रकाश चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवी दास**- वाजपेयी कम्पाउंड पेंटीनाका सदर निवासी श्री देवी दास (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार**- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री शारदा प्रसाद डुमार के पुत्र श्री अनिल कुमार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सेवक बारी**- मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री राम सेवक बारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश भोजक**- खटीक मोहल्ला बड़ी खेरमाई निवासी श्री दिनेश भोजक (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जनक दुलारी खोसला**- अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री अवतार कृष्ण खोसला की धर्मपत्नी श्रीमती जनक दुलारी खोसला (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला भट्ट**- संगम कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री रमेश कुमार भट्ट की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला भट्ट (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राकेश कोल**- अंचल नगर छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री भगवानदीन कोल के पुत्र श्री राकेश कोल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिराज नायडू**- रसल चौक निवासी श्री अनिराज नायडू (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## घमापुर थाना क्षेत्र का मामला

# जीआरपी के खंडहरों में सिर कटी व हाथ गायब लाश मिलने से सनसनी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में बीते दिन माढोताल थाना क्षेत्र में तालाब में मिले शव के बाद शनिवार की सुबह घमापुर थाना अंतर्गत खंडहर पड़े जीआरपी क्वाटर में एक युवक की सड़ी गली लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि एक बकरी चराने वाली महिला ने बदबू आने के बाद यह जानकारी पास ही बने पुलिस क्वाटर में गार्ड को बतायी।

जानकारी के अनुसार घमापुर थाना में शनिवार की शाम नत्थू लाल झारिया उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बड़खेरा थाना कुण्डम वर्तमान पता जीआरपी खंडहर क्वाटर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, कि वह जीआरपी खण्डहर क्वाटर के पास बनी नई बिल्डिंग में गार्ड का काम करता है। शनिवार सुबह लगभग 10-30 बजे उसे बकरी चराने वाली रजिया ने बताया कि खण्डहर क्वाटर के अंदर से तीव्र गंध आ रही है। उसने खिड़की से झांक कर देखा तो एक युवक का शव कमरे के अंदर पड़ा था। सिर एवं बायं हाथ नहीं था कुत्ते एवं सुअर शरीर को नोंच रहे थे। कमरे में खून फैला था बदबू से ऐसा लग रहा था शव 4-5 दिन पुराना है एवं किसी ने अज्ञात युवक की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही



पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम, एफएसएल अधिकारी डॉक्टर नीता जैन मौके पर पहुंचे। टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। कुत्तों एवं सुअर लाश को क्षत-विक्षत कर दिया था। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मामला दर्ज करते हुये प्रकरण में विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक ने घटना की जांच के लिये और संबंधित घटना में लिप्त आरोपियों को पकड़ने के लिये अति. पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी घमापुर प्रमोद साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी है। गठित टीम ने अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## बड़े भाई की प्रताडऩा से तंग आकर छोटे ने की आत्महत्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत पंजाब बैंक कॉलोनी दमोहनाका में एक युवक ने अपने बड़े भाई की प्रताड़ना से तंग होकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि संजय कुशवाहा ने बड़े भाई अजय की प्रताडऩा से तंग आकर आत्महत्या की है। पुलिस ने सुसाइड नोट व परिजनों से मिले कथनों के आधार पर अजय कुशवाहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कुशवाहा द्वारा अजय घर को बेचने के लिए 5-6 वर्ष से दबाव बना रहा था। यहां तक कि झगड़ा कर प्रताड़ित करता रहा। आए दिन प्रताड़ित किए जाने से परेशान होकर संजय ने 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे के लगभग फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद पत्नी रुचि कुशवाहा पहुंची तो देखा कि संजय फांसी के फंदे पर झूल रहा है। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्हें जांच के दौरान संजय द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने भाई अजय द्वारा कई वर्षों से घर बेचने के लिए प्रताड़ित किए जाने का उल्लेख किया था। पत्नी ने कहा यह पति संजय की लिखावट है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पत्नी सहित अन्य परिजनों के कथनों के आधार पर अजय कुशवाहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर हिरासत में ले लिया है।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** विजयनगर थाना में दोपहर पीजी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल राईट टाउन से सूचना मिली कि राम सुमन पटैल निवासी गाड़ा बसिगड़ा थाना शाहपुर जिला रीवा का काम के दौरान चौट आने से ईलाज हेतु भर्ती हुआ था दौरान उपचार के राम सुमन पटैल की मृत्यु हो गयी है।

इसीतरह अधारताल थाना में मेट्रो अस्पताल से सूचना मिली कि ज्योति विश्वकर्मा निवासी पन्नी मोहल्ला सुहागी अधारताल ने अपने घर पर फांसी लगा ली थी जिसे ज्योति विश्वकर्मा के परिवारजनों द्वारा रात उपचार के लिए भर्ती कराया गया था इसी बीच उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है।

## किसान पर जानलेवा हमला करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सुंदरादेही में खेत में काम रहे एक किसान पर रंजिश के चलते बदमाशों ने प्राण घातक हमला कर दिया। जिसके बाद घायल की पत्नि ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई । जानकारी के अनुसार 28 नवंबर की रात वंदना बाई लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरादेही टपरिया ने बताया कि 24 नवंबर की रात लगभग 9 बजे टपरिया हार खेत में उसके पति प्रहलाद सिंह लोधी पानी पाईप लाईन पलट रहे थे जहां टपरिया के दीपक गोंड़, जित्तू गोंड़, देवा गोंड़, लल्लू गोंड़ सभी मिलकर खेत के रास्ते में आने जाने से मना करने पर गालीगलौज करते हुये पति के साथ लाठी, डंडा से हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। जिससे पति के सिर पैर में चोट आ गयी। फिर 25 नंवबर की सुबह सुंदरादेही के प्राईवेट डॉक्टर बंगाली से इलाज कराये ठीक नहीं होने पर 27 नवंबर को अपेक्स अस्पताल में भर्ती कराये हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान 29 नवंबर को अपेक्स अस्पताल पहुंची पुलिस को डॉक्टर ने घायल प्रहलाद सिंह लोधी का कथन देने की स्थिति में न होना बताते हुये, प्राणघातक चोट होना लेख किया। सम्पूर्ण जांच में प्राप्त रिपोर्ट एवं कथनों के आधार पर दीपक गोंड़, जित्तू गोंड़, देवा गोंड़, लल्लू गोंड़ द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किये जाने से प्रहलाद सिंह लोधी को गम्भीर चोटें आना पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया



पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिये आदेशित किये जाने पर अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी बेलखेडा राजेन्द्र मर्सकोले के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी। गठित टीम देवा उर्फ देवी सिंह गोंड उम्र 20 वर्ष, संदीप उर्फ लल्लू गोंड उम्र 20 वर्ष, दीपू उर्फ दीपक गोंड उम्र 21 वर्ष, जितेंद्र उर्फ जित्तू गोंड उम्र 20 वर्ष सभी निवासी सुंदरादेही टपरिया को गिरफ्तार कर लिया है।

## 50 हजार के बदले वसूल लिए 3 लाख 32 हजार, सूदखोर पिता-पुत्र मामला दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर सूदखोरी के प्रकरण प्रकाश में आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला बरेला थाना क्षेत्र में आया है । जहां एक युवक ने मकान बनाने के लिये 50 हजार रूपये लिये लेकिन उसके बदले में उसे 3 लाख से ज्यादा की रकम चुकानी पड़ गई।

जानकारी के अनुसार बरेला थाना में बीती रात देव कुमार बेन उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम रोसरा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान बनाते समय रूपये कम पड़ने पर उसने हुकुम दुबे से फरवरी माह में 50 हजार रूपये लिये थे। जिसे मार्च 2021 से अगस्त 2022 तक प्रतिमाह 5 हजार रूपये से 90 हजार दे दिये थे। जब उसने हिसाब करने कहा तो हुकुम दुबे एवं और हुकुम दुबे के लड़के विक्की दुबे ने उसे डरा धमकाकर 12 अगस्त 2022 को एक स्टाम्प में हस्ताक्षर करा लिये और हर माह 11 हजार रूपये मांगने लगे। डर के कारण सितम्बर से अगस्त 2023 तक हर माह 11 हजार रूपये के हिसाब से 1 लाख 32 हजार रूपये दिया और अपना स्टाम्प मांगा तो हुकुम दुबे एवं विक्की दुबे उससे 1 लाख 10 हजार रूपये की मांग करने लगे उसने कहा कि वह बहुत रूपये दे चुका है अब नहीं दे सकता।




तो हुकुम दुबे एवं विक्की दुबे ने जातिगत रूप से अपमानित करते हुये गालीगलौज कर भगा दिया। दोनों पिता-पुत्र उसके घर पर कब्जा करने एवं जान से मारने की धमकी देने लगे। डर के कारण एवं घर बचाने के लिये उसने 1 लाख 10 हजार रूपये 3 सितम्बर 2023 को हुकुम दुबे को दिया और स्टाम्प मांगा तो हुकुम दुबे ने कहा कि विक्की के हाथ भेज दूंगा, मगर स्टाम्प नहीं दिया। विक्की दुबे उसे लगातार रूपयों के लिये धमकी देता रहता है। वह 50 हजार रूपये के बदले अभी तक कुल 3 लाख 32 हजार रूपये दे चुका है। फिर भी विक्की दुबे आकर घर में कब्जा करने की धमकी देकर रूपयों की मांग करता हैं। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी हुकुम दुबे एवं विक्की दुबे दोनों निवासी ग्राम रोसरा, बरेला के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

## तस्कर गिरफ्तार, 300 पाव शराब व एक्सिस वाहन जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थाना अंतर्गत पुलिस ने विलाबाग स्कूल के पास एक युवक से बड़ी संख्या में शराब के पाव बरामद किये हैं।

इस संबंध में तिलवारा थाना प्रभारी सरिता बर्मन ने बताया कि शनिवार की दोपहर में सूचना मिली कि बिलाबाग स्कूल रोड तिलवारा में एक लड़का बिना नंबर की एक्सेस में थैलों में अवैध शराब बेचने के लिए रखा है। पुलिस ने तत्काल सूचना पर मौके दबिश दी। जहां विलाबाग स्कूल रोड तिलवारा में एक युवक बिना नंबर की एक्सेस लिए खड़ा दिखा। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम अविनाश अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पानी की टंकी के नीचे रामपुर छापर, वर्तमान पता दुर्गा मंदिर के पास आगा चौक थाना लार्डगंज बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक्सेस के सामने रखे सफेद रंग के विमल पान मसाला वाले थैले एवं डिग्गी में एक थैले में 300 पाव देशी शराब रखी मिली। जिसे जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## जुआफड़ पर छापा, 7 जुआडी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में सूचना मिली कि बड़ी खेरमाई मंदिर के पास कुलिया में चबूतरा के पास बिजली के खम्बे के नीचे कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर मौके पर छापा मार दिया। जहां कुछ जुआरी जुआ खेल रहे थे। जुआरी पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने जिन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम अनिल प्रजापति, मिन्टू प्रजापति, अभिषेक प्रजापति सभी निवासी बड़ी खेरमाई मंदिर के पास सुभाष वार्ड तथा राजेश प्रजापित, अनिल प्रजापति दोनों निवासी सुभाष वार्ड पनागर, राहुल बर्मन निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर, संजय प्रजापति निवासी बड़ी खेरमाई पनागर बताये। पुलिस ने जुआरियों से ताश के पत्ते एवं 3 हजार रूपये बरामद किये है और जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# प्रचार वाहन में मिली शराब मामले में कांग्रेस नेता उमर सिंघार को राहत

### हाईकोर्ट ने खारिज की एफआईआर

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी तथा पूर्व मंत्री उमंग सिंघार को राहत मिली है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने प्रचार प्रसार के दौरान वाहन से मिली शराब को लेकर दर्ज की गई एफआईआर निरस्त कर दी है।

एकलपीठ ने मामले की सुनवाई दौरान पाया कि पुलिस मेमोरेंडम में याचिकाकर्ता के नाम का खुलासा नहीं किया गया था। इसके अलावा गवाहों ने भी याचिकाकर्ता का नाम नहीं लिया है। गौरतलब है कि गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उमंग सिंघार की अनुमति प्राप्त प्रचार वाहन क्रमांक जीजे 18 एएम 1920 में 257.16 बल्क लीटर शराब जब्त हुई थी। जिसका मूल्य लगभग 1 लाख 75 हजार रूपये था। गंधवानी पुलिस ने कांग्रेस प्रत्याशी उमंग सिंघार सहित सीताराम केशरिया तथा सचिन मूलेवा के खिलाफ आबकारी अधिनियम सहित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम धारा 120 बी, 188 तथा 171 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। मामले में आरोपी बनाये जाने के खिलाफ उमंर सिंघार ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पर हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। मामले की सुनवाई दौरान याचिकाकर्ता उमंग सिंघार की ओर से एकलपीठ को बताया गया कि जिस वाहन में शराब जप्त हुई थी, वह उनके चुनाव प्रचार में लगा हुआ था। वाहन में शराब रखे होने की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। वह कांग्रेस के प्रत्याशी है और उनकी छवि धूमिल करने के लिए उनके खिलाफ षडयंत्र के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वाहन से जब शराब जप्त हुई तो वह उपस्थित नहीं थे। इसके बावजूद भी प्रकरण में उन्हें आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने अपने




मेमोरेडम में उनके नाम का खुलासा नहीं किया था। वाहन के चालन ने भी उनका नहीं बल्कि किसी अन्य व्यक्ति का नाम लिया था।मामले में शासन की ओर से याचिकाकर्ता को मिली राहत बरकरार रखते हुए समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। वहीं आवेदक की ओर से कहा गया कि मतगणना 3 दिसम्बर को होना है, इसके पहले याचिका पर सुनवाई की जाये। इस बात की प्रबल संभावना है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर वह केबिनेट मंत्री बनाये जायेंगे। वहीं शासन की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर करना चाहिये थी। अपराध जिला स्थान में घटित हुआ वह इंदौर खंडपीठ के आधिकार क्षेत्र में आता है। जिस पर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि एमपी एमएलए के लिए मुख्य न्यायाधीश ने कोर्ट का निर्धारण किया है। एकलपीठ ने आपत्ति को खारिज करते हुए उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से विभोर खंडेलवाल ने पैरवी की।

## विधि छात्र-छात्राओं को प्राधिकरण के मूलभूत कार्यों की दी गई जानकारी

### सालसा में 21 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मप्र व अन्य राज्यों के विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए 21 दिवसीय शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम शनिवार को शुरू किया गया। प्रारंभिक सत्र में प्राधिकरण के सदस्य सचिव रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन ने छात्र-छात्राओं को प्राधिकरण के मूलभूत कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर से तहसील स्तर तक विधिक सेवा संस्थानों द्वारा समाज के निर्धन तथा अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह उपलब्ध करायी जाती है। भारतीय संविधान में भी उल्लेख किया गया है कि राज्य का यह कर्तव्य है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की निर्योग्यता के कारण न्याय पाने से वंचित न हो। इसके लिए विधिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने इंटर्नशिप से संबंधित बिंदुओं के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही विधि छात्रों को प्राधिकरण के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विभिन्न शासकीय विभागों, मीडिएशन सेंटर आदि का विजिट कराया जाएगा। इस अवसर पर उप सचिव स्वप्नश्री सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रदीप सिंह ठाकुर, दिग्विजय सिंह, सर्वेश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे मजिस्ट्रेट की चैकिंग से कटनी में हड़कंप

### कैम्प में हुआ सैकड़ों प्रकरणों का निपटारा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र के निर्देशन में जबलपुर कटनी के बीच ट्रेनों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में अनियमित यात्रा करने वाले दर्जनों यात्रियों से जुर्माना राशि वसूल करके रेलवे राजस्व में जमा किया गया। इसी के साथ ही श्री मिश्र ने भास्कर त्रिपाठी, डॉ. एसएम एच आणदी, अर्चना उपाध्याय, प्रीति कोल रावत, धीरेन्द्र सिंह, अंकुर जैन, परमेश्वर यादव की उपस्थिति में कटनी स्टेशन पर कैम्प लगाकर कटनी, मैहर और आसपास के स्टेशनों के लगभग 360 प्रकरणों का निपटारा किया। इसमें 3 लाख 9800 की राशि कोर्ट के खाते में और 12 हजार 865 रूपये को राजस्व रेलवे के खाते में वसूल किया गया। यात्रियों ने रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र के कार्य प्रणाली की प्रशंसा की क्योंकि दर्जनों प्रकरण बहुत पुराने हो गए थे।

## सेम सीनियर सिटीजन क्लब का 14 वां स्थापना दिवस 5 दिसम्बर को

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश का सर्वाधिक गतिशील व 14 वर्षों से प्रति सोमवार को निरंतर सीनियर सिटीजन को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला ग्रुप 14 वां स्थापना दिवस मंगलवार, सांयकाल चार बजे से रंगारंग कार्यक्रम के बीच नृत्य गायन प्रहसन क्लब के मोती अवार्ड वितरण का साथ साउथ ऐवन्यू मॉल में मनायेगा। कार्यक्रम में संयोजक जादूगर एसके निगम ने जानकारी दी कि इस गरिमामय कार्यक्रम में छटवी बटालियन कमांडेंट श्री साकेत पांडे, समाजसेवी व उद्योगपति बाबू विश्वमोहन उद्योगपति राजेश महेश्वरी सह आयुक्त अरविंद यादव, शिक्षाविद हरिशंकर दुबे अपनी शुभकामनाओं से कार्यक्रम में उत्साह के रंग भरेंगे।

## युवक को सड़क पर रोककर बदमाशों ने मारा

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट थाना अंतर्गत गली नंबर 12 के पास बदमाशों ने एक युवक को रोककर रंजिश के चलते मारपीट कर दी। जिसके बाद युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार केण्ट थाना में शनिवार दोपहर नवीन कुरील उम्र 30 वर्ष निवासी गली नम्बर 12 सदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई, कि वह अपने चाचा राजेश कुरील के साथ चप्पल जूते की दुकान रामलीला मैदान के सामने रोड पर लगाता है। शनिवार की शाम लगभग 4-40 बजे वह अपनी बहन को गुप्तेश्वर गोरखपुर में बहन के घर छोड़कर अपने घर जा रहा था। रास्ते में प्रतीक पासी एवं उसका साथी मधुर केशरवानी दोनों ने उसे रोक लिया एवं प्रतीक पासी ने उसकी गाड़ी की चाबी निकाल ली व मधुर केशरवानी ने उसे जाति को लेकर अपमानित किया एवं दोनों उसे पकड़कर धक्की-मुक्की कर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट व अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## शराब के लिये रूपये नहीं देने पर युवक का बेरहमी से पीटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम रमखिरिया में एक युवक को शराब के लिये रूपये नहीं देने पर बदमाशों ने बेरहमी से पीट दिया। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पाटन थाना में मारपीट में घायल को उपचार के लिये सीएचसी पाटन में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को धर्मेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम रमखिरिया शहपुरा वर्तमान पता धनवंतरीनगर जसूजा सिटी ने बताया कि रेत गिट्टी की सप्लाई का काम करता है। शुक्रवार की दोपहर लगभग 3-30 बजे वह एवं उसका दोस्त अंगद राजपूत दोनों कलारी के सामने मैदान में बैठकर शराब पी रहे थे, तभी अनुज पटैल निवासी घुंसौर एवं शेरा उर्फ अनिल राजपूत निवासी कैंथरा शहपुरा के आये। दोनों उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे। उसने मना किया तो अनुज ने वहीं पड़े डंडे से तथा शेरा उर्फ अनिल ने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर सिर हाथ पीठ में चोटें पहुंचा दी। उसका दोस्त अंगद बीच-बचाव किया एवं डर के कारण भाग गया। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।



## दुकान का ताला तोड़कर नगदी व 5 मोबाईल चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजयनगर थाना में शनिवार शाम को मुकेश तिवारी उम्र 42 वर्ष निवासी स्नेहनगर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सर्जिकल मेडिकल उपकरण का व्यापार करता है। बीती रात अपने ऑफिस रामेश्वरम् कॉलोनी आसाटी भवन के सामने रात लगभग 10 बजे ताला लगाकर अपने घर चला गया था। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे जब अपने ऑफिस रामेश्वरम् कॉलोनी विजयनगर आया तो देखा कि बाहर के मेन गेट का ताला बंद था अंदर के दरवाजे का सेन्टर लॉक, ताला टूटा था, अंदर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। अंदर पूजा वाले कमरे में रखी लोहे की आलमारी का ताला टूटा था। जिसमे रखे 3 बंद कीपेड मोबाइल, 2 एन्ड्राईड मोबाइल, चश्मा तथा दूसरे ऑफिस वाले कमरे में लोहे की आलमारी का ताला टूटा था। जिसमें से सोनोग्राफी मशीन की प्रोब, सर्जिकल का डिब्बा, एच.पी कपनी का ऑक्सीजन कॉपर वाली पाईप एवं टेबल में रखे लेपटॉप, कम्पयूटर मॉनीटर, प्रिन्टर ड्रॉज में रखे 10 हजार रूपये नगदी गायब थे। सभी सामानों की कीमत का आकलन कर प्रथक से लिस्ट पेश कर दूंगा। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



# पानी के साथ हवा चलने से पान बरेजे गिरे, फसल चौपट




**गांधीग्राम, देशबन्धु।** लगभग दो-तीन दिवसों से हो रही बारिश के साथ शुक्रवार को रात में पानी के साथ हवा चलने से गांधीग्राम के बुढ़ानसागर तालाब के किनारे हनुमान मन्दिर के आगे स्थित पान भरेजे ताश के पत्तों की तरह बिखर कर धराशाई हो गए। शुक्रवार को शाम के समय लगभग 7 बजे पानी के साथ तेज हवा ने गांधीग्राम स्थित पान बरेजों में जमकर तबाही मचाई।ग्राम गांधीग्राम के मिलन चौरसिया, राजकुमार चौरसिया (रज्जु), रवि चौरसिया एवं साहिल चौरसिया व अन्य चौरसिया समाज के पान कृषकों ने बताया कि शनिवार को सुबह जब उन्होंने बरेजों को देखा तो पान बरेजे ताश के पत्तों की तरह धराशायी होकर जमीन में बिछे हुए थे। गांधीग्राम तालाब के किनारे स्थित पान बरेजे तेज हवा के प्रभाव से जमीन पर बिछ गए।गांधीग्राम बुढ़ानसागर नामक तालाब के किनारे इन सभी लोगों के लगभग 100 पारी पान बरेजे पान की बेलों सहित जमीन पर धराशायी हो गए।

**मिट्टी में सन गए पान के पत्ते व लताएं**-चौरसिया समाज के पान कृषकों ने बताया कि शाम व रात के समय मौसम के बिगड़ने व पानी वा हवा तूफान की वजह से पान बरेजों के गिरने से पान की बेलें व बेलों में लगे हुए पान के पत्ते बेलों सहित मिट्टी में मिल गए। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए चौरसिया समाज के पान कृषकों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के रूप में बरसात आंधी तूफान से उनके सैकड़ों पारी पान बरेजे गिर गए ।जिससे पान की फसल व पान बरेजों को लाखों रुपये का नुक्सान हो गया। इनके पान बरेजों को नुकसान- कुल मिलाकर लगभग 100 पारी पान बरेजा नष्ट हो गई। चौरसिया समाज के पान कृषकों का कहना है कि बताया की पान बरेजों के नुक्सान का सर्वे विभाग द्वारा करवाकर मुआवजे की राशि प्रभावित पान कृषकों को दी जावे।

मुआवजा मिल जाता तो पान बरेजे बना लेते- पान कृषकों का कहना है कि यदि उन्हें समय पर मुआवजा राशि उपलब्ध हो जाती तो वे पान बरेजों का पुनः निर्माण कर सकते हैं और पान की फसल लगाकर अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं।शासन-प्रशासन से चौरसिया समाज के पान कृषकों का कहना है कि उनकी आय का एकमात्र स्रोत पान बरेजा बनाकर पान की खेती करना है ।अतः समय पर मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान की जावे।जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा ना हो सके।

# मड़वास से सीधी आ रही बस खाई में गिरी, एक की मौत, कई घायल

## दरिया गांव की घटना



**सीधी देशबन्धु।** मझौली थाना अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र टिकरी के गांव दरिया में शनिवार की सुबह सवारियों से खचाखच भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार यात्रियों में से एक की मृत्यु होना तथा दो दर्जन यात्रियों के घायल होने की खबर है।

मिली जानकारी के अनुसार विक्रम ट्रैवल्स की बस जिसका नंबर एमपी 53 पी 0460, वाहन स्वामी विक्रम विकास सिंह बताया जा रहा है। उक्त बस प्रतिदिन कुसमी ब्लाक के खोखर से चलकर सीधी जाया करती थी। जो 2 दिसम्बर की सुबह करीब 10 बजे मझौली ब्लाक के दरिया गांव पहुंची और तीव्र गति के चलते अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार यात्रियों में से मानवाती पति लाल देव सिंह उम्र 27 बकवा थाना मझौली की मृत्यु होना बताया जा रहा है। वहीं कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। बस के पलटते ही गांव के लोग इकट्ठा होकर बचाव कार्य में जुट गए इसके सांथ ही प्रशासनिक अमले को भी घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद राहत बचाव कार्य को तीव्र गति प्राप्त प्रदान की गई।

बताया गया कि दुर्घटना में चोंटिल मरीजो को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास में लाया गया वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## सार-समाचार

### विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया



**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के उपलक्ष में भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर कम्प्यूटर जागरुकता के महत्व को बताया। एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र-छात्राओं महिमा, अजय, श्रद्धा, रूफी, गायत्री, आदर्श और वंशी ने कंप्यूटर साक्षरता पर अपने विचार व्यक्त किया । इससे संबंधित क्विज में विभिन्न संकायों के लगभग 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया।उक्त कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर आर के दशोरे, सी एल वर्मा एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षकों श्री प्रशांत तिवारी एवं श्री अमित साहू का योगदान रहा।

### विश्व एड्स दिवस पर हुए विविध आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के रेड-रिबिन क्लब के माध्यम से आयोजित किया गया। डॉ. रूबी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को एड्स की रोक-थाम व सावधानियों के बारे में बतलाया। डॉ. अंकिता पाठक ने एच.आई.व्ही फैलने के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को बताया कि एड्स से बचाव का जागरूकता ही एक माध्यम है। छात्र-छात्राओं द्वारा एड्स से बचाव संबंधी पोस्टर/स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन एवं डॉ. गायत्री मरावी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सीमा पटारिया, कु. पूजा जैन, छात्र-छात्राओं व महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

### चंद घंटों में आएगा फैसला, पाटन विस क्षेत्र से किसका होगा भाग्य उदय

**पाटन, देशबन्धु।** लंबे इंतजार के बाद आज वह घड़ी आ गई, जिसका पाटन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 95 के सभी मतदाता प्रतीक्षा कर रहे थे। 17 नवंबर को जनता के द्वारा दिए गए जनादेश का परिणाम कुछ ही घंटों में आज हमारे सामने होगा। पाटन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के 303 मतदान केन्द्रों पर डाले गये वोटों की गिनती आज 18 टेबिलों पर की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जिले से भेजे गये प्रस्ताव पर विधानसभा क्षेत्र पाटन मझौली में ईवीएम पर डाले गये मतों की गणना के लिये अतिरिक्त टेबल लगाने की मंजूरी दी है। वही जिम्मेदारों के द्वारा ईमानदारी से कितनी मेहनत अपने-अंपने प्रत्याशियों के लिए की गई थी, वह सभी जानकारी पाटन मझौली विधानसभा के 303 बूथों के साथ आज हमारे सामने होगी।

आज का दिन 19 प्रत्याशियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि जीत का सहरा सिर्फ एक प्रत्याशी के माथे पर सजने वाला है, वही 18 प्रत्याशियों को आज मायूसी ही हाथ लगने वाली है। आने वाले समय में यह देखना भी दिलचप्स होगा की हारे हुए सभी 18 प्रत्याशियों जनता के हित के लिए यूं ही निरंतर संघर्ष करते हैं या नहीं यह विचारणीय प्रश्न है। बीजेपी-कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थक भी जीत की तैयारियों में जुट गए है। विधान सभा क्षेत्र की जनता भी परिणामों पर अपनी टकटकी लगाए बैठी है।

### सीवर लाइन की खुदाई से घरों में कैद हो गए लोग

**कटनी, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी वार्ड स्थित छत्रपति शिवाजी नगर में सीवर लाइन के कारण रोड नष्ट कर दी गई है। लोगों का रास्ता पूर्ण रूप से अवरोध हो गया है। हालात ये हैं कि लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है। मजबूरी में लोग रोड खराब होने के कारण घरों में कैद हो गये है। जर्जर हालत के कारण लोग सड़क पर गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके अलावा कीचड़ और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इस संबंध में विंदेश्वरी पटेल का आरोप है कि इन हालातों के लिये कटनी नगर निगम दोषी है।

# 40 लाख के मिनी ट्रक से निकला 28 लाख का गांजा

## उड़ीसा का गांजा कटनी में खपाने की कोशिश नाकाम, ड्रायवर गिरफ्तार, 8 बोरियां जब्त




**कटनी, देशबन्धु।** उड़ीसा का गांजा कटनी में बड़ी मात्रा में खप रहा है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। गांजा जब्ती की अनेक कार्रवाइयों और आरोपियों की गिरफ्तारियों के बाद भी गांजा तस्करी बंद होने का नाम नहीं ले रही है। कल कुठला पुलिस ने ऐसे ही एक मिनी ट्रक का जब्त कर बोरियों में रखा 190 किलो गांजा बरामद किया है। बाजार में गांजा की कीमत 28 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि 1 दिसंबर को थाना कुठला में वाहन चैकिंग, पेट्रोलिंग के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर बायपास हाईवे रोड के किनारे लगभग 100 मीटर अन्दर तरफ ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 4165 संदिग्ध हालत में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को खड़ा दिखा। पेट्रोलिंग टीम ने छानबीन की तो एक आदमी ट्रक की ड्रायविंग सीट पर नजर आया। पुलिस को देखते ही यह घबरा गया। पुलिस ने जब इससे ट्रक को सुनसान स्थान पर खड़े होने का कारण पूछा तो उसने जानकारी देने की बजाय ट्रक से उतरकर भागने की कोशिश की मगर उसे घेरकर पकड़ लिया गया। उसने पुलिस को अपना नाम नन्दलाल पटेल पिता जियावन पटेल उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम बहरा थाना अमलिया जिला सीधी हाल मकान नंबर 122 झील नगर पलखिडिया भोपाल का होना बताया। पुलिस टीम ने ट्रक को जांच की तो उसके अंदर सफेद रंग की 8 बोरियों में हरी पत्ती डण्डी बीजयुक्त मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। पुलिस नें करवाई करते हुए ट्रक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने 28 लाख कीमत का 190 किलोग्राम गांजा एवं 40 लाख कीमत का मिनी ट्रक जब्त किया। वाहन एमपी 04 जीबी 4165 के चालक मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस सफलता में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, उदयभान मिश्रा प्रभारी सायबर सेल, दुर्गेश तिवारी, अनिल काकड़े, श्याम नारायण सिंह, रामेश्वर, अजय यादव, राहुल मिश्रा, राजेश सिंह, शमशेर सिंह, विवेक, प्रशांत विश्वकर्मा सायबर सेल एवं अवधेश थाना बरही, जबलपुर जोन की नारकोटिक्स इंटेलीजेंस विंग टीम के रोही ज्योतिषी एवं प्रीतम मार्को की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# पति के मौत की खबर लगते ही फांसी में झूली पत्नी, मौत



**मऊगंज, देशबन्धु।** जिले में पति के मौत की जानकारी लगते ही पत्नी इतनी गमगीन हुई की वह फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताते हैं कि सात दिन पहले दोनों ने मंदिर में जाकर शादी की थी।

पति के मौत की सूचना मिलने के बाद महिला अपने कमरे में घुस गई और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मऊगंज थाने के पकरा गांव निवासी अजय रावत पिता रामदेव रावत उम्र 30 वर्ष की उपचार के दौरान मौत हो गई। जैसे ही अजय रावत की पत्नी को उसके मौत की सूचना मिली वह कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर झूल गई। बताया गया है कि मृतक महिला तीन बच्चों की मां है। उसके पहले पति की मौत हो चुकी है। उसका संपर्क अजय रावत से हुआ और 7 दिन पूर्व हनुमान मंदिर में जाकर दोनों ने शादी की और साथ-साथ रहने लगे। अभी 3 दिनों पूर्व अजय रावत की अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम के समय अजय रावत की मौत हो गई और बीती देर रात उसे लेकर परिजन घर पहुंचे। इसी बीच पता चला कि अजय रावत की पत्नी दरवाजा नहीं खोल रही है। परिजनों ने जब दरवाजा खोला महिला फांसी के फंदे से झूल रही थी।



# बस स्टैंड में घूम रहा था जिला बदर का आरोपी

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी पुलिस की कार्यशैली यूं तो हमेशा ही सवालों के घेरे में रहती है। कल जिला बदर के आरोपी को कुठला बस स्टैण्ड में घूमता देखकर पुलिस सन्न रह गई। खबर मिलते ही आनन-फानन में पुलिस की टीम ने बस स्टैण्ड में घेराबंदी की और किसी तरह आरोपी को फरार होने से पहले पकड़ लिया गया।

सीएसपी ख्याति मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की बस स्टैण्ड कुठला में जिला बदर आरोपी आशीष बरसैया पिता रामचरण बरसैया उम्र 27 साल निवासी इन्द्रानगर खड़ा है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आशीष बरसैया को शुभ जैसवाल की होटल के सामने पकड़ा गया। बस स्टैण्ड में खड़े होने का कारण पूछा गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने जिला बदर के आरोपी आशीष बरसैया को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 188 भा.द.वि. धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी बस स्टैण्ड उप निरी हरवचन सिंह कुडापे, सउनि दीपेन्द्र शर्मा, प्र.आर. सुशील पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, आर. मनु त्रिपाठी की विशेष भूमिका रही।

# भाजपा जीते या कांग्रेस, सिहोरा जिला बनाने जारी रहेगा आंदोलन

## पुनः शुरू होगा सिहोरा जिला आंदोलन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा विधानसभा चुनाव में इस बार सिहोरा जिला एक बड़ा और महत्वपूर्ण मुद्दा रहा। पहले तो केवल कांग्रेस ने ही इसे अपने चुनावी एजेंडे में वादे के रूप में लिया पर बाद में परंपरागत सीट के हाथों से जाती देख भाजपा भी चुनाव के अंतिम कुछ दिनों में सिहोरा को जिला बनाने का वादा करती नजर आई। अब जब एग्जिट पोल के अंदाजे से कांग्रेस भाजपा दोनों की ही सरकार बनने के दावे सामने आए है तो सिहोरावासी भी कह रहे कि अब दोनो में से किसी की भी सरकार बने सिहोरा जिला जरूर बनेगा। वहीं पिछले दो वर्षों से जिला के लिए आंदोलित लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने भी विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद पुनः आंदोलन प्रारंभ करने की घोषणा कर दी है।

कांग्रेस के बाद भाजपा भी जिला के साथ-वर्ष 2001 से 2003 के मध्य जब सिहोरा को जिला बनाने की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की गई थी, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी।उसके बाद दिसंबर 2003 से अब तक प्रदेश में सरकार भी भाजपा की है और सिहोरा विधायक भी। इन बीस वर्षो में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार और सिहोरा विधायक ने सिहोरा जिला मुद्दे को सदैव कांग्रेसी मुद्दा समझा और 2003 में बन चुके सिहोरा जिला की अंतिम अधिसूचना को प्रकाशित ही नही किया।विगत दो वर्षों से सिहोरा में प्रारंभ हुए सिहोरा जिला बनाओ आंदोलन को भाजपा ने कभी कोई तवज्जों नहीं दी जबकि कांग्रेस ने इसे हाथों हाथ लिया और विधानसभा चुनाव के महीनों पहले से सत्ता में आते ही सिहोरा जिला बनाने का वादा कर अपना जनमत मजबूत किया। चुनाव के अंतिम दिनों में जिला मुद्दा के मुख्य मुद्दा बनने की स्थिति को भांप भाजपा ने अपना रंग बदला और भाजपा ही सिहोरा जिला बनाएगी वादा कर बढ़ते असंतोष को कम करने का प्रयास किया।

कांग्रेस के दिग्गज नेताओं से मुख्यमंत्री तक ने किया वादा-सिहोरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रही एकता ठाकुर ने तो सिहोरा जिला मुद्दे को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाकर अच्छा खासा जनमत अपने पक्ष में बनाने का प्रयास किया।कांग्रेस के दिग्गज नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और राजसभा सांसद विवेक तन्खा ने भी सत्ता में आते ही सिहोरा जिला बनाने की सार्वजनिक घोषणा की।जिला मुद्दे पर खुद की जिला विरोधी छबि बनते देख भाजपा ने मोर्चा सम्हाला और भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकडे भी जिला बनाने की बात कहने लगे।चुनाव के ठीक दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा भी चुनावी सभा में सिहोरा जिला बनाने की घोषणा की गई।सूत्रों की माने तो खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भी मतदान के एक दिन पूर्व जिला आंदोलनकारियों से फोन पर बातचीत की गई है जिसमें उनके द्वारा सिहोरा को जिला बनाने का वादा किया गया है। परिणाम के बाद आंदोलन पुनः शुरू करेंगे- लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के नागेंद्र कुररिया, विकास दुबे,सुशील जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, अनिल जैन, संतोष पांडे,मानस तिवारी, अमित बक्शी, प्रदीप दुबे, रामजी शुक्ला आदि ने घोषणा की है कि समिति का लक्ष्य जिला बनने तक आंदोलन अनवरत जारी रखने का रहा है। चुनावी आचार संहिता के कारण आंदोलन का स्वरूप बदला गया था। तीन दिसंबर को विधानसभा चुनाव परिणाम के आने के बाद आंदोलन को पुनः पूर्व की भांति धरना प्रदर्शन करते हुए प्रारंभ किया जाएगा।समिति ने पुनः दोहराया कि सरकार किसी भी पार्टी की बने सिहोरा के जिला बनने तक संघर्ष जारी रखा जाएगा।

## केसीआर ने चार दिसम्बर को तेलंगाना कैबिनेट की बैठक बुलाई

**हैदराबाद, देशबन्धु।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने 4 दिसंबर को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक दोपहर 2 बजे होगी। बैठक डॉ. बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में होगी, वोटों की गिनती के एक दिन बाद। ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त दिखाए जाने के बावजूद सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सत्ता बरकरार रखने को लेकर आश्वस्त है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने एग्जिट पोल को %बकवास% कहकर खारिज कर दिया और भविष्यवाणी की कि बीआरएस 119 सदस्यीय विधानसभा में 70 से अधिक सीटों के साथ एक बार फिर सरकार बनाएगी।

# मोदी ने यूएई की जलवायु निवेश फंड की घोषणा का किया स्वागत

■ भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में रही बहुत कम भूमिका



**दुबई,** (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा प्रस्तावित जलवायु वित्तपोषण फ्रेमवर्क पहल और जलवायु निवेश फंड स्थापित करने की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि इससे उपलब्ध, सुलभ और किफायती जलवायु वित्तपोषण संभव हो पायेगा। श्री मोदी ने आज यहां यूएई की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में भूमिका बहुत कम रही है। पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव उनपर कहीं अधिक हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद ये देश जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी बहुत ही ज़रूरी है। ग्लोबल साउथ के देशों की अपेक्षा है कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए विकसित देश उनकी अधिक से अधिक मदद करें। ये स्वाभाविक भी है और न्यायोचित भी है।

श्री मोदी ने कहा, अपनी जी-20 अध्यक्षता में, भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन इन दोनो विषयों को बहुत ही प्राथमिकता दी है। हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को अपनी अध्यक्षता का आधार बनाया और साझा प्रयासों से, कई विषयों पर सहमति बनाने में भी सफलता पाई। उन्होंने कहा कि जी-20 में इसे लेकर सहमति बनी है कि जलवायु कार्रवाई के लिए 2030 तक कई ट्रिलियन डॉलर जलवायु वित्तपोषण की आवश्यकता है।

## मोदी ने गुटेरेस से की मुलाकात

**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां विश्व जलवायु कार्रवाई सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। श्री मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान समर्थन के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव को धन्यवाद दिया। उन्होंने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की पहल और प्रगति पर प्रकाश डाला। दोनों नेताओं ने जलवायु कार्रवाई, जलवायु प्रौद्योगिकी और संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय मंचों तथा वित्तीय संस्थानों में सुधारों से संबंधित ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और चिंताओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जी20 अध्यक्षता के तहत सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में भारत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री की 'ग्रीन क्रेडिट' पहल का स्वागत किया। श्री गुटेरेस ने भारत की जी20 अध्यक्षता की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन 2024 में आगे ले जाने के लिए भारत के साथ काम करने की पुष्टि की।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 32 की मौत, कई घायल



फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का दिया हवाला

**यरुशलेम,** (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर शुक्रवार सुबह इजरायल की सेना के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, अल अरबिया ब्रॉडकास्टर ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि इजरायली हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, संघर्ष विराम की समाप्ति के तीन घंटे के भीतर इजरायली कब्जे के नरसंहार के पीड़ितों की संख्या बढ़कर 32 हो गई। इनमें कई लोगों को अलग-अलग स्तर की चोटें लगीं। मृत और घायल लोगों में अधिकांश महिलायें और बच्चे शामिल हैं। इससे पहले दिन में, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि हमास ने मानवीय विराम तोड़ दिया, जिससे इज़राइल को युद्ध फिर से शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार देर रात रिपोर्ट दी कि दोनों पक्ष अस्थायी मानवीय विराम को आठवें दिन तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।इसकी हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। नवीनतम संघर्षविराम आज स्थानीय समयानुसार सुबह 07ः00 बजे समाप्त हो गया। इजरायल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद शुक्रवार को इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा को फिर से निशाना बनाते हुए पूरी ताकत के साथ हमला शुरू शुरू किया। इजरायल के हवाई हमलों दक्षिण गाजा पर हमला किया, जिसमें खान यूनिस शहर के पूर्व में अबासन समुदाय रहते हैं।

## आज का इतिहास

1790 – लॉर्ड कार्नवालिस ने आपराधिक मामले मुर्शीदाबाद के नवाब से छीनकर अपने हाथ में ले लिए।
1796 – बाजीराव द्वितीय को मराठा साम्राज्य का पेशवा बनाया गया। वह मराठा साम्राज्य के अंतिम पेशवा थे।
1828 – एंड्रयू जैक्सन अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति चुने गए।
1829 – वायसराय लॉर्ड विलियम बेंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी।
1882 – प्रसिद्ध चित्रकार एवं संविधान की मूल कृति के डिजाइनर नन्दलाल बोस का जन्म।
1884 – भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म।
1889 – खुदीराम बोस का जन्म।
1910 – फ्रांसीसी भौतिकशास्त्री जॉर्जेज क्लाउड द्वारा विकसित विश्व के पहले नियोन लैम्प का पहली बार पेरिस के मोटर शो में प्रदर्शन।
1912 – तुर्की, बुल्गारिया, सर्बिया, यूनान और मोंटेगरो ने युद्धविराम समझौता किया।
1937 – भारतीय भाषाविद् विनोद बिहारी वर्मा का जन्म।

## सुडोकू 6394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश में कोई कांटे की टक्कर नहीं : शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कई एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत की ओर प्रदर्शित करने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में कांटे की टक्कर जैसी कोई बात नहीं है और फिर एक बार भाजपा की सरकार बनना स्पष्ट हो रहा है। चौहान ने कल रात अपने बयान में कहा कि वे पूर्व में भी कह चुके हैं कि प्रदेश में कांटे की टक्कर जैसी कोई बात नहीं है। जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति प्रेम, प्रधानमंत्री का नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा का मार्गदर्शन, पार्टी के कार्यकर्ताओं का अनथक परिश्रम, सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं और राज्य के विकास ने बता दिया है कि भाजपा की बहुमत से सरकार बनेगी।

### मतदान के बाद बदली गईं पांच ईवीएम : कांग्रेस

**भोपाल।** मप्र में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब लोगों को बड़ी ही बेसब्री से मतगणना का इंतजार है। अब एक बार फिर ईवीएम मशीन को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रदेश की हॉट सीट में शुमार सेमरिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पांच ईवीएम में बदलाव किए गए। अभय मिश्रा ने बताया कि इसकी शिकायत करने पर रिटर्निंग ऑफिसर सही से जवाब भी नहीं दे पाए। प्रदेश के रीवा में सेमरिया सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अभय मिश्रा ने मतगणना से ठीक 48 घंटे पहले एक बड़ा धमाका करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार की देर शाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचे सेमरिया विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अभय मिश्रा ने कहा कि उनके हाथ कुछ ऐसे दस्तावेज लगे, जिसके बाद वह मामले की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

### जयपुर में मतगणना के लिए की गई विशेष व्यवस्था

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव के तहत जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों की मतगणना रविवार सुबह आठ बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में शुरू होगी जहां विशेष व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत तय मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदानकर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा साथ ही राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में विधानसभावार वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर चार से वाहन सहित प्रवेश करेगें।

# श्रीलंका में तेज हवाओं का अलर्ट जारी

**कोलंबो,** (एजेंसियां)। श्रीलंका में शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों के ऊपर एक दबाव विकसित होने के कारण तेज हवाओं और अशांत समुद्र के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने के कारण गहरे और उथले समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने और नौसैनिक समुदायों को तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्रों से सावधान रहना चाहिए। विभाग ने कहा कि मौसम की स्थिति तीन दिसंबर तक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगी लिहाजा एहतियाती उपाय के रूप में नौसैनिक और मछली पकड़ने वाले समुदायों को अगले 48 घंटों तक तट के साथ समुद्री क्षेत्रों में जाने से परहेज करने की दृढ़ता से सलाह दी जाती है। इसके अलावा वर्तमान में इन क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों से आग्रह किया जाता है कि वे तट की सुरक्षा पर लौट आएं या तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

# बर्फबारी कश्मीरियों को सुकून देती है पर सेना को नहीं



■ बीते एक पखवाड़े से पूरी कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर में हो रहे ताजा हिमपात के बाद स्थानीय लोग सर्दी से राहत महसूस जरूर करेंगे। बीते एक पखवाड़े से पूरी कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी था। अब हिमपात से इसमें राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि एलओसी के पहाड़ों पर भी बर्फ गिरी है लेकिन सेना को इस बार भी उम्मीद नहीं है कि बर्फबारी के कारण उसे घुसपैठ से राहत मिल पाएगी।

एलओसी के सीमावर्ती सेक्टरों में, राजौरी क्षेत्र से लेकर करगिल के अंतिम छोर तक, बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। सीमा के पहाड़ सफेद चादर में लिपटे नजर आने लगे हैं। इस बर्फबारी के कई लाभ सीमा पर तैनात सैनिकों को मिलने की उम्मीद है। एलओसी के क्षेत्रों में होने वाली भारी बर्फबारी के बाद रक्षाधिकारियों को घुसपैठ के प्रयासों में कमी आने की सबसे बड़ी उम्मीद है। और यह उम्मीद बसंत ऋतु तक रहने की आस इसलिए बंध गई है क्योंकि जितनी बर्फ एलओसी के पहाड़ों पर गिर रही है उसे पार करने की कोशिश करने का स्पष्ट अर्थ होगा मौत को आवाज देना।

बकौल सेनाधिकारियों के, अब उनके जवानों का ध्यान पाक सेना की गतिविधियों की ओर ही रहेगा और घुसपैठ की ओर से वे सुनिश्चित हो जाएंगें लेकिन यह सुनिश्चितता इतनी भी नहीं हो सकती क्योंकि पूर्व का अनुभव यह रहा है कि बर्फबारी के बावजूद कई बार पाकिस्तान ने घुसपैठियों को इस ओर धकेलने की कोशिश की है। एलओसी पर चौकसी तथा सतर्कता बरतने के लिए तैनात सैनिकों के लिए इस मौसम को राहत और आराम देने वाला कहा जाता रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण पारंपारिक घुसपैठ के मार्ग तो बंद हो ही जाते हैं पाक सैनिक भी गोलाबारी में कमी लाते रहे हैं।

# पांच राज्यों के चुनाव में 1766 करोड़ से ज्यादा से जब्त

स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों पर की कार्रवाई

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। सत्ता का सेमीफाइनल कहे जा रहे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ व राजस्थान सहित पांच राज्यों में खत्म हुए विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा बाजी अपने पक्ष में करने के लिए सारे पैतरे अपनाए गए। मतदाताओं को लुभाने के लिए न केवल नकदी बाटने की खबरे आई, बल्कि शराब सहित अन्य तमाम वस्तुओं को भी मुफ्त में बाटने का उपक्रम किया गया। हालांकि चुनाव आयोग की सख्ती के चलते बड़े पैमाने पर इन्हें जब्त भी किया गया। चुनाव आयोग द्वारा जिसकी अनुमानित कीमत 1766 करोड़ से ज्यादा की बताई गई है। स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भी जहां कई प्रमुख नेताओं को कारण बताओ नोटिस और सलाह जारी की कि वे आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें।


वहीं प्रतिद्वंदी दलों की शिकायतों को भी चुनाव आयोग ने संज्ञान में लिया। इसके चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी,असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा,बीआरएस प्रमुख व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया गया। बाद में इन्हें आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए परामर्श भी जारी किया गया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा कि वह अपनी उपलब्धियों का विज्ञापन जारी कर तेलंगाना चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। चुनाव आयोग ने इस मामले में कर्नाटक सरकार को भी नोटिस जारी किया।

# लापता भारतीय छात्र ब्रिटेन में नदी किनारे मृत पाया गया

**लंदन,** (एजेंसियां)। एक 23 वर्षीय भारतीय छात्र, जो 19 सितंबर को भारत से ब्रिटेन चला गया था, उसके परिवार द्वारा लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराने के चार दिन बाद टेम्स नदी के तट पर मृत पाया गया। द स्टैंडर्ड अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 21 नवंबर को सुबह लगभग 10.45 बजे एक राहगीर को मितकुमार पटेल का शव आइल ऑफ डॉग्स के कैलेडोनियन घाट पर नदी के किनारे मिला। पटेल को, जो पूर्वी लंदन के प्लाइस्टो में अपने चचेरे भाई के साथ रह रहा था, शेफ़ील्ड हॉलम विश्वविद्यालय में डिग्री और अमेज़ॅन में अंशकालिक नौकरी शुरू करने के लिए 20 नवंबर को शेफ़ील्ड जाना था। जब 17 नवंबर को वह रोजाना की सैर से घर नहीं लौटा तो पटेल के चचेरे भाई चिंतित हो गए और अगले दिन पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके अन्य चचेरे भाइयों ने लापता व्यक्तियों के लिए चैरिटी से संपर्क करना शुरू कर दिया, और पोस्टर और फ़्लायर्स के साथ उन क्षेत्रों में प्रचार करना शुरू कर दिया, जहां वह अक्सर जाता था। चचेरे भाइयों में से एक ने कहा कि अपनी मृत्यु से कुछ दिन पहले, पटेल ने एक रिश्तेदार को वॉयस संदेशों की एक श्रृंखला भेजी थी जिसमें उसने अपने जीवन को समाप्त करने की योजना की रूपरेखा तैयार की थी।



## वर्ग पहेली 6394




**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला, एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेनदेन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

### वर्ग पहेली-6393



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

विरोध — बीएनपी व अन्य पार्टियां हसीना से सत्ता छोड़ने की कर रही मांग

# बंगलादेश में आम चुनाव का बहिष्कार करेगी खालिदा जिया की पार्टी

**ढाका,** (एजेंसियां)। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) देश में आगामी सात जनवारी को होने वाले आम चुनाव का बहिष्कार करेगी।

ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

बीएनपी के प्रवक्ता एकेएम वहीदुज्जमां ने अपने बयान में कहा , हम चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। हम अपने रुख पर कायम हैं कि प्रधानमंत्री सुश्री शेख हसीना के सत्ता में रहते हुए किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे।



नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक भी पार्टी की ओर से एक भी सीट के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की कार्रवाई में उनकी पार्टी के हजारों सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। बीएनपी और अन्य पार्टियों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर सुश्री हसीना से सत्ता छोड़ने और निष्पक्ष सरकार को चुनाव चलाने की मांग की है, लेकिन सरकार ने इन मांगों को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने सुश्री हसीना पर पिछले दो चुनावों में धांधली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या और भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक अन्य प्रमुख विपक्षी दलों ने भी कहा है कि वे चुनावों का बहिष्कार करेंगे। इन दलों में जमात-ए-इस्लामी और इस्लामी आंदोलन बंगलादेश भी शामिल हैं।

## पत्रकार को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस अधिकारी निलंबित


**कुआलालम्पुर।** मलेशिया की पुलिस ने बंगलादेश के पत्रकार का अपहरण और उसे प्रताड़ित करने के मामले में संदिग्ध तीन मलेशियाई पुलिस अधिकारियों में से एक को निलंबित कर दिया है। मलेशियाई मीडिया ने कुआलालम्पुर के पुलिस प्रमुख अलाउद्दीन अब्दुल माजिद के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। श्री माजिद ने कहा कि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। जांच के नतीजे आने तक शेष दो अधिकारियों को भी इसी तरह के अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा हम आगे के घटनाक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपनी पहचान उजागर करने से परहेज करने वाले 30 वर्षीय पीड़ित पत्रकार ने दावा किया है कि खुद को पुलिस अधिकारी ताने वाले लोगों ने उसे तीन दिनों तक सेलांगोर के एक मकान में बंधक बनाकर रखा और उसके हाथ बांध दिये गये तथा बेंत से पिटायी की गयी। इसके अलावा उन्हें छोड़े जाने के एवज में लाखों रूपयों की फिरौती भी मांगी गयी।

# खेल जगत

## रोड्रिग्ज का साओ पाउलो छोड़ने पर संशय बरकरार

रियो डि जेनेरो। अमेरिका, मैक्सिको और अर्जेंटीना के क्लबों से जुड़ने की अटकलों के बीच कोलंबिया के फुटबालर जेम्स रोड्रिग्ज ने ब्राजील के अगले घरेलू फुटबॉल सत्र से पहले साओ पाउलो छोड़ने के संशय को बरकरार रखा है। कोलंबियाई 32 वर्षीय फुटबॉल खिलाड़ी जुलाई में दो साल के अनुबंध पर साओ पाउलो में शामिल होने के बाद से चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहा है।

ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब के लिए 14 मैचों में उन्होंने केवल एक गोल किया है। रियल मेड्रिड के पूर्व खिलाड़ी ने ग्लोबो एस्पोर्टे से कहा, मैं नहीं जानता कि 2024 में क्या होने वाला है। फुटबॉल में सब कुछ बहुत तेज़ी से बदलता है।



# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया से अंतिम टी-20 भी जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित करने पर

- रिंकू सिंह ने खुद को भारत का बेहतरीन फिनिशर साबित किया
- ऑस्ट्रेलिया के बेहरनडर्फ से भारत को चौकस रहना होगा

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और इशान किशन जैसे नौजवान सलामी बल्लेबाजों की बेखौफ बल्लेबाजी , रिंकू सिंह के मैदान पर उतरते ही दे दना तथा बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने सही वक्त पर विकेट चटकाने की क्षमता दिखा भारत को अनुभवी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में अंतिम मैच के बाकी रहते 3-1 की निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज जिता अपना 2024 के मध्य में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए टीम में स्थान पाने का अपना दावा मजबूत किया है। रिंकू सिंह ने दिखाया कि वह बेशक दे दनादन में यकीन करते हैं लेकिन उनके पास साथ ही पिच पर जरूरत के मुताबिक ठहरने के साथ सही वक्त पर गियर बदल कर दिखाया वह अब भारत के बेहतरीन फिनिशर हैं। भारत की निगाहें अब मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू बेंगलुरू में पांचवां व अंतिम भी जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित करने पर लगी है। रिंकू सिंह ने रायपुर में सीरीज के चौथे मैच में सही वक्त पर 49 रन की तेज पारी खेल कर खुद को भारत का बेहतरीन फिनिशर और इस टी-20 क्रिकेट सीरीज की बड़ी खोज साबित कर आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी-20 के साथ वन डे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में जगह बनाई। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिर के खिलाफ आखिर के दो ओवर में रिंकू सिंह (46) और जीतेश शर्मा(35) की पांचवें विकेट की 56 रन की भागीदारी के बाद अंतिम दो ओवर में सात रन के भीतर पांच विकेट खोए थे और इससे भारत को इसका बेहतर इस्तेमाल करने की जरूरत है।



मौजूदा टी-20 सीरीज के शुरू के तीनों में रनों का अंबार लगा लेकिन रायपुर की पिच खासतौर पर भारतीय स्पिनरो को रास आई। अब बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच के बल्लेबाजों के माकूल रहने की उम्मीद के कारण एक बार फिर दोनों टीम बड़े स्कोर की आस कर सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया को भारत को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोकना है तो फिर खासतौर सीरीज में दो अर्द्धशतक जडने वाले यशस्वी जायसवाल को पहले पॉवरप्ले में रिंकू सिंह को आखिरी मारधाड़ वाले ओवर में रोकना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलिया के लिए चार विकेट चटकाने के साथ किफायती गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज जेसन बेहरडर्फ से चौकस रहने की जरूरत है। सूर्य कुमार यादव के बतौर कप्तान अनुकरणीय खेल के नौजवानों से सजी भारतीय टीम ने बेखौफ खेल दिखाकर खेल का फॉर्मेट बदलने के साथ शुरू के चार टी-20 मैचों में तीन मैच जीत सीरीज अपनी मुट्ठी में कर लगातार दस मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया से बस फाइनल की इकलौती हार के साथ फाइनल में छह विकेट से हार से तीसरी बार आईसीसी वन डे खिताब जीतने की हसरत टूटने के गम को बहुत हद तक खत्म कर दिया। भारत की नौजवानों सज्जित इस टीम की टी-20 सीरीज में यह जीत इसलिए बेहद अहम है कि उसने ऑस्ट्रेलिया की जिस टीम का हराया उसमें आधे दर्जन से ज्यादा वन डे विश्व कप विजेता टीम के खिलाडियों के खिलाफ हासिल की। भारत अब दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाने से पहले पांचवें व अंतिम टी-20 मैच में अपने कई खिलाडियों को आराम देकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दीपक चाहर को फिर और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को मौका सकता है। ऑस्ट्रेलिया को टी20 सीरीज के चार मैचों मे तीसरे में जीत उसे वन डे विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले ग्लेन मैक्सवेल के तूफानी अविजित शतक की बदौलत मिली। ऑस्ट्रेलिया की कोशिश अंतिम टी-20 मैच जीत स्वदेश लौटने की होगी और ऐसे में रविवार को रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया ने मौजूदा टी-20 सीरीज में भारत के खिलाफ वन डे विश्व कप के रिजर्व खिलाड़ी रहे भारतीय मूल के लेग स्पिनर तनवीर सांगा व मैथ्यू शॉट सहित डेढ़ दर्जन से अधिक खिलाडियों को आजमाया है। ऑस्ट्रेलिया की मौजूदा सीरीज में दिक्कत यह रही है कि उसने रायपुर में जिन नए खिलाडियों को आजमया वे कसौटी पर खरे नहीं उतरे। खासतौर पर रायपुर में चौथे टी-20 मे बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन के सामने उसके यह खिलाड़ी नाचते नजर आए। भारत मौजूदा टी-20 सीरीज में अपने तेज गेंदबाज संयोजन खासतौर पर प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह की धुनाई को लेकर सही संयोजन से जूझता दिखा। चोट के बाद फिट होकर टीम में वापसी करने वाल दीपक चाहर नेअपने बाद के ओवर में अच्छी वापसी की। भारत के सीरीज के अंतिम मैच में बतौर तेज गेंदबाज दीपक चाहर, मुकेश कुमार और आवेश खान के साथ ही उतरने की उम्मीद है।

# हरमनप्रीत कप्तान,3 इंग्लैंड टी20, दो टेस्ट के लिए मजबूत टीमों की घोषणा



**मुंबई**। राष्ट्रीय चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाले टी-20 और उसके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए एक पूर्ण महिला टीम की घोषणा की है, क्योंकि शीर्ष सितारे दो घरेलू श्रृंखलाओं के लिए एक्शन में लौट आए हैं। 2014 के बाद पहली बार भारत के महिला घरेलू सत्र में टेस्ट क्रिकेट शामिल होगा। भारतीय टीम ने 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, दोनों विदेशी मुकाबलों में केवल दो टेस्ट खेले हैं। टीम ने दोनों मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और सम्मान बचाने में सफल रही।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा, महिला चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टी20 श्रृंखला के साथ-साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए टीम इंडिया (सीनियर महिला) टीम का चयन किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए टीम बाद में चुनी जायेगी। टी20 और टेस्ट दोनों टीमों में हरमनप्रीत कौर कप्तान होंगी और स्मृति मंधाना उनकी डिप्टी होंगी। जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकर और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे शीर्ष सितारे दोनों टीमों का हिस्सा हैं।

भारत का 2023-24 घरेलू क्रिकेट सीज़न मैचों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ शुरू होने वाला है, जिसमें इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो घरेलू टेस्ट शामिल हैं। कार्रवाई की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से होगी, जो 6 से 10 दिसंबर तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाली है। यह सीरीज दो मजबूत टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने का वादा करती है।

टी20 के बाद, टीमें 14 दिसंबर से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट के लिए तैयार होंगी। इसके अतिरिक्त, 21 दिसंबर से वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच निर्धारित है।

इंग्लैंड के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

**इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए भारत की टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देयोल , सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकर।

# जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग : 12 भारतीय मुक्केबाज फाइनल में



**नई दिल्ली**। भारत के जूनियर मुक्केबाजों ने आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और येरेवन, आर्मेनिया में शानदार प्रदर्शन के बाद उनमें से 12 मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया। अमीषा (54 किग्रा) और पायल (48 किग्रा) ने रोमानिया की ट्रिगोस बुकुर रोशियो और कजाकिस्तान की बिबोलसिंकीज़ी सिला के खिलाफ टीम इंडिया के लिए दिन की विजयी शुरुआत की। दोनों ने सर्वसम्मति से 5-0 से मुकाबला जीता। प्राची टोकस (80+किग्रा) ने रूस की ओसिपोवा मारिया पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे रेफरी को जीत हासिल करने के लिए पहले दौर में ही मुकाबला रोकना। दूसरी ओर, मेघा (80 किग्रा) ने ताकत और शक्ति का समान प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की त्सेंग एन ची के खिलाफ जीत हासिल की। रेफरी ने तीसरे राउंड में मुकाबला रोक दिया।

विनी (57 किग्रा) आकांशा (70 किग्रा) और सृष्टि (63 किग्रा) ने अपने विरोधियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5-0 से सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। विनी का मुकाबला ग्रीस की कांतजारी ओरियाना से था, जबकि आकांशा और सृष्टि का मुकाबला क्रमशः आयरलैंड की मैकडोनाग मैरी और कजाकिस्तान की के अलीना से था। निशा (52 किग्रा) ने पहले दौर में शुरुआती प्रभुत्व के बाद संघर्ष किया, लेकिन जल्द ही रूस की सिक्सटस डायना पर 4-1 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। लड़कों ने दमदार प्रदर्शन किया और पांच में से चार मुक्केबाजों ने जीत हासिल की।

# स्थिति की परवाह किए बिना सभी ने अपना खेल खेला : सूर्यकुमार

**रायपुर**। चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त लेने के बाद, भारत के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव इस बात की प्रशंसा कर रहे हैं कि कैसे उनकी टीम ने बिना किसी परवाह के मैच में अपना प्रदर्शन दिखाया। जितेश शर्मा और रिंकू सिंह ने भारत के लिए पर्याप्त फिनिशिंग टच प्रदान किया, जिसे ऑस्ट्रेलिया की कुछ स्पॉट-ऑन गेंदबाजी ने 174/9 तक सीमित कर दिया। रक्षा में, रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल ने आठ ओवरों में 4/33 के कुल आंकड़े के साथ वापसी की और ऑस्ट्रेलिया को 154/7 पर रोक दिया।

टॉस के अलावा सब कुछ हमारे हिसाब से हुआ (हँसते हुए)। जीतना बड़ा उत्साहवर्धक था, खासकर जिस तरह से लड़कों ने चरित्र दिखाया। स्थिति की परवाह किए बिना सभी ने खुद को व्यक्त किया और यही मैंने उनसे कहा- निडर रहें, अपना खेल खेलें और हम देखेंगे कि क्या होता है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल समाप्त होने के बाद सूर्यकुमार ने कहा, योजना बहुत स्पष्ट थी, स्टंप्स पर यॉर्कर फेंकने की और हम इसे वहां से लेंगे। अगर यह काम नहीं करता है, तो हम देखेंगे कि क्या होता है। बिश्नोई, जो श्रृंखला के लिए विकेट चार्ट में सबसे आगे हैं, ने गेंद से सफल होने में पर्याप्त समर्थन देने के लिए सूर्यकुमार और गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले को श्रेय दिया। जब स्काई ने मुझे गेंद दी तो मैं गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं पूरी सीरीज में अपनी गेंदबाजी से बहुत खुश हूं। इस ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत अच्छा है, हम सभी एक ही उम्र के हैं और हमने एक साथ बहुत खेला है। साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) हमारी ताकत का समर्थन करते हैं और हमें 100त्न समर्थन देते हैं, वह कहते हैं कि नई चीजों को आजमाने के लिए स्वतंत्र महसूस करें जिनके बारे में आप निश्चित हैं।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड भी बिश्नोई और अक्षर के गेंदबाजी प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे थे। उनके स्पिनरों ने वास्तव में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने हमें बांधे रखा और हम वास्तव में उस मध्य अवधि में आगे नहीं बढ़ सके। हम बीच में स्पिन को बहुत अच्छी तरह से नहीं खेल पाए और बहुत सारे विकेट खो दिए जिससे टिम डेविड के पास करने को बहुत कुछ रह गया। तो यह शायद खेल में सबसे बड़ा अंतर था। जाहिर है, बिश्नोई ने चारों मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है।

उन पर पकड़ बनाना काफी कठिन रहा है। कम अनुभव वाले हमारे कुछ खिलाड़ी उनका सामना करने से बहुत कुछ सीखेंगे। पटेल एक क्लास खिलाड़ी हैं, वह बहुत लंबे समय से एक क्लास गेंदबाज रहे हैं। आने वाले गेंदबाजों ने बहुत अच्छा काम किया, डवारशुइस ने बहुत अच्छा काम किया, वे वास्तव में खड़े हुए। हम स्थापित खिलाड़ियों के तहत खिलाड़ियों के बारे में सीखना जारी रखना चाहते हैं क्योंकि विश्व कप नजदीक है, इसलिए टीम के चारों ओर गहराई महत्वपूर्ण होगी।

# रिंकू सिंह के 100 मीटर लंबे छक्के का राज, अच्छा खाना, जिम में वजन उठाना

**रायपुर**। फॉर्म में चल रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा कि शुक्रवार रात रायपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 मैच के दौरान उनके 100 मीटर लंबे छक्के के पीछे का राज अच्छा खाना और जिम में भारी वजन उठाना है।

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, रिंकू ने 29 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और जितेश शर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिन्होंने 19 गेंदों में 35 रनों की तेज पारी खेली। भारत ने 20 ओवर में 174/9 रन बनाए, जो 20 रन से जीत के लिए काफी था। रिंकू ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में जितेश शर्मा से कहा, आपको पता ही है आपके साथ जिम ही करता हूं (आप जानते हैं, मैं आपके साथ जिम में ट्रेनिंग करता हूं)। मैं अच्छा खाना खाता हूं और मुझे जिम में वजन उठाना पसंद है और इससे मुझे स्वाभाविक रूप से (शॉट्स के लिए) शक्ति उत्पन्न करने में मदद मिलती है। मैं पांच-छह साल से आईपीएल में खेल रहा हूं. मैं आत्मविश्वास रखते हुए और खुद का समर्थन करते हुए खुद को शांत रखने की कोशिश करता हूं।



दूसरी ओर, जितेश ने स्वीकार किया कि वह बल्लेबाजी करते समय थोड़ा घबराया हुआ था क्योंकि वह पहली बार भारत में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहा था और उन्होंने महत्वपूर्ण साझेदारी के दौरान उसे शांत रखने के लिए रिंकू को धन्यवाद दिया। मैंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के दौरान चीन में खेला था और वह अफगानिस्तान के खिलाफ था। भारत में खेलना और वह भी घरेलू मैदान पर इतनी बड़ी भीड़ के सामने खेलना वाकई अच्छा लगा। इस खेल की सबसे अच्छी बात आपके साथ मेरी साझेदारी थी, जिसका मैंने भरपूर आनंद लिया। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मैं दबाव में था, लेकिन आप काफी शांत दिख रहे थे। मुझे शांत रखने के लिए भी मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। आप मुझसे कहते रहे कि हमें टिके रहने और साझेदारी बनाने की जरूरत है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है और रविवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांचवां और अंतिम मैच खेला जाएगा।

# चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाने के बारे में सोच रहा था : अक्षर पटेल

**रायपुर**। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने स्वीकार किया है कि वह बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण घरेलू धरती पर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने से चूकने के बारे में सोच रहे थे। 29 वर्षीय अक्षर को एशिया कप में चोट लगने के कारण विश्व कप टीम से देर से बाहर किया गया और उनके स्थान पर रविचंद्रन अश्विन को टीम में शामिल किया गया। तुम्हें (निराश) होना ही है। वर्ल्ड कप भारत में था, लेकिन वो चोट लग गई. पहले कुछ दिनों तक मैं इसके बारे में सोच रहा था कि चोट के कारण नहीं खेल पाऊंगा, खासकर जब टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 5-10 दिनों के बाद, मैं प्रशिक्षण पर वापस आ गया था और अपना पुनर्वास कर रहा था। लेकिन जब आप चोट के कारण बाहर होते हैं और उन 5-10 दिनों तक कुछ नहीं कर पाते हैं, तो आपको थोड़ा बुरा लगता है।

उसके बाद, मैं नियमित जीवन में लौट आया। मैं परेशान था, लेकिन चोट के कारण ऐसा हुआ; यह किसी के हाथ में नहीं है. यह खेल का अभिन्न अंग है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की, शुक्रवार रात रायपुर में चौथे मैच में मेजबान टीम की 20 रन की जीत के लिए 3-16 के अपने शानदार स्पैल के साथ आधार तैयार किया। उन्होंने इस बात को लेकर चिंतित होना स्वीकार किया कि उनका बायां क्वाड्रिसेप्स अंतरराष्ट्रीय खेल की कठिनाइयों से कैसे निपटेगा।

## सार संक्षेप

### रामकुमार लगातार दूसरे खिताब की कतार में, जापानी जोड़ी ने युगल खिताब जीता

**कालाबुरागी**। रामकुमार रामनाथन ने शनिवार को जापान के रयोतारो तागुची के खिलाफ लगभग त्रुटिहीन जीत के साथ कर्नाटक के कालाबुरागी में आईटीएफ कालाबुरागी ओपन के फाइनल में पहुंचकर लगातार पुरुष दूसरे खिताब की ओर कदम बढ़ाया। यहां चन्द्रशेखर पाटिल स्टेडियम कोर्ट में खेले गए सेमीफाइनल में, इस दुबले-पतले खिलाड़ी ने केवल 65 मिनट में मेहमान की चुनौती को पार करते हुए 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। खिताबी मुकाबले में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डेविड पिचलर से होगा, जिन्होंने मामूली उलटफेर में जापान के दूसरी वरीयता प्राप्त मात्सुडा रयुकी के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बीच, रयुकी और तागुची ने एक साथ जोड़ी बनाई और युगल का ताज अपने नाम किया।

### महिला प्रीमियर लीग 2024 खिलाड़ी नीलामी सूची की घोषणा

**मुंबई**। महिला प्रीमियर लीग खिलाड़ी नीलामी सूची का दूसरा संस्करण यहां 9 दिसंबर, 2023 को कुल 165 क्रिकेटरों के लिए नीलामी के लिए तैयार है। 165 खिलाड़ियों में से 104 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी हैं जिनमें से 15 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 56 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ी 109 हैं। पांच टीमों के पास अधिकतम 30 स्लॉट उपलब्ध हैं, जिसमें 9 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 50 लाख रुपये उच्चतम आरक्षित मूल्य है, जिसमें दो खिलाड़ियों - डींड्रा डॉटिन और किम गार्थ - ने शीर्ष ब्रेकेट में जगह बनाना चुना है। चार खिलाड़ी 40 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी सूची में हैं।

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी : बंगाल ने हैदराबाद के खिलाफ हासिल की बढ़त

**कोलकाता**। अवरादीप बिस्वास (34 रन पर पांच विकेट) के पंजे की मदद से बंगाल की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के मुकाबले में शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ पहली पारी में 48 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली।

# वर्ल्ड कप में श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा, ऐसी उम्मीद नहीं थी : मुरलीधरन

**नई दिल्ली**। श्रीलंका के स्पिन-गेंदबाजी के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम का प्रदर्शन बहुत निराशाजनक था और उन्हें टीम के इस तरह से सामने आने की उम्मीद नहीं थी। टूर्नामेंट में, 1996 के चैंपियन, श्रीलंका ने केवल दो मैच जीते, जबकि सात गेम हारकर भारत में अपना अभियान नौवें स्थान पर समाप्त किया, जबकि कप्तान दासुन शनाका सहित विभिन्न कर्मियों की चोटों से भी जूझना पड़ा।वे 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफिकेशन से भी चूक गए क्योंकि वे अंक तालिका में शीर्ष आठ टीमों से बाहर हो गए।

जियोसिनेमा पर अपनी बायोपिक 800 के ओटीटी लॉन्च के मौके पर मुरलीधरन ने शनिवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, जहां तक श्रीलंका टीम का सवाल है, उनके पास प्रतिभा है, लेकिन बात यह है कि उनमें प्रतिबद्धता और अनुशासन की थोड़ी कमी है। यदि वे कड़ी मेहनत और प्रयास करते हैं, तो वे निश्चित रूप से एक मजबूत टीम बन सकते हैं।

उन्होंने 2022 एशिया कप जीतकर इसकी कुछ झलक दिखाई, और वे भारत, पाकिस्तान और अन्य अच्छी टीमों को हराने में सक्षम हैं। लेकिन इस साल के विश्व कप में, यह बहुत निराशाजनक और बहुत ही खराब प्रदर्शन था, और मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। इसके अलावा, विश्व कप अभियान समाप्त होने के 24 घंटे बाद, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण श्रीलंका क्रिकेट की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, हालांकि वे अभी भी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल सकते हैं।

मैदान के बाहर की दुखद घटनाओं से मुरलीधरन भी दुखी थे। इसके अलावा, घर पर भी बहुत सारी समस्याएं हो रही हैं। इस क्रिकेट बोर्ड और देश ने मुझे इस पद तक आने में मदद की है। मैं कहूंगा, इस समय यह गड़बड़ है और सभी चीजों को ठीक करने के लिए किसी को आना होगा। व्यापक रूप से इस खेल के महानतम स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले, 1996 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मुरलीधरन 800 टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं, जबकि उन्होंने वनडे में 534 विकेट लिए हैं। अपने खेल करियर के बाद, मुरलीधरन 2015 से आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच रहे हैं, इसके अलावा वह बंगाल की घरेलू टीम और ऑस्ट्रेलिया के लिए स्पिन गेंदबाजी सलाहकार भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि हैदराबाद, जो पिछले साल के आईपीएल में अंक तालिका में सबसे नीचे रही, 2024 सीज़न में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए (2014 और 2016 में) थोड़ी कोचिंग की। तब सौरव गांगुली ने मुझे आकर बंगाल क्रिकेट की मदद करने के लिए कहा, जो मैंने पांच साल तक किया। मैंने कोलकाता में इसका भरपूर आनंद लिया, जहां उस समय वीवीएस लक्ष्मण भी वहां मौजूद थे, जिन्होंने वहां युवा बंगाली क्रिकेटरों को अपना ज्ञान विकसित किया और उन्हें दिया।



सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक एक परिवार की तरह हैं इसलिए उन्होंने मुझे आने के लिए कहा और जैसे ही मैंने आईपीएल से संन्यास लिया, मैं उनके साथ जुड़ गया। हमने वहां बहुत अच्छे पल बिताए और युवा क्रिकेटरों के साथ ज्ञान साझा किया, साथ ही यह भी समझा कि अनुभवी क्रिकेटर कहां रहना चाहते हैं। आईपीएल में कोचिंग के लिए, आप कोई तकनीक या ऐसा कुछ नहीं कर सकते, यह रणनीति और मानसिकता पर अधिक निर्भर है। मैं उस भूमिका का आनंद लेता हूं क्योंकि मैं टीम के साथ दो महीने बिताता हूं और इसके अलावा, हम अन्य कोचों, सीईओ और मालिकों के साथ-साथ टीम बनाने के बारे में बात करते हैं। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इसलिए हम इतने लंबे समय तक सफल रहे हैं, लेकिन पिछले तीन साल हमारे रास्ते में नहीं रहे। इसलिए, कुछ बदलाव किए गए और सब कुछ हुआ, लेकिन मुझे लगता है कि हम निश्चित रूप से वापस आएंगे। हम कुछ बदलाव करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम आईपीएल (आगामी सीज़न) में एक मजबूत टीम बनें।

## सुडोकू 6394 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |


| SENSEX | BSE | 67481.19 ▲ 492.75 | 20267. 90 ▲ 134.75 | MCX | Gold 63137 ▲ 25 | silver 76237 ▼ 356 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 2 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध है।







## जीएसटी कलेक्शन में लगातार चौथी बार 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि

नई दिल्ली। सरकार के लिए लगातार अच्छी खबरें आ रही हैं. सबसे पहले जीडीपी के आंकड़ों ने सरकार को खुश किया. जिसके बाद विधानसभा चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल के आंकड़ों ने सरकार को राहत दी है.लगातार तीसरे महीने जीएसटी का आंकड़ा रु. 1.60 लाख करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है. पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले जीएसटी का आंकड़ा 15 फीसदी बढ़ा है. वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार शाम जीएसटी से कमाई के आंकड़े जारी किए. नवंबर में जीएसटी संग्रह 15 प्रतिशत बढ़कर रु. 1.67 लाख करोड़ का हुआ है. यह लगातार चौथा महीना है जब जीएसटी आय रु. 1.60 लाख करोड़ पार हो चुका है. जबकि अक्टूबर महीने में जीएसटी डेटा 1.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा देखा गया था.कुल जीएसटी राजस्व रु. 30,420 करोड़ सीजीएसटी, रु. 38,226 करोड़ एसजीएसटी और रु. आईजीएसटी में 87,009 करोड़ और उपकर में 12,274 करोड़ रुपये (सामान्य आयात से 1,036 करोड़ रुपये सहित)।

## थोक मंडियों में तेजी से लुढ़का प्याज पर खुदरा में भाव अभी भी ऊंचे

*नई दिल्ली। नई आवक के बाद मंडियों में प्याज के दाम तेजी से गिर रहे हैं, लेकिन इसका प्याज की खुदरा कीमतों पर खास असर होता नहीं दिख रहा है। खुदरा बाजार में प्याज के भाव तेज बने हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर में प्याज की औसत खुदरा कीमत में इजाफा हुआ है। मगर दिल्ली में इस कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इस साल खरीफ सीजन वाले प्याज का उत्पादन 15 से 20 फीसदी घटने का अनुमान है।*



**मंडियों में प्याज के थोक भाव 30 फीसदी तक घटे** - इस साल मंडियों में प्याज के थोक भाव अपने उच्च स्तर से 30 फीसदी तक गिर चुके हैं। मुख्य उत्पादक राज्य महाराष्ट्र की प्रमुख मंडी पिंपलगांव में 27 अक्टूबर को प्याज के थोक 2,500 से 5,856 रुपये रुपये प्रति क्विंटल थे, जो गिरकर 1,500 से 4,500 रुपये प्रति क्विंटल रह गए हैं। मंडी में 27 अक्टूबर को दर्ज प्याज का अधिकतम भाव 5,856 रुपये इस साल का सबसे अधिक भाव रहा। 27 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्याज की मॉडल कीमत (इस भाव पर ज्यादातर बिक्री होती है) 4,900 रुपये से गिरकर 3,500 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। कर्नाटक की बेंगलुरु मंडी में प्याज की औसत कीमत इस दौरान 16 फीसदी से अधिक गिर चुकी है। आजादपुर मंडी में प्याज इस समय 1,500 से 3,900 रुपये बिक रहा है, जबकि 27 अक्टूबर को 2,500 से 5,500 रुपये क्विंटल बिका था।

**मंडियों में प्याज काफी सस्ता होने के बाद भी खुदरा बाजार में चढ़े दाम** - मंडियों में 27 अक्टूबर को प्याज के थोक भाव साल का उच्च स्तर छूने के बाद लगातार गिर रहे हैं, लेकिन खुदरा बाजार में इस गिरावट का खास असर नहीं दिख रहा है। इस दौरान मंडियों में प्याज की मॉडल कीमत 30 फीसदी तक घट चुकी है। लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर में प्याज की औसत खुदरा कीमत में करीब 33 फीसदी इजाफा हो गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार 27 अक्टूबर को देश भर में प्याज की औसत खुदरा कीमत 43.27 रुपये थी, जो आज बढ़कर 57.74 रुपये प्रति किलो हो गई। इस दौरान अधिकतम कीमत 77 रुपये से बढ़कर 90 रुपये किलो हो गई। हालांकि कुछ दिनों से औसत खुदरा भाव में करीब 2 से 3 रुपये किलो की कमी आई है। अक्टूबर से अब तक महाराष्ट्र में प्याज की औसत खुदरा कीमत 44 रुपये से बढ़कर 53.37 रुपये, मध्य प्रदेश में 37.98 रुपये से बढ़कर 54.93 रुपये, कर्नाटक में 42.19 रुपये से बढ़कर 58.77 रुपये और उत्तर प्रदेश में 38.41 रुपये से बढ़कर 56.84 रुपये किलो हो गई है। हालांकि इस दौरान दिल्ली में प्याज की औसत खुदरा कीमत में कमी आई है। 27 अक्टूबर को दिल्ली में इसकी कीमत 68 रुपये किलो थी, जो गिरकर अब 60 रुपये किलो रह गई है।

## देश में चीनी उत्पादन 11 फीसदी घटा

*नई दिल्ली। देश में चीनी उत्पादन अक्टूबर-नवंबर के दौरान 10.65 प्रतिशत घटकर 43.2 लाख टन रहा। यह चालू चीनी वर्ष 2023-24 के पहले दो महीने हैं। सहकारी संस्था एनएफसीएसएफएल ने यह जानकारी दी।*



चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। एक साल पहले की समान अवधि में उत्पादन 48.3 लाख टन हुआ था। भारत दुनिया के सबसे बड़े चीनी उत्पादक देशों में से एक है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के अनुसार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन के कारण देश का कुल चीनी उत्पादन कम हो गया है।

देश में चीनी के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन इस सत्र के अक्टूबर-नवंबर में 13.5 लाख टन रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह उत्पादन 20.2 लाख टन का हुआ था। देश के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में चीनी उत्पादन भी पहले के 12.1 लाख टन के मुकाबले घटकर 11 लाख टन रह गया। सहकारी संस्था ने एक बयान में कहा, हालांकि, देश में चीनी के शीर्ष उत्पादक राज्य, उत्तर प्रदेश में उत्पादन पिछले साल की समान अवधि के 10.6 लाख टन की तुलना में चीनी उत्पादन बढ़कर 13 लाख टन रहा। चालू सत्र के पहले दो महीनों में चीनी प्राप्ति का स्तर 8.45 प्रतिशत रहा।

एनएफसीएसएफएल के आंकड़ों के अनुसार, चीनी उत्पादन कम था क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में पेराई किए गए गन्ने की कुल मात्रा कम थी। चीनी सत्र 2023-24 के अक्टूबर-नवंबर के दौरान लगभग पांच करोड़ 10.1 लाख टन गन्ने की पेराई की गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह मात्रा पांच करोड़ 70.6 लाख टन थी। यहां तक कि चालू चीनी मिलों की संख्या भी पहले के 451 की तुलना में 433 रही। एनएफसीएसएफएल ने 2023-24 सत्र के लिए कुल चीनी उत्पादन दो करोड़ 91.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले सत्र के 3.3 करोड़ टन से कम है।

## रियल एस्टेट : जुलाई-सितंबर में मकानों की बिक्री 22 प्रतिशत बढ़ी

*नई दिल्ली। कोरोना काल में सबसे ज्यादा असर रियल एस्टेट सेक्टर पर पड़ा था। रियल एस्टेट सेक्टर ध्वस्त हो गया था। अब देश में रियल एस्टेट सेक्टर ने रफ्तार पकड़ी है। मकानों और प्रॉपर्टी की बिक्री में तेजी आई है।*

देश के टॉप 8 हाउसिंग बाज़ारों में मजबूत वृद्धि जारी है। जुलाई-सितम्बर 2023 में बिक्री 22 प्रतिशत और नई आपूर्ति 17 प्रतिशत बढ़ी है। रियल एस्टेट डिजिटल मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने 'रियल इनसाइट रेजिडेंशियल-जुलाई-सितंबर 2023' रिपोर्ट जारी की है। बता दें कि प्रॉपटाइगर डॉट कॉम एक प्रमुख डिजिटल रियल एस्टेट ब्रोकरेज कंपनी है, जिसका स्वामित्व आरईए इंडिया के अधीन है। यह हाउसिंग डॉट कॉम और मकान डॉट कॉम की पैरेंट कंपनी भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, आवासीय इकाइयों की बिक्री पिछले साल की तीसरी तिमाही के



83,220 यूनिट्स से बढ़कर इस साल की तीसरी तिमाही में 1,01,220 यूनिट्स पर पहुंच गई है।

**सभी शहरों में खूब हुई बिक्री** - चेन्नई को छोड़कर सभी शहरों में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज हुई और कुल बिक्री में मुम्बई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे की हिस्सेदारी आधे के करीब है। यह तिमाही रिपोर्ट आठ बड़े हाउसिंग बाज़ारों पर आधारित है, जिनमें दिल्ली-एनसीआर, एमएमआर, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद शामिल हैं। आरईए इंडिया के सीएफओ और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के बिजनेस हेड विकास वधावन के मुताबिक, शीर्ष आठ शहरों में हाउसिंग मार्केट्स में लगातार तेजी आ रही है। यह मजबूत मांग उपभोक्ताओं के सकारात्मक रुझान के कारण है।

**खूब बिक रहे मकान** - प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के डेटा के मुताबिक, अहमदाबाद में घरों की बिक्री की संख्या वार्षिक 31 फीसदी इजाफे के साथ 7,880 से बढ़कर 10,300 पर पहुंच गई है। बेंगलुरु में बिक्री में 60 प्रतिशत की अधिकतम वृद्धि दर्ज हुई है। इसके साथ यूनिट्स की संख्या 7,890 से बढ़कर 12,590 हो गई है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 44 प्रतिशत थी। यूनिट्स की संख्या 5,430 से बढ़कर 7,800 पर दर्ज हुई है। हैदराबाद ने बिक्री में 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जहां यूनिट्स की संख्या पिछले 10,570 की तुलना में 14,190 पर पहुंच गई है। कोलकाता में बिक्री में 43 प्रतिशत वृद्धि के साथ यूनिट्स की संख्या 2,530 से बढ़कर 3,610 पर दर्ज हुई है। मुंबई में सामान्य 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## सरकार ने ई-कॉमर्स मंच पर डार्क पैटर्न पर प्रतिबंध लगाया

*नयी दिल्ली। सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए ई-कॉमर्स मंचों पर डार्क पैटर्न के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। कंपनियां या कारोबारी डार्क पैटर्न के जरिए ग्राहकों को धोखा देने या उनके व्यवहार अथवा पसंद को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।*

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 30 नवंबर को इस संबंध में 'डार्क पैटर्न रोकथाम एवं विनियमन दिशानिर्देश' के लिए गजट अधिसूचना जारी की। यह अधिसूचना भारत में वस्तुओं और सेवाओं की पेशकश करने वाले सभी मंचों और विज्ञापनदाताओं तथा विक्रेताओं पर भी लागू है।

नए दिशानिर्देशों के मुताबिक डार्क पैटर्न का सहारा लेना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन होगा। इसे भ्रामक विज्ञापन या अनुचित व्यापार व्यवहार माना जाएगा। ऐसा करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने मीडिया से कहा, ई-कॉमर्स बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनकी खरीदारी के विकल्पों और व्यवहार में हेरफेर करके गुमराह करने के लिए मंचों द्वारा डार्क पैटर्न का तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिसूचित दिशानिर्देश सभी हितधारकों-खरीदारों, विक्रेताओं, बाजारों और नियामकों के लिए स्पष्टता लाएंगे कि अनुचित व्यापार गतिविधियों के रूप में क्या स्वीकार्य नहीं है।

## भारतीय रिफाइनर्स को रूसी तेल आयात पर अमेरिकी जांच का डर !

*नयी दिल्ली। भारत में रूसी तेल शिपमेंट पर अमेरिका में जांच इस महीने व्यवधान पैदा कर सकती है। जहाज ट्रैकिंग डेटा और उद्योग स्रोतों के अनुसार, अक्टूबर की तुलना में नवंबर में रूसी कच्चे तेल की भारतीय खरीद में 7 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, चल रही जांच एक संभावित चुनौती है।*

**अमेरिका बना रहा रूसी तेल की छूट पर रोड़ा** - रूसी तेल पर छूट, जो लगभग 4.50-5 प्रति बैरल थी, संकट में है क्योंकि भारत में शिपिंग की लागत बढ़ रही है। लगभग 10 दिन पहले जहाज दलालों ने 12 डॉलर प्रति बैरल तक भाव लगाया था, जो पिछले महीने के 8 डॉलर प्रति बैरल से 50 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि अमेरिका द्वारा भारत में रूसी तेल ले जाने वाले पांच टैंकरों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रतिक्रिया है। अमेरिका द्वारा आगे कोई कार्रवाई नहीं करने के बाद शिपिंग लागत लगभग 9.5 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। उद्योग सूत्रों के अनुसार, माल ढुलाई दरें बढ़ने से आम तौर पर छूट कम हो जाती है। हालांकि, इसमें और अधिक सख्ती की गुंजाइश नहीं है, क्योंकि 3-4 प्रति बैरल की छूट पर, रूसी बेंचमार्क यूराल्स ग्रेड की तुलना में खाड़ी क्रूड रिफाइनर्स के लिए अधिक आकर्षक हो जाते हैं। सितंबर में, छूट 7-8 प्रति बैरल थी और साल की शुरुआत में वे .12-13 प्रति बैरल तक थी। चल रही अमेरिकी जांच दिसंबर लोडिंग को प्रभावित कर सकती है, जिससे संभावित रूप से रूसी तेल सप्लाई में 1.5 मिलियन बैरल प्रति दिन के स्तर




से नीचे की गिरावट आ सकती है। इस प्रभाव की सीमा इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिका रूसी तेल निर्यात को बाधित करने के लिए कितना दृढ़ है, जैसा कि मुंबई स्थित एक रिफाइनिंग अधिकारी ने बताया है।

**भारत ने रूस से बढ़ाया अपना तेल निर्यात** - पेरिस स्थित बाजार खुफिया एजेंसी केप्लर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने पिछले महीने रूस से अपने कच्चे तेल के आयात को बढ़ाकर 1.69 मिलियन बैरल प्रति दिन (बी/डी) कर दिया, जो अक्टूबर में 1.58 मिलियन बैरल/दिन था। इस बीच, पिछले महीने की तुलना में नवंबर में इराकी आपूर्ति 21 प्रतिशत बढ़कर 1.02 मिलियन बी/डी हो गई। हालांकि, ज्यादा महंगे सऊदी अरब ग्रेड के शिपमेंट में 23 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 678,000 बी/डी हो गया। केप्लर के अनुसार, नवंबर में, भारत के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल का हिस्सा बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया, जो अक्टूबर में 36 प्रतिशत था लेकिन सितंबर के 43 प्रतिशत से कम था। इंडियन ऑयल रूस से 505,000 बैरल प्रति दिन (बी/डी) के साथ आयात में सबसे आगे है, इसके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज 305,000 बैरल/दिन और भारत पेट्रोलियम 254,000 बैरल/दिन है। अक्टूबर में अमेरिका द्वारा प्राइस कैप को सख्ती से लागू करने, जिसमें रूसी तेल ट्रांसपोर्ट करने वाले पांच टैंकरों की जांच शामिल है, ने रिफाइनर्स और व्यापारियों के बीच चिंताएं बढ़ा दी हैं।

रूसी कच्चे तेल के व्यापारियों ने रिफाइनिंग अधिकारियों को सूचित किया है कि ट्रांसपोर्ट लागत में अचानक वृद्धि से उनके मार्जिन पर असर पड़ रहा है और छूट प्रभावित हो सकती है। उद्योग के अधिकारियों के अनुसार, यदि अमेरिका अधिक टैंकरों को ब्लैकलिस्ट करता है, तो माल ढुलाई दरें बढ़ सकती हैं, जिससे छूट कम हो जाएगी।

## आईआईएफएल 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा



*नयी दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा।*

ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं।

आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी और सीईओ, वेंकटेश एन ने कहा, ''आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यत: अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है।

## एसएआइसी मोटर और जेएसडब्लू ग्रुप ने एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की

*मुंबई। एसएआइसी मोटर ने जेएसडब्लू समूह के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम में प्रवेश किया है। एसएआइसी एक फॉर्च्यून 500 कंपनी है और इसका वार्षिक राजस्व लगभग 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर है और यह 100 से अधिक देशों में कार्यरत है।*




जबकि जेएसडब्लू अमेरिका के साथ भारत के अग्रणी वैश्विक व्यापार समूहों में से एक है। यह विविध व्यवसायों से 23 बिलियन डॉलर का राजस्व हासिल कर रही है। लंदन में एमजी कार्यालय में एसएआईसी के अध्यक्ष वांग जियाओकिउ और जेएसडब्ल्यू समूह के पार्थ जिंदल द्वारा शेयरधारक समझौते और शेयर खरीद और शेयर सदस्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसका मकसद भारत में एमजी मोटर के परिवर्तन और विकास में तेजी लाना है।

एसएआइसी मोटर और जेएसडब्लू ग्रुप ऑटोमोबाइल नई तकनीक के क्षेत्र में संसाधनों को एक मंच पर लाकर रणनीतिक तालमेल बनाएंगे। यह ज्वाइंट वेंचर कई नई पहल भी करेगा। इनमे स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाना, चार्जिंग के बुनियादी ढांचे में सुधार, उत्पादन क्षमता का विस्तार और हरित गतिशीलता पर ध्यान देने के साथ साथ वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना शामिल है।

समझौते के अनुसार जेएसडब्लू की इस भारतीय संयुक्त उद्यम में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। एसएआइसी भारतीय उपभोक्ताओं पर फोकस करता रहेगा। इसके साथ साथ यह असाधारण गतिशीलता और समाधान प्रदान करने के लिए यह इस वेंचर को उन्नत प्रौद्योगिकी प्रदान करता रहेगा।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 63300 चांदी रिफाइन - 76700

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 63300 चांदी रिफाइन - 76700


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 28 |
| एक यूरो | 90. 49 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105 . 16 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 05 |
| एक जापानी येन | 00. 56 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 86 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-114 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
**बिना ऑपरेशन**
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु
**आवश्यकता है**
उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट
Posts-Computer Operator
Accountant, Office Ass.,
HR, Advisor, Health
Advisor, Admin.
MO: - 7880251021
8767693588


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# चक्रवात के चलते रेलवे ने की 38 ट्रेनें निरस्त




**जबलपुर, देशबन्धु।** आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों से मिचौंग साइक्लोन के टकराने के मद्देनजर रेल प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए कई ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है।

इन रेलगाड़ियों में पमरे से गुजरने वाली निरस्त की गई रेलगाड़ियों में गाड़ी संख्या 03251 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरू एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 3 दिसंबर को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेन निरस्त, गाड़ी संख्या 03152 एसएमवीटी बेंगलुरू-दानापुर स्पेशल ट्रेन 5 दिसंबर को। गाड़ी संख्या 06509 केएसआर बेंगलुरू-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 06510 दानापुर-केएसआर बेंगलुरू एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12269 एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-हजरत निजामुद्दीन दुरंतो एक्सप्रेस 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12270 हजरत निजामुद्दीन- एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल दुरंतो एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12295 एसएमवीटी बेंगलुरू-दानापुर संगमित्र एक्सप्रेस 3 दिसंबर, 4 दिसंबर एवं 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12296 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरू संगमित्रा एक्सप्रेस 5 दिसंबर, 6 दिसंबर एवं 7 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12389 गया-एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12390 एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-गया एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12511 गोरखपुर-कोचुवेली राप्तीसागर एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12512 कोचुवेली-गोरखपुर राप्तीसागर एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12615 एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-नई दिल्ली जी टी एक्सप्रेस 3 दिसंबर, 4 दिसंबर एवं 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12616 नई दिल्ली-एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल जी टी एक्सप्रेस 5 दिसंबर, 6 दिसंबर एवं 7 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12621 एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-नई दिल्ली तमिलनाडु एक्सप्रेस 3 दिसंबर एवं 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12622 नई दिल्ली-एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल तमिलनाडु एक्सप्रेस 5 दिसंबर एवं 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12625 त्रिवेंद्रम-नई दिल्ली केरला एक्सप्रेस 3 दिसंबर एवं 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12626 नई दिल्ली-त्रिवेंद्रम केरला एक्सप्रेस 5 दिसंबर एवं 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12651 मदुरई - हज़रत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12652 हज़रत निज़ामुद्दीन-मदुरई एक्सप्रेस 7 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12669 एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल - छपरा गंगाकावेरी एक्सप्रेस 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12670 छपरा-एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी एक्सप्रेस 6 दिसंबर को।, गाड़ी संख्या 12687 मदुरई-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12688 चंडीगढ़-मदुरई एक्सप्रेस 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12968 जयपुर-एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 12967 एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-जयपुर एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 16787 तिरुनेलवेली-श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 16788 श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस 7 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22404 पुडुचेरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22403 नई दिल्ली-पुडुचेरी एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22536 बनारस- रामेश्वरम एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22535 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22613 रामेश्वरम-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 3 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22614 अयोध्या कैंट-रामेश्वरम एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22669 एर्नाकुलम-पटना एक्सप्रेस 2 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22670 पटना एर्नाकुलम एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22674 मन्नारगुड़ी-भगत की कोठी एक्सप्रेस 4 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 22673 भगत की कोठी- मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस 7 दिसंबर को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

## भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस की सेवाएं बहाल

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22161/22162 भोपाल-दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस की सेवा बहाल कर दी गई हैं। अत: गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस दिनांक 03.12.2023 से तथा गाड़ी संख्या 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस दिनांक 04.12.2023 से अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी।

# शनिवार को निकली धूप, बारिश पर लगी रोक



## किसान, बुजर्गो और बच्चों को मौसम की मार से मिलेगी राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम का मिजाज फिर से बदलने लगा है। शनिवार को सुबह से आसमान पर बदली कम होने लगी और धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत महसूस हुई। बीते दिनों से लगातार बारिश के बीच आम तौर सामान्य रहने वाला जनजीवन प्रभावित हो रहा था। धूप देखने को नहीं मिल रही थी। इस दौरान सबसे अधिक बुजुर्ग जन परेशान रहे। आम तौर इस तरह के मौसम के चलते बुजुर्ग एवं बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने अच्छी खबर दी है, जिसमें 3 दिसंबर से आसमान और ज्यादा साफ हो सकता है एवं बारिश का दौर भी थमने की संभावना है।

हालाकि यह और बात है कि आसमान में बादल कम होने के साथ ही ठंड बढ़ने से इंकार नहीं किया जा रहा है। इधर ग्रामीण अंचल में धान की फसल बचाने के लिये किसान जमकर मशक्कत कर रहे थे। जिले के पनागर, सिहोरा, पाटन, मझौली आदि क्षेत्रों में सैकड़ों ऐसे गांव हैं जहां पर खेत में कटने को तैयार धान की फसल बीते दिनों होने वाली बारिश से खराब होने की कगार पर पहुंच गई है।

पानी की मार से बचाने के लिये किसानों ने खेत में तिरपाल और दूसरे माध्यमों का उपयोग किया बावजूद संसाधन कम पड़ गये और क ई किसानों की धान की फसल खराब हो गई। ऐसा बताया गया है कि धान खरीदी में इस बार विलंब हुआ है, शासन प्रशासन ने समय पर धान खरीदी का कार्यक्रम नहीं बनाया जिसका खामियाजा किसान उठाने को मजबूर हैं। यह और बात है कि 1 दिसंबर को धान खरीदी का ऐलान किया गया, पहले दिन धान खरीदी केंद्रो में किसान नहीं पहुंचे। इसके पीछे भी अचानक से धान खरीदी का ऐलान बताया जा रहा है।

उधर मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 044.4 मिमी बारिश बीते चौबीस घंटे से अब तक दर्ज की गई है। वहीं सुबह का तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो बीते साल की अपेक्षा अधिक है। 2 दिसंबर को साल 2022 को सुबह का तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस था।

## बंजारी घाट के पास भीषण सड़क हादसा

# लोहे की सरियों से भरे ट्रक से टकराया दूसरा ट्रक, एक की मौत




**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना अंतर्गत बंजारी घाट के पास शनिवार सुबह एक दो ट्राला और ट्रक में भिड़ंत हो गई। जिसमें सरिया लोड़ ट्राले में ट्रक घुस गया। हादसे में एक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। घाट होने के कारण यहां सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। जिसके लिये यातायात पुलिस ने भी अभी तक कोई उचित कदम नहीं उठाये हैं। जिससे यह हादसे हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लोहे की सरिया से भरा ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीसी 5841 बंजारी घाटी में पलट गया था। तभी पीछे से आ रहा है एक दूसरा ट्रक क्रमांक एपी 39-डब्लू-6199 आगे वाले ट्रक में जा घुसा गया। बताया जा रहा है कि पीछे वाले ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी की, कि उसका चालक आगे वाले ट्रक में रखे सरिया में जा घुसा। बरगी पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम शेख अहमद बासा निवासी आंध्र प्रदेश जिला गोदावरी बताया गया।

कोई हादसे में घायल ट्रक के क्लीनर राघव राज को पुलिस ने इलाज के लिए मेडिकल भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोदो की रोटी खाकर एक ही परिवार के 4 लोग बीमार

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिसे में एक ही परिवार के 4 सदस्य बीमार हो गए। बताया जा रहा है कि सभी ने बीती रात कोदो की रोटी खा ली थी। जिसके बाद अचानक से सबको बेचैनी होने के साथ ही उल्टी होने लगी। हालांकि समय रहते ही सभी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कटनी जिले में कोदो की रोटी खाकर एक ही परिवार के 4 लोग बीमार हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बीती रात करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बिलहरी अंतर्गत ग्राम करहिया निवासी 67 वर्षीय कोदू रजक और उनका पूरा परिवार रात के वक्त कोदो की रोटी खाकर सो गया था, लेकिन साढ़े 11 बजते ही 7 वर्षीय मासूम सहित उसके दादा, दादी और माता-पिता को बेचैनी के साथ उल्टी शुरू हो गई। हालांकि इसमें बच्चे के पिता विष्णु की हालत काफी हद तक ठीक थी, जिसने तत्काल 108 को कॉल करके परिवार के सभी लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति से अवगत कराया। बता दें कि 1 घंटे के अंदर ही एंबुलेंस गांव से होते हुए घर तक जा पहुंची, जहां सभी को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों ने जांच शुरू कर दी थी।



# स्कूल के सेप्टिक टैंक में गिरने से 3 साल के मासूम की मौत

## परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम, पुलिस ने लोगों को दी समझाईश

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के एक स्कूल के सेप्टिक टैंक में गिरी 3 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन व स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना है कि लापरवाही की वजह से टैंक कई महीनों से खुला पड़ा था, उसमें कई मवेशियों की भी मौत हुई है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत सरपंच सचिव से की थी, लेकिन उसे बंद नहीं करवाया गया।

उल्लेखनीय है कि चौकी अंतर्गत मझौली गांव की रहने वाली काजल गुप्ता पिता सीताराम गुप्ता (3) वर्ष घर के समीप खेल रही थी। तभी घर के बगल में मझौली शासकीय विद्यालय के खुले सेप्टिक टैंक में वह खेलते खेलते जा गिरी। काफी देर तक जब उसका पता नहीं लगा तो परिजन ने उसकी तलाश की, जिसका शव टैंक में मिला है। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

उक्त घटना से परिजन सहित ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने सकरा गांव में जाम लगा दिया है। यह मार्ग गिरवा से केशवाही पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग है। चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि घटना की जानकारी लगते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। लोगों को समझाइश दी जा रही है।

# उड़ीसा से निकला 28 लाख का 190 किलो गांजा पकड़ा गया

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी पुलिस ने उड़ीसा से सीधी जा रही गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। पूरी कार्रवाई कुठला पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर से लगे बाईपास हाइवे के पास अंजाम दी है, जहां कुठला पुलिस को एक ट्रक में गांजे से भरी 8 बोरियां मिली है। इस पूरे मामले पर कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप लेकर छत्तीसगढ़ के रास्ते मप्र में दाखिल होकर सीधी जिले की तरफ जा रहा था। तभी जबलपुर जोन की नारकोटिक्स इंटेलिजेंस विंग की टीम से जानकारी मिली कि ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 4165 में गांजा लेकर सीधी जिले जा रहा था, जिसके बाद थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने अपने दल बल के साथ घेराबंदी करते हुए खड़ी गाड़ी को पकड़ा। जिसकी जांच में भूसा भरा मिला, लेकिन अन्दर तक जांच करने पर सफेद बोरी मिली।

बताया जा रहा है कि इसे खोलने पर गांजा मिला, जिसका वजन 190 किलो निकला। इसकी कीमत 28 लाख रुपये बताई गई है। इस पूरे मामले के बाद कुठला पुलिस ने सीधी निवासी आरोपी ड्राइवर नंदलाल पटेल को ट्रक सहित थाने लेकर गई। जहां उसपर धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं कुठला प्रभारी की बेहतर कार्रवाई पर एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने पूरी टीम को 10 हजार की राशि से पुरुस्कृत किया है।

# जवाब न आने पर रीवा कलेक्टर होंगे हाजिर



## तालाब की अवैध खरीद-फरोख्त संबंधी मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रीवा करहिया तालाब की शासकीय भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त किये जाने संबंधी आरोप को हाईकोर्ट ने काफी सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई दौरान शासन की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई। जिस पर न्यायालय ने चार सप्ताह की मोहलत देते हुए कहा है कि यदि अगली सुनवाई पर जवाब नहीं आया तो रीवा कलेक्टर व्यक्तिगत तौर पर हाजिर रहेंगे। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 4 जनवरी 2024 को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला मोह. शहीद अंसारी की ओर से हाईकोर्ट में दायर किया गया है। जिसमं कहा गया कि रीवा करहिया तालाब की भूमि शासकीय भूमि है। आरोप है कि जिसकी अवैध खरीद फरोख्त सुनील सिंह ने की है एवं अवैध नामांतरण कराया है। जिसके संबंध में पूर्व में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिस पर कलेक्टर रीवा ने जानकारी दी थी कि उन्होंने नये सिरे से करहिया तालाब की भूमि के संबंध में जांच शुरू कर दी है एवं जिस जांच को वे तीन माह के अंदर पूरा करेंगे।

आवेदक की ओर से बताया गया कि हाईकोर्ट के आदेश पर रीवा कलेक्टर ने जांच की कार्यवाही शुरु की। जिस पर अनावेदक सुनील सिंह ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन पेश किया। जो कि निरस्त हो गया। जिसके बाद अनावेदक ने राजस्व मंडल के समक्ष कलेक्टर के आदेश को चुनौती दी। राजस्व मंडल ने अनावदेक की याचिका स्वीकार करते हुए कलेक्टर द्वारा की जा रहीं जांच को रोक दिया। राजस्व मंडल के उक्त आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की गई है।

मामले में याचिकाकर्ता शहीद अंसारी की ओर से अधिवक्ता शीतला प्रसाद त्रिपाठी व सुशील त्रिपाठी ने पक्ष रखा। जिन्होंने न्यायालय को बताया कि कई अवसरों के बावजूद भी अब तक मामले में जवाब पेश नहीं किया गया है। इतना ही नहीं दलील दी गई कि हाईकोर्ट के आदेश पर चल रहीं जांच को रोकने का अधिकार राजस्व मंडल को नहीं है। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने चार सप्ताह में जवाब न आने पर कलेक्टर रीवा को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने के निर्देश दिये है।






# 11 केवी का तार टूटकर डेढ़ साल के बच्चे पर गिरा, बचाने में मां भी झुलसी

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिले के उत्तमपुर ग्राम में मां-बेटे हाईटेंशन करेंट की चपेट में आ गए, जिससे दोनों झुलस गए। दोनों कों जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला स्लिमानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तमपुर का बताया गया। शुक्रवार जहां दोपहर घर के बाहर खेल रहे डेढ़ वर्षीय शिवांश पर अचानक 11 केवी की हाईवोल्टेज की तार टूटकर गिर पड़ा। बच्चे की तेज आवाज सुनकर नहा रही मां दौड़कर बचाने पहुंची, लेकिन शरीर गीला होने के चलते वो भी करंट की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई वो तो गनीमत रही कि घर में अन्य लोगो मौजूद थे, जो जिन्होंने तत्काल लकड़ी को मदद से तार दूर कर उन्हें इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल ले आए। जहां दोनों को प्राथमिक उपचार देते हुए उन्हें भर्ती करा लिया है। घायल मां-बेटे के साथ पहुंची बड़ी मां पिंकी चौधरी ने बताया कि डेढ़ माह का शिवांश खेल रहा था तभी खंभे की तार गिर पड़ा। जिसमें मां वंदना चौधरी और बेटा शिवांश चौधरी करंट की चपेट में आ गए। इसमें बेटे के हाथ तो मां के सिर और शरीर अन्य अंगों में चोट आई है जिसके इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए है।




सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 82

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 100

छोटा ब्रॉयलर - रु. 110

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 114

मुर्गा मीडियम - रु. 104

मुर्गा बड़ा - रु. 86

मुर्गा जम्बो - रु. 74

मो.-9039925000, 9425800409







अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से

मोतियाबिंद ऑपरेशन

मध्य भारत का सबसे आधुनिक

नया युग

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर